सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 13 सितम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 248, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 356 अंकों की उछाल

अमेरिकी फेडरल रिजर्व की तरफ से ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों के बीच सेंसेक्स 356 अंक उछलकर 81,904 .70 अंक पर बंद हुआ। } 14

## 2047 तक भारत को शीर्ष पांच खेल देशों में लाने की योजना

खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने खेल संस्कृति के विकास की प्रक्रिया को सिलसिलेवार और सतत बनाने पर जोर देते हुए कहा कि भारत को 2047 तक शीर्ष पांच खेल महाशक्तियों में शामिल करने की योजना बनायी है। } 15



## उड़ान भरने के बाद स्पाइसजेट विमान का पहिया नीचे गिरा

एजेंसी





मुंबई। कांडला हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद स्पाइसजेट के एक विमान का पहिया टूटकर नीचे गिर गया और विमान को मुंबई हवाई अड्डे पर आपातकालीन स्थिति में उतारना पड़ा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। एयरलाइन ने एक बयान में कहा, 12 सितंबर को कांडला से मुंबई के लिए उड़ान भरने वाले स्पाइसजेट के क्यू400 विमान का एक बाहरी पहिया उड़ान भरने के बाद रनवे पर पाया गया। विमान ने मुंबई की अपनी यात्रा जारी रखी और सुरक्षित रूप से वहां उतर गया। एयरलाइन ने कहा कि सफलतापूर्वक उतरने के बाद विमान अपनी शक्ति से टर्मिनल तक पहुंचा व सभी यात्री सामान्य रूप से उतर गए। सूत्रों ने बताया कि विमान को मुंबई हवाई अड्डे पर आपातकालीन स्थिति में उतारना पड़ा। एक क्यू400 विमान में छह टायर होते हैं। अभी इस बात की जानकारी नहीं मिल पायी है कि विमान में कितने लोग सवार थे।


## सीपी राधाकृष्णन ने 15वें उपराष्ट्रपति के तौर पर ली शपथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। बाद में उन्होंने राज्यसभा के सभापति के रूप में पदभार ग्रहण किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार सुबह राष्ट्रपति भवन में एक संक्षिप्त समारोह में 67 वर्षीय राधाकृष्णन को शपथ दिलाई। लाल कुर्ता और सफेद रंग की धोती पहने राधाकृष्णन ने ईश्वर के नाम पर अंग्रेजी में शपथ ली। समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कई केंद्रीय मंत्री शामिल हुए।

राष्ट्रपति मुर्मू ने शपथ लेने के बाद राधाकृष्णन को बधाई दी। राधाकृष्णन ने मंगलवार को हुए उपराष्ट्रपति चुनाव में संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के अंतर से हराकर जीत हासिल की थी। जगदीप धनखड़ के 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों से अचानक उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के कारण यह चुनाव आवश्यक हो गया था। धनखड़ भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद वह पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आए। वह अगली पंक्ति में अपने पूर्ववर्ती वेंकैया नायडू के बगल में बैठे थे और उनसे बातचीत करते देखे गए। पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी भी नायडू के बगल में बैठे थे। धनखड़ की पत्नी सुदेश धनखड़ भी इस अवसर पर मौजूद थीं। प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जे पी नड्डा पहली पंक्ति में बैठे थे। शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू भी उपस्थित थे। भारत के प्रधान न्यायाधीश बी. आर. गवई भी समारोह में उपस्थित थे और बिरला के बगल में बैठे थे। वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और कुछ अन्य विपक्षी नेता समारोह में शामिल हुए और राधाकृष्णन से हाथ मिलाया। खरगे दूसरी पंक्ति में बैठे थे। धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। संविधान के अनुसार, मृत्यु या इस्तीफे के कारण उत्पन्न रिक्ति को भरने के लिए निर्वाचित नए उपराष्ट्रपति को पूरे पांच साल का कार्यकाल मिलेगा। राधाकृष्णन 11 सितंबर 2030 ...शेष पृष्ठ 14 पर





## धर्मस्थलों की पुनर्प्रतिष्ठा सनातन का संकल्प

### हर सनातनी का हो यही प्रण, धार्मिक प्रतीकों के साथ ही राष्ट्रीय प्रतीकों का भी हो सम्मान : योगी



विशेष/जिला संवाददाता

लखनऊ/अयोध्या। श्री अयोध्या धाम में पूज्य स्वामी हयार्चार्य जी महाराज की 17वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शामिल होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि उन्हें अयोध्या की पावन धरा को नमन करने का सौभाग्य मिल रहा है। अभी हाल ही में मॉरिशस के प्रधानमंत्री अयोध्या आए थे और उन्होंने पूछा कि कितने वर्ष बाद राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। मैंने उन्हें बताया कि 500 वर्ष बाद। 500 वर्षों तक संतों और भक्तों ने संघर्ष किया और आज वह सपना साकार हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन धर्म का सार यही है कि जिसने उपकार किया उसके प्रति आभार प्रकट करना।

मुख्यमंत्री ने अयोध्या आंदोलन में संतों के योगदान को याद करते हुए कहा कि जिन्होंने अपने जीवन, स्वास्थ्य और सुख की परवाह किए बिना सिर्फ एक ध्येय बनाया, रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे, उन्हीं संतों की साधना और तप का परिणाम है कि आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनकर तैयार ...शेष पृष्ठ 14 पर

### सहकारिता में शोध व अध्ययन को मिलेगा बढ़ावा : मुख्यमंत्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में सहकारिता के क्षेत्र में अध्ययन, अध्यापन और शोध को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सहकारी महाविद्यालय की स्थापना की तैयारी के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल की उपस्थिति में सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक में इस विषय पर चर्चा हुई। केंद्रीय राज्य मंत्री ने इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में एम-पैक्स सदस्यता महाभियान पर भी विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' मंत्र को आत्मसात करते हुए 12 सितम्बर से 12 अक्टूबर तक आयोजित अभियान के माध्यम से हर किसान और हर ग्रामीण परिवार को सहकारिता से जोड़ना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में आयोजित प्रथम सदस्यता महाअभियान में 30 लाख से अधिक नए सदस्य जुड़े थे, जिनमें 17.33 लाख किसान, 3.92 लाख अकुशल श्रमिक, 1.56 लाख कुशल श्रमिक, 2.20 लाख पशुपालक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## नेपाल की पहली महिला अंतरिम प्रधानमंत्री बनीं सुशीला कार्की

### जेन-जेड समूह के सभी गुटों ने दिया समर्थन, आपातकाल घोषित

एजेंसी



काठमांडू। नेपाल की पूर्व प्रधान न्यायाधीश सुशीला कार्की देश में अंतरिम सरकार का नेतृत्व करेंगी। नेपाल के राष्ट्रपति कार्यालय ने शुक्रवार को यह घोषणा की। इसके साथ ही नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता समाप्त हो सकती है क्योंकि कथित भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर प्रतिबंधों के खिलाफ युवाओं के हिंसक प्रदर्शन के चलते मंगलवार को के पी शर्मा ओली को अचानक प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। नेपाल की पहली महिला प्रधान न्यायाधीश के रूप में अपने कार्यकाल के लिए व्यापक रूप से सम्मानित 73 वर्षीय कार्की नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री बनकर इतिहास रचने वाली हैं। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, नेपाल के शीर्ष सैन्य अधिकारियों और जेन जेड के प्रतिनिधियों के बीच हुई बैठक के बाद कार्की को अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के लिए चुना गया। राष्ट्रपति की प्रेस सलाहकार किरण पोखरेल ने बताया कि अंतरिम प्रधानमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह रात नौ बजे होगा। रविवार से बड़े पैमाने पर जारी विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर कार्की के समक्ष नेपाल में कानून-व्यवस्था बहाल करने की चुनौती है। राष्ट्रपति की प्रेस सलाहकार ने कहा कि सभी पक्षों के बीच आम सहमति के बाद सुशीला कार्की को ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मॉरीशस के पीएम ने परिवार समेत किये श्रीरामलला के दर्शन

विशेष/जिला संवाददाता



लखनऊ/अयोध्या। प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में शुक्रवार को मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चंद्र रामगुलाम ने अपनी पत्नी वीना रामगुलाम और करीब 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ पहुंचे। प्रधानमंत्री रामगुलाम ने सबसे पहले भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर में पत्नी के साथ विधि-विधान से दर्शन-पूजन कर लोककल्याण की कामना की। वह भूटान के प्रधानमंत्री के बाद दूसरे राष्ट्राध्यक्ष बने, जिन्होंने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन-पूजन किए। दोपहर करीब 12 बजे महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री अपनी पत्नी वीना रामगुलाम और 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ पहुंचे। एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं मौजूद रहे और उन्होंने प्रधानमंत्री का औपचारिक स्वागत किया। योगी ने फूलों का गुलदस्ता और स्मृति चिह्न भेंट कर अतिथि देवो भवः की परंपरा निभाई। एयरपोर्ट परिसर में रेड कार्पेट बिछाकर, मंत्रोच्चारण और पारंपरिक कलश-आरती से प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया गया। इस दौरान ढोल-नगाड़ों और शंखनाद की गूंज ने वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया। एयरपोर्ट से निकलने के बाद प्रधानमंत्री का काफिला भारी सुरक्षा घेरे के बीच सीधे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचा। वहां उन्होंने पत्नी के साथ रामलला की आरती उतारी और लंबे समय तक प्रभु का दर्शन करते रहे। शीश नवाकर भगवान राम से दोनों देशों के रिश्तों की मजबूती का आशीर्वाद मांगा। करीब आधा घंटे तक परिसर में रहकर उन्होंने मंदिर निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान कई बार उनके मुख से जय श्रीराम के उद्घोष गूंजे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री का यह दौरा भारत और मॉरीशस के बीच सांस्कृतिक एकता का जीवंत प्रतीक है। वहीं, प्रधानमंत्री डॉ. रामगुलाम ने भी अयोध्या की पवित्र धरती पर आने पर अपनी गहरी प्रसन्नता व्यक्त की और भगवान राम के प्रति आस्था प्रकट की। राम मंदिर परिसर में प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चंद्र रामगुलाम और उनके प्रतिनिधिमंडल के लिए टाटा कंपनी की ओर से मंदिर निर्माण से जुड़ी एक विशेष लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। करीब दो मिनट की इस प्रस्तुति में मंदिर की भव्यता, शिल्पकला और निर्माण की अद्भुत झलक दिखाई गई। फिल्म की जानकारी और विवरण सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह ने विस्तार से प्रस्तुत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं प्रधानमंत्री को राम मंदिर का मॉडल भेंट कर सम्मानित किया। वहीं, प्रधानमंत्री की पत्नी वीना रामगुलाम को अंगवस्त्र ...शेष पृष्ठ 14 पर

## एक भारतीय समेत अब तक 51 की मौत



एजेंसी

काठमांडू। नेपाल में भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिबंध के खिलाफ हाल में हुए जेन जेड प्रदर्शन में एक भारतीय नागरिक सहित कम से कम 51 लोगों की मौत हुई है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

काठमांडू पोस्ट अखबार ने नेपाल पुलिस के सह-प्रवक्ता वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रमेश थापा के हवाले से कहा कि मृतकों में एक भारतीय नागरिक, तीन पुलिसकर्मी और अन्य नेपाली नागरिक शामिल हैं। खबर में कहा गया कि कम से ...शेष पृष्ठ 14 पर

## दिशा पटानी के घर कई राउंड फायरिंग

बरेली। अभिनेत्री दिशा पाटनी के बरेली स्थित घर पर दो राउंड फायर कर बाइक सवार दो आरोपी भाग निकले। मामले में रोहित गोदारा गोल्डी बरार के ट्वीट से सनसनी फैली है जिसमें उसने फायरिंग की जिम्मेदारी ली है। घटना के दौरान दिशा पाटनी के रिटायर्ड सीओ पिता व रिटायर मेजर बहन समेत तीन लोग घर के अंदर सो रहे थे। एसएसपी ने इस मामले में एसपी सिटी के नेतृत्व में पांच टीम गठित की हैं। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि शुक्रवार तड़के चार बजे पुलिस लाइन परिसर से सटे इलाके में रहने वाले रिटायर्ड सीओ जगदीश चंद्र पाटनी की ओर से पुलिस को सूचना मिली कि उनके दरवाजे पर फायर करके कुछ लोग भागे हैं। पुलिस पहुंची तो देखा कि घर की दीवार में फायर लगा है।

**विशेष खबर** — उप्र के शिवम श्रीवास्तव, जुनेद अंसारी, भव्य बघेल, अभिनव वर्मा, सुजाता सिंह ने अगले दौर में किया प्रवेश

## योनेक्स-सनराईज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया बैडमिंटन टूर्नामेंट की शुरुआत

विशेष संवाददाता







फोटो : अमित वर्मा

लखनऊ। योनेक्स-सनराईज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट लखनऊ में शुक्रवार को क्वालीफाइंग दौर की प्रतियोगिताएं शुरू हुई। यह प्रतियोगिता का क्वालीफाइंग राउंड एवं मुख्य ड्रॉ शुक्रवार से 19 सितम्बर तक सम्पन्न की जायेंगी।

यह प्रतियोगिता गोमती नगर स्थित बीबीडी बैडमिंटन अकादमी में, मिनी स्पोर्टस स्टेडियम-विनयखण्ड, गोमती नगर व मिनी स्टेडियम-विजयंतखण्ड, गोमती नगर में 12 बैडमिंटन कोर्ट पार आयोजित की जा रही है। उत्तर प्रदेश के अवैतनिक सचिव सुधर्मा सिंह ने बताया कि लगभग 1400 प्रतिभागी प्रतियोगिता मे प्रतिभाग कर रहे हैं। क्वालीफाइंग राउण्ड शुक्रवार से शुरू हो गया है जो 15 सितम्बर तक चलेगा। 16 सितम्बर से 19 सितम्बर तक मुख्य ड्रॉ की प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। क्वालीफाइंग राउण्ड के लिए भारत के 27 राज्यों से महिला-पुरुष खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। क्वालीफाइंग राउण्ड में पुरुष एकल में 764 प्रविष्टि, महिला एकल में 221 प्रविष्टि, मिश्रित युगल में 173 प्रविष्टि, पुरुष युगल में 228 प्रविष्टि, महिला युगल में 94 प्रविष्टि महिला-पुरुष है। विभिन्न प्रदेशों के खिलाड़ी की प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं। इस क्वालीफाइंग राउंड से मेन ड्रॉ में पुरुष एकल में 32, महिला एकल में 32, मिश्रित युगल में 16, पुरुष युगल में 16 व महिला युगल में 16, विजेता खिलाड़ी मुख्य ड्रॉ के लिए शामिल किये जायेंगे। 16 सितम्बर से मुख्य ड्रॉ में कुल पुरुष एकल में 64, महिला एकल में 64, मिश्रित युगल में 32, पुरुष युगल में 32, महिला युगल में 32 प्रविष्टियों पर महिला एवं पुरुष प्रतिभागी शिरकत करेंगे।

## हरिद्वार कुंभ को दिव्य व भव्य बनाने में जुटी धामी सरकार

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। हरिद्वार कुंभ मेला - 2027 को दिव्य और भव्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह के निर्देश पर विस्तृत मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। इसके तहत सेक्टर वाईज विभाजन, मुख्य मार्ग, सम्पर्क मार्ग, पार्किंग्स, विभिन्न अखाडो के कैम्प आदि शामिल हैं। मुख्यमंत्री धामी ने तैयारियों के क्रम में प्रारम्भिक तौर पर एक अरब 13 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री धामी ने कुंभ मेला के सफल आयोजन के लिए प्रधानमंत्री मोदी से भी अतिरिक्त वित्तीय सहायता का अनुरोध किया है। हरिद्वार कुंभ मेला के लिए नए घाटों का निर्माण व पुराने घाटों का विस्तारीकरण, महिला -सुविधाएं यथा चेंजिंग रूम, पिंक टॉयलेट शामिल हैं। मेला क्षेत्र के विस्तार के साथ मास्टर प्लान के साथ टेंट व्यवस्था व यात्री मूवमेंट प्रमुख हैं। मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न नवीन निर्माण कार्यों के लिए ...शेष पृष्ठ 14 पर

# यूपी अग्निशमन विभाग को मिला एफएसएआई का सर्वोच्च सम्मान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नई दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि कन्वेंशन हॉल में एफएसएआई द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में महाकुंभ-2025 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले उत्तर प्रदेश अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग को ₹ब्रेवरी एवं

- **महाकुंभ-2025 में उत्कृष्ट कार्यों की गूंज देश से विदेश तक पहुंची**
- **एफएसएआई ने एडीजी पद्मजा चौहान के नेतृत्व में कार्यरत टीम को ब्रेवरी एवं सुपर हीरो ऑफ फायर सर्विसेज अवार्ड से नवाजा**
- **नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान मिला सर्वोच्च पुरस्कारगया**

सुपर हीरो ऑफ फायर सर्विसेज अवार्ड₹ से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार विभाग की एडीजी पद्मजा चौहान आईपीएस के नेतृत्व में टीम को प्रदान किया गया।

महाकुंभ-2025 की सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुरूआत से ही सुरक्षित महाकुंभ का संकल्प लिया था। उनकी दूरदृष्टि और निरंतर निगरानी के चलते न सिर्फ फायर एवं इमरजेंसी सर्विसेज को अत्याधुनिक तकनीक और उपकरण उपलब्ध कराए गए, बल्कि बड़े स्तर पर संसाधनों और जनशक्ति की भी तैनाती की गई। यही कारण रहा कि इतने विशाल आयोजन में आगजनी की किसी भी घटना से जनहानि नहीं हुई और महाकुंभ का समापन सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक हुआ।

**शून्य जनहानि का लक्ष्य हासिल :** एडीजी पद्मजा चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में विभाग ने गंभीर से गंभीर अग्निकांड पर भी त्वरित काबू पाया और पूरे 45 दिन के आयोजन में शून्य जनहानि का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया। इस दौरान 185 अग्निकांड और 24 बड़ी आग की घटनाओं पर काबू पाते हुए लगभग 16.5 करोड़ रुपये की संपत्ति को सुरक्षित बचाया गया।

**टीम के अधिकारी भी हुए सम्मानित :** सम्मान पाने वालों में प्रमुख रूप से प्रमोद शर्मा (नोडल ऑफिसर महाकुंभ मेला), अंकुश मित्तल (सीएफओ), रमेश तिवारी (सीएफओ), संजीव कुमार (फायर ऑफिसर) और अमित कुमार (सेकंड फायर ऑफिसर) शामिल रहे। प्रमोद शर्मा ने बताया कि फायर डिपार्टमेंट ने आयोजन से पहले जो युद्धस्तर की तैयारियां की थीं, ये उसी का नतीजा है कि आयोजन के दौरान हमारी टीम ने दिन रात अग्निजनित घटनाओं का पूरी बहादुरी से सामना किया और शून्य जनहानि का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया

**अत्याधुनिक उपकरणों और तैनाती का असर :** उन्होंने बताया कि महाकुंभ-2025 में 25 सेक्टरों में 54 फायर स्टेशन और 27 चौकियां स्थापित की गईं। 1500 प्रशिक्षित अग्निशमन कर्मियों की तैनाती की गई। 351 फायर टेंडर और आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। आर्टिकुलेटिंग वाटर टावर, क्विक रिस्पॉन्स व्हीकल, अळश, फायर मिस्ट बाइक, रोबोट और फायर फाइटिंग बोट जैसी तकनीक का उपयोग किया गया। इन व्यवस्थाओं की वजह से बिना जनहानि के सभी घटनाओं को नियंत्रित किया जा सका।

**गोवा सीएम ने भी किया था सम्मानित :** महाकुंभ से पूर्व, गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने भी एडीजी पद्मजा चौहान और नोडल अधिकारी प्रमोद शर्मा को सम्मानित किया था तथा यूपी फायर सर्विसेज की तैयारियों की सराहना की थी।

**सुरक्षित महाकुंभ का संकल्प हुआ साकार :** महाकुंभ-2025 में 66.5 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आगमन के बावजूद यूपी अग्निशमन विभाग ने योगी सरकार के सुरक्षित महाकुंभ के संकल्प को साकार किया। इस उपलब्धि की गूंज पूरे देश-विदेश तक पहुंच रही है।

# हिंदी दिवस पर हिंदी मेरा अभिमान का आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** शिक्षा संकाय, बीबीडी विश्वविद्यालय, लखनऊ में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी मेरा अभिमान शीर्षक के अंतर्गत स्वरचित कविता प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति गर्व और सम्मान की भावना का संचार करना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। यह कार्यक्रम बीबीडी विश्वविद्यालय की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास और वाइस प्रेसिडेंट सुश्री सोनाक्षी दास के आशीर्वाद और प्रेरणा से हुआ। बीबीडी विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. एस. के. श्रीवास्तव एवं प्रो वाइस चांसलर प्रो. एस. सी. शर्मा के मार्गदर्शन और सम्बोधन ने इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर आमंत्रित अतिथि वक्ता प्रो. बृजेश श्रीवास्तव, हिंदी संकाय, विद्यांत पी.जी. कॉलेज, लखनऊ एवं प्रो. प्रणव कुमार मिश्रा, हिंदी संकाय, बी.एन.एन.वी. पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, लखनऊ ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में हिंदी भाषा की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी हमारी पहचान और राष्ट्रीय एकता की सशक्त कड़ी है। उन्होंने हिंदी साहित्य और आधुनिक समय में उसकी प्रासंगिकता पर जोर देते हुए विद्यार्थियों से आवाहन किया कि वे हिंदी लेखन और पठन-पाठन की परंपरा को आगे बढ़ाएँ और इसे वैश्विक स्तर पर गौरवान्वित करें।

तत्पश्चात विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी स्वरचित कविताओं के माध्यम से हिंदी भाषा की महिमा, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत भावनाओं को अभिव्यक्त किया। प्रतियोगिता में अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी उत्कृष्ट काव्य रचनाओं से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों की रचनात्मकता, प्रस्तुति एवं भावाभिव्यक्ति के आधार पर विजेताओं का चयन किया, जिसमें निशांत पांडेय ने प्रथम, शाम्भवी सिंह ने द्वितीय एवं प्राची सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी श्रंखला में बी.एड. के पूर्व छात्र प्रसून गुप्ता, लेखक एवं गीतकार ने हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में बीबीडी रेडियो एफ.एम. 98.0 पर इंटरव्यू में अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम का आयोजन विभागाध्यक्ष प्रो. कनक द्विवेदी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम समन्वयक नेहा शुक्ला, सहायक आचार्य, शिक्षा संकाय के समस्त शिक्षकों तथा छात्रों द्वारा किया गया। अंत में विभागाध्यक्ष ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। यह आयोजन सभी प्रतिभागियों एवं दर्शकों के लिए एक प्रेरणादायी अनुभव रहा, जिसने हिंदी भाषा की प्रासंगिकता और महत्व को पुनः स्मरण कराया।

# लखनऊ और कानपुर में बनेगी हाईटेक एआई सिटी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अगले 22 वर्षों में देश और दुनिया के लिए एक टेक्नोलॉजी पॉवरहाउस के रूप में उभरने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विजन विकसित यूपी @2047 प्रदेश को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई),

- **टेक्नोलॉजी के सहारे आकार लेगा नया यूपी, एआई व डीप टेक सेक्टर बनेगा भविष्य की रीढ़**
- **ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के लिए एनसीआर, लखनऊ और नोएडा शीर्ष गंतव्य**



डीप टेक्नोलॉजी और डिजिटल इनोवेशन का वैश्विक केंद्र बनाने का है। उनका मानना है कि तकनीक के सहारे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाकर न सिर्फ युवाओं को रोजगार मिलेगा बल्कि यूपी भारत के डिजिटल भविष्य की धुरी बनेगा। योगी सरकार का स्पष्ट मत है कि यूपी का नया अवतार तकनीक और नवाचार से ही बनेगा। साथ ही प्रदेश को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने का भी माध्यम बनेगा।

मुख्यमंत्री योगी ने 2030 तक यूपी को टेक्नोलॉजी हब बनाने का रोडमैप तैयार किया है। इसमें कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य शामिल हैं। लखनऊ और कानपुर में बनने वाली एआई सिटी प्रदेश को वैश्विक रिसर्च और इनोवेशन का हब बनाएगी। एनसीआर, लखनऊ और नोएडा को ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के लिए देश के शीर्ष गंतव्य के रूप में विकसित किया जाएगा। साथ ही, हर मंडल में इनोवेशन इनक्यूबेटर स्थापित होंगे, जिससे जमीनी स्तर के युवाओं को अपने इनोवेशन को आगे ले जाने का मौका मिलेगा। इसके अलावा, यूपी सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में देश का अग्रणी केंद्र बनने की दिशा में काम कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी का विजन है कि 2047 तक उत्तर प्रदेश डीप टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर पहचान बनाए। इसमें एआई, क्वांटम कम्प्यूटिंग, ब्लॉकचेन, एडवांस्ड रोबोटिक्स, बायोटेक्नोलॉजी और जीन एडिटिंग, नैनोटेक्नोलॉजी, स्पेस टेक्नोलॉजी और ग्रीन टेक जैसी तकनीकें शामिल हैं। सरकार का मानना है कि इन सेक्टरों में महारथ हासिल करने से न केवल प्रदेश को रोजगार और निवेश मिलेगा, बल्कि यूपी भारत की डिजिटल क्रांति की धुरी बनेगा।योगी सरकार ने अपने विजन को तीन रणनीतिक स्तंभों पर आधारित किया है। इनमें एआई सिटी, ग्रीन आईटी और सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी तथा स्पेस टेक्नोलॉजी शामिल है। इन स्तंभों को मजबूती देने के लिए प्रदेश का फोकस एआई और डीप टेक इनोवेशन, टियर-2 और टियर-3 शहरों में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और साइबर सिक्योरिटी एवं डेटा प्रोटेक्शन हब बनाने पर होगा। साथ ही, योगी सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक सॉफ्टवेयर एक्सपोर्ट में पांच गुना वृद्धि हासिल की जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि एआई, डीप टेक्नोलॉजी और उभरते सेक्टर ही 6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य तक पहुंचने की सबसे बड़ी ताकत बनेंगे। विकसित यूपी के तहत लखनऊ और कानपुर में बनने वाली एआई सिटी, सेमीकंडक्टर और ईवी मैन्युफैक्चरिंग हब, ग्लोबल डेटा सेंटर, इनोवेशन इनक्यूबेटर और साइबर सिक्योरिटी हब जैसे कदम प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, ब्लॉकचेन और ग्रीन टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में निवेश और रोजगार के बड़े अवसर पैदा होंगे, जिससे न सिर्फ युवाओं को ग्लोबल स्किल्स और रोजगार मिलेगा, बल्कि प्रदेश की जीडीपी को लगातार 16 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर पर बनाए रखने की मजबूती भी मिलेगी। यही विजन 2047 तक यूपी को 6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की आधारशिला है।

# कल्कि धाम में होंगी सुविधाएं विकसित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार सम्भल जिले में धार्मिक पर्यटन को नई दिशा देने की महत्वाकांक्षी योजना पर तेजी से काम कर रहा है। जिले के प्राचीन तीर्थ स्थलों और ऐतिहासिक कूपों के पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए 05 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की

- **5 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत**

गई है। मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों के विकास योजना के तहत प्राचीन धार्मिक स्थलों के आसपास सुधार, सौंदर्यीकरण और पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित की जा रही है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विभागीय प्रयासों से सम्भल के धार्मिक स्थलों की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई मिलेगी।

उन्होंने बताया कि पौराणिक मान्यता है कि भगवान विष्णु का 10वे अवतार कल्कि रूप में संभल में होगा। कल्कि पुराण में विस्तार से भगवान विष्णु के कल्कि अवतार और संभल के बारे में बताया गया है। धार्मिक मान्यता ये भी है कि कल्कि अवतार के बाद कलयुग का अंत हो



जाएगा।जयवीर सिंह ने बताया कि परियोजना के तहत प्राचीन स्थलों पर पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाएं, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, शौचालय, पेयजल व मार्गदर्शन केंद्र जैसी व्यवस्था विकसित की जाएंगी। सम्भल के ऐंचोड़ा कंबोह स्थित श्री कल्कि धाम मंदिर का निर्माण हो रहा है। श्री कल्कि धाम मंदिर के निर्माण से देश-दुनिया के श्रद्धालुओं का ध्यान संभल की ओर आकर्षित हुआ है। इस मंदिर की सबसे बड़ी खूबी यह है कि मंदिर का निर्माण उसी गुलाबी पत्थर से किया जा रहा है, जो अयोध्या के राम मंदिर और सोमनाथ मंदिर में इस्तेमाल हुआ है। कल्कि धाम को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष आकर्षण है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि क्षेत्रफल की दृष्टि से संभल छोटा जिला है। मगर, पर्यटन आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वर्ष 2024 में जनपद में जहां 43,58,329 पर्यटक आए, वहीं 2025 के शुरूआती महीने जनवरी से मार्च तक यहां तकरीबन 13,05,970 पर्यटक पहुंचे। पर्यटन विभाग को वर्षांत तक पर्यटकों का आंकड़ा 45 से 50 लाख के बीच रहने का अनुमान है। पर्यटन दृष्टि से सम्भल प्रमुख स्थल के रूप में उभर रहा है। यहां मनोकामना मंदिर, माता कैला देवी मंदिर, ऐतिहासिक घंटाघर, पृथ्वीराज चौहान द्वारा निर्मित तोता-मैना की कब्र सहित कई दर्शनीय स्थल मौजूद हैं। धार्मिक आस्था और पर्यटन के संगम से सम्भल जिले की पहचान और मजबूत हुई है।

# डॉ. रामाशीष राय को किया सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रालोद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने पंजाब बाढ़ आपदा राहत कार्य के लिए प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल को विशेष जिम्मेदारी सौंपी है। इस अवसर पर

- **रालोद व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल को पंजाब बाढ़ आपदा राहत कार्य के लिए मिली जिम्मेदारी**




समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राय को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया और उनके इस निर्णय का स्वागत किया।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि पंजाब में आई भयंकर बाढ़ ने लाखों परिवारों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। ऐसे समय में रालोद ने हमेशा की तरह पीड़ित मानवता की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। पार्टी का यह निर्णय न केवल राहत कार्यों को गति देगा, बल्कि बाढ़ पीड़ितों के लिए सहारा सिद्ध होगा। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राय ने कहा कि चौधरी चरण सिंह की विचारधारा हमेशा किसानों, मजदूरों और पीड़ित जनमानस के साथ खड़े रहने की रही है। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आज रालोद परिवार पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए हर संभव प्रयास करेगा। समिति के सभी पदाधिकारियों ने भी संकल्प लिया कि राहत सामग्री, धन और अन्य आवश्यक वस्तुएं एकत्रित कर शीघ्र ही पंजाब भेजी जायेंगी। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने कहा कि रालोद कार्यकर्ता सेवा और समर्पण की भावना से कार्य कर रहे हैं। रोहित अग्रवाल को मिली जिम्मेदारी से राहत कार्य और सुदृढ़ होंगे तथा संगठन की शक्ति और एकजुटता का संदेश समाज में जाएगा। रालोद परिवार पंजाब बाढ़ पीड़ित भाइयों-बहनों के साथ है और उन्हें अकेला नहीं छोड़ेगा।

# चुनाव आयोग की जिम्मेदारी कहीं वोट चोरी न हो : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में पत्रकारों से वार्ता करते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यह चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि कहीं वोट चोरी न हो। पारदर्शिता से मतदान हो। पूरा देश जानता है कि उत्तर प्रदेश में

- **सपा अध्यक्ष ने पत्रकारवार्ता कर भाजपा सरकार की नीतियों और चुनाव आयोग पर उठाया सवाल**



वोटरों को मतदान से रोका गया। अपनी जाति के चुनाव अधिकारी रखे गए। कुंदरकी और रामपुर के उपचुनावों में हुई शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। कुंदरकी चुनाव में डीएम, एसपी को क्या निर्देश नहीं थे कि गनप्वाईट पर वोट डलवाएं। अयोध्या में उपचुनाव में 5 हजार लोग बाहर से लाए गए थे। यह वोटों की डकैती है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को भाजपा का जुगाड़ू आयोग नहीं बनना चाहिए। सुप्रीमकोर्ट के आदेश को चुनाव आयोग को पालन करना पड़ेगा। सही मतदाता सूची बने और निष्पक्ष वोटिंग हो, कोई मतदाता मतदान से वंचित न रहे। वोट की चोरी, डकैती न हो, निर्वाचन आयोग इसे सुनिश्चित करे अन्यथा हो सकता है कि जनता यहां भी सड़कों पर दिखाई दे।

उन्होंने कहा कि भाजपा को महंगाई से लेना देना नहीं है। भाजपा मुनाफा अपनी जेब में रखती है। मुनाफे का बंटवारा किसानों में होना चाहिए। इन हालातों में तय है कि 2027 में भाजपा की सरकार नहीं बनेगी, सपा की ही सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं चौपट है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में हिरासत में मौतों का रिकॉर्ड बन रहा है। गुजरात के बाद उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक हिरासत में मौतें हुई है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों में शांति होनी चाहिए यह भारत सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने देश में महिलाओं एवं बच्चियों की असुरक्षा के मामलों के साथ किडनैपिंग और डिजिटल अरेस्ट की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई।

## किसानों के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस होगा स्थापित

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया सभागार में आज बड़ी संख्या में आए सिखों का सम्मेलन जोशखरोश के साथ सम्पन्न हुआ। सभागार बोले सो निहाल, सतश्री अकाल और वाहे गुरू जी का खालसा, वाहे गुरू जी की फतेह के नारों से गूंजता रहा। सिख समाज ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर भरोसा जताते हुए आगामी विधानसभा चुनावों में सपा सरकार और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने को अपनी इज्जत का सवाल बताया। कार्यक्रम का आयोजन तेजिंदर सिंह विर्क रामपुर और सरदार कुलदीप सिंह भुल्लर पीलीभीत ने किया। इस अवसर पर अखिलेश यादव को सिमरनजीत लाडी ने सिखों की शान पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। सिख सम्मेलन में मुख्य अतिथि अखिलेश यादव ने सिख साहेबान का आभार जताते हुए कहा कि सिख बहादुर कौम है। उन्होंने अपने परिश्रम से जोखिम उठाकर दुनिया भर में अपनी पहचान बनाई है। भारत की मिट्टी के लिए उनके बलिदान कभी भुलाये नहीं जा सकेंगे। उन्होंने समाजवादी सरकार बनने पर किसान फंड बनाया जाएगा। किसान को परेशान नहीं होने देंगे। सपा सरकार में ऐसी व्यवस्था होगी जिसमें किसान सीधा बाजार से जुड़ जाएगा। इसके लिए सरकार के सहयोग से मंडिया स्थापित होगी। जिनका संचालन स्वयं किसान करेंगे। विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर बनेगा। किसानों के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित होगा। अखिलेश यादव ने शाल ओढ़ाकर तेजेन्द्र सिंह बिर्क, दलजीत सिंह, लवप्रीत सिंह, रमन कश्यप, साहब सिंह दुबदल तथा नानकमता कमेटी के निर्मल सिंह, गुरबाग सिंह आजाद, परविंदर सिंह तथा हरजिंदर सिंह को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो : तीन साल में बढ़ा आकार, बढ़ी पहचान

## प्रदेश की औद्योगिक, कृषि और सांस्कृतिक ताकत को दुनिया के सामने रखने का मंच बना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) ने महज तीन वर्षों में खुद को देश और दुनिया के व्यापार मानचित्र पर स्थापित कर लिया है। 2023 में हुए पहले आयोजन से लेकर 2025 के तीसरे संस्करण तक यह शो हर साल आकार, प्रभाव और भागीदारी के लिहाज से और भव्य होता जा रहा है। प्रदर्शकों, विज़िटर्स और विदेशी खरीदारों की लगातार बढ़ती संख्या इस बात का प्रमाण है कि यूपी अब निवेश, व्यापार और वैश्विक पहचान के नए केंद्र के रूप में उभर रहा है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर शुरू हुए यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का तीसरा संस्करण 25 से 29 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में होने जा रहा है। यह केवल प्रदर्शनी नहीं है, बल्कि यह उत्तर प्रदेश की औद्योगिक, कृषि और सांस्कृतिक

- **तीन साल में यूपीआईटीएस ने आंकड़ों और प्रभाव में खुद को दोगुना से ज्यादा किया मजबूत**
- **2023 से 2025 तक इस मेगा आयोजन में प्रदर्शकों और विज़िटर्स की संख्या में हुआ भारी इजाफा**
- **यूपीआईटीएस 2025 में 400 से बढ़कर 500 विदेशी खरीदारों की भागीदारी का रखा गया है लक्ष्य**
- **25 से 29 सितंबर के बीच होने वाले मेगा आयोजन के लिए क्यूआर कोड आधारित एप से होगा स्मार्ट रजिस्ट्रेशन**

ताकत को दुनिया के सामने रखने का मंच बन गया है। हर साल इसमें प्रदर्शकों, खरीदारों और विज़िटर्स की बढ़ती संख्या यह दर्शाती है कि राज्य का औद्योगिक परिदृश्य किस तरह विस्तार पा रहा है।

**2023 : प्रथम संस्करण से मिली नई दिशा :** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो की शुरूआत वर्ष 2023 में हुई। इसका उद्घाटन महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया था। यह आयोजन राज्य के उद्योग जगत के लिए एक ऐतिहासिक कदम साबित हुआ। इसमें करीब 70 हजार इ2इ विज़िटर्स पहुंचे, जिनमें उद्योग और कारोबार जगत के बड़े नाम शामिल थे। 2 लाख 37 हजार बी2सी विज़िटर्स ने घरेलू बाजार के प्रति गहरी दिलचस्पी दिखाई। वहीं, 1914 प्रदर्शक (एग्जिबिटर्स) ने अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन किया। 400 से अधिक विदेशी खरीदार (फॉरेन बायर्स) ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार के नए अवसरों को तलाशा। इस पहले ही आयोजन ने यूपी के उत्पादों को वैश्विक मंच पर




पहचान दिलाई और स्थानीय उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जोड़ने का अवसर दिया।

**2024 : दूसरे संस्करण में और भी भव्य आयोजन :** पहले संस्करण की सफलता ने 2024 के आयोजन को और बड़े पैमाने पर पेश करने की राह दिखाई। इस बार उद्घाटन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया। आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं कि यूपीआईटीएस का प्रभाव और दायरा लगातार बढ़ रहा है। इस दौरान, बी2बी विज़िटर्स की संख्या 1 लाख से अधिक रही, यानी लगभग दोगुनी बढ़त। वहीं, बी2सी विज़िटर्स की संख्या 3 लाख के पार पहुंच गई। 2122 प्रदर्शकों ने हिस्सा लिया, जो पिछले साल से बढ़ोतरी का स्पष्ट संकेत है। इसके अतिरिक्त, इस मेगा इवेंट में 350 से अधिक विदेशी खरीदार शामिल हुए, जिनकी मौजूदगी ने राज्य के कारोबार को और अधिक अंतरराष्ट्रीय अवसर दिए। दूसरे संस्करण ने यह साबित कर दिया कि यूपीआईटीएस अब केवल राष्ट्रीय नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार का प्रमुख मंच बन चुका है।

**2025 : तीसरे संस्करण से नई ऊंचाइयों की ओर :** अब 2025 का तीसरा संस्करण आयोजित होने जा रहा है और यह पिछले दोनों आयोजनों से कहीं ज्यादा भव्य और बड़ा होने वाला है। आयोजकों ने जिन लक्ष्यों को सामने रखा है, वे इसकी बढ़ती ताकत को स्पष्ट करते हैं। इस बार 5 लाख से अधिक कुल विज़िटर्स आने की उम्मीद है। इनमें 2.5 लाख बी2बी विज़िटर्स और 3 लाख बी2सी विज़िटर्स शामिल होंगे। प्रदर्शकों की संख्या बढ़कर 2500 से अधिक हो जाएगी। 500 से अधिक विदेशी खरीदार आने की संभावना है, जिनके लिए अलग से समर्पित मीटिंग हॉल बनाए गए हैं। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया अब क्यूआर कोड आधारित मोबाइल एप से होगी, जिससे पारदर्शिता और सुविधा सुनिश्चित होगी।

# सतीश महाना ने सीपीए कॉन्फ्रेंस में की सहभागिता




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने शुक्रवार को बेंगलुरु में आयोजित 11वीं कॉमनवेल्थ पार्लियामेंटरी एसोसिएशन (सीपीए) इंडिया रीजन कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन के प्लेनरी सेशन में सहभागिता की। सत्र में विधानसभा के सदनों में सार्थक संवाद और गहन चर्चा की महत्ता पर विचार-विमर्श हुआ, जो लोकतंत्र की मजबूती और जनआकांक्षाओं की पूर्ति का आधार है।

# हाउस टैक्स जमा होने के बाद बिल भेजने पर नपेंगे अफसर

## महापौर ने अफसरों को दी सख्त चेतावनी, कहा-लापरवाही बर्दाश्त नहीं, एक अप्रैल 2022 से ही करें टैक्स रिवाइज

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** महापौर सुषमा खर्कवाल ने अफसरों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि नगर निगम की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ बनाने के लिए कर एवं करेत्तर मदों की वसूली में किसी भी स्तर पर शिथिलता अस्वीकार्य है। उन्होंने अधिकारियों को साफ निर्देश दिए कि नगर निगम की आय बढ़ाने के लिए ठोस रणनीति बनाकर उसे समयबद्ध तरीके से लागू किया जाए। नगर निगम मुख्यालय में आयोजित बैठक में महापौर सुषमा खर्कवाल ने सबसे पहले गृहकर से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि कई भवन स्वामी भुगतान कर देने के बाद भी बार-बार बिल पुनरीक्षण की शिकायतें कर रहे हैं। इस पर महापौर ने गहरी नाराजगी जताई और कहा कि वर्ष 2022 पुनरीक्षण की अंतिम तिथि है। यदि इसके बाद किसी भी भवन का बिल पुनरीक्षित किया जाता है तो संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अब जी.आई.एस. सर्वे की कार्यवाही समाप्त हो चुकी है, अतः गृहकर की पुष्टि और पुनरीक्षण के लिए राजस्व निरीक्षक स्वयं स्थल पर जाकर सत्यापन करें।

महापौर ने कहा कि उनके सामने कई बार ऐसे प्रकरण आए हैं जिसमें यह देखने को मिला है कि लोगों की ओर से साल 2024-25 तक के टैक्स को जमा करा दिया गया है। इसके बावजूद उनका लंबा चौड़ा बिल आ रहा है यह पूरी तरह से गलत है। अब अगर ऐसा कोई भी प्रकरण सामने आएगा तो सीधा कार्रवाई की जाएगी।

### बड़े प्रतिष्ठानों से प्राथमिकता के आधार पर वसूली

■ महापौर ने यह स्पष्ट किया कि वसूली की प्राथमिकता बड़े प्रतिष्ठानों, होटलों, दुकानों, व्यावसायिक भवनों, स्टेडियमों और सरकारी भवनों पर होनी चाहिए। छोटे आवासीय भवनों को प्राथमिक लक्ष्य नहीं बनाया जाना चाहिए। इससे नगर निगम को कम समय में अधिक राजस्व प्राप्त होगा।

### नाम परिवर्तन प्रकरणों पर नाराजगी

■ बैठक में नाम परिवर्तन से जुड़े लंबित प्रकरणों की समीक्षा भी की गई। महापौर ने कहा कि नागरिकों को अनावश्यक रूप से परेशान करना ठीक नहीं है। किसी भी प्रकरण को लंबित न रखा जाए। इस पर जोनल अधिकारियों ने बताया कि केवल उन्हीं प्रकरणों को रोका गया है जिन पर आपत्ति प्राप्त हुई है, बाकी का निस्तारण जल्द कर दिया जाएगा।

### आय बढ़ाने के लिए लाइसेंस सर्वे

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि विभिन्न प्रकार के लाइसेंसों से आय बढ़ाई जाएगी। इसके अंतर्गत अस्पताल, क्लीनिक, देसी-विदेशी शराब की दुकानें, और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का सर्वे किया जाएगा और आवश्यकतानुसार नए लाइसेंस जारी किए जाएंगे।

### अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई पर भी असंतोष

बैठक के दौरान महापौर ने अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई पर भी असंतोष जताया। उन्होंने कहा कि कार्रवाई प्रभावी नहीं दिख रही है, क्योंकि हटाए जाने के बाद भी अतिक्रमण दोबारा लग जाते हैं। महापौर ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जब भी अतिक्रमण हटाया जाए, तो ऐसी कार्यवाही होनी चाहिए कि वहां दोबारा अतिक्रमण न लगे। उन्होंने जोनल अधिकारियों से कहा कि कार्रवाई के दौरान स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि नागरिकों को बार-बार समस्या का सामना न करना पड़े।

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक का ऐलान

■ बैठक के अंत में महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अब से प्रत्येक शनिवार को कर एवं करेत्तर मदों की वसूली पर समीक्षा बैठक होगी। इसमें जोन स्तर, कर अधीक्षक स्तर और राजस्व निरीक्षक स्तर पर की गई वसूली का आंकलन किया जाएगा। महापौर ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जो अधिकारी या कर्मचारी कमजोर प्रदर्शन करेंगे, वे दंड के पात्र होंगे, जबकि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### मेयर की सख्ती का दिखा असर
### समय पर पहुंचे अफसर व कर्मचारी

**लखनऊ।** महापौर सुषमा खर्कवाल के नगर निगम मुख्यालय में निरीक्षण के चलते शुक्रवार को सभी अफसर व कर्मचारी समय से कार्यालय पहुंचे। नगर आयुक्त गौरव कुमार खुद 9:30 बजे कार्यालय पहुंचे। उनके साथ ही अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, अरुण कुमार गुप्ता और मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह भी 10 बजे तक अपने कक्ष में मौजूद दिखे। गुरुवार को गैरहाजिर रहने वाले तीन पीसीएस अधिकारी भी शुक्रवार को समय से कार्यालय में बैठे नजर आए। हालांकि अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह अवकाश पर थीं और दूसरे अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव सरकारी प्रशिक्षण में शामिल होने गए थे। नगर निगम मुख्यालय का अधिकांश स्टाफ सुबह से ही मौजूद रहा। टैक्स विभाग, लेखा विभाग और जोनल कार्यालयों में भी कर्मचारी पूरी संख्या में उपस्थित रहे। महापौर के सख्त रुख के बाद कर्मचारियों और अधिकारियों में अनुशासन का माहौल नजर आया। कर्मचारियों की समय पर मौजूदगी से नागरिकों को राहत मिली और लंबे समय से लंबित कई कार्यों का निस्तारण भी शुरू हो गया। महापौर के निरीक्षण और उनकी नाराजगी का वीडियो गुरुवार और शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल होता रहा। जिसकी जोनल कार्यालयों में भी चर्चा रही। इससे जोनल कार्यालयों में भी अफसर व कर्मचारी समय पर पहुंचे, उन्हें डर है कि कहीं मेयर मैडम उनके कार्यालय में भी औचक निरीक्षण न करने पहुंच जाएं।

## गोसाईंगंज व सैरपुर में 09 अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान मोहनलालगंज, गोसाईंगंज व सैरपुर क्षेत्र में 75 बीघा से अधिक क्षेत्रफल में की जा रही 09 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि मोहनलालगंज में नगराम रोड के दहियर में मधुकर यादव, मो0 इरफान व अन्य द्वारा लगभग 40 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। इसी तरह कुलवंत यादव, दिनेश सिंह व अन्य की ओर से गोसाईंगंज के दहियार में लगभग 03 बीघा और ललित शुक्ला, संजय, विशाल यादव व अन्य की ओर से गोसाईंगंज के ग्राम-परेहटा में लगभग 02 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन पांचों अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करायी गयी। जिसमें डेवलपर्स द्वारा स्थल पर विकसित की गयी सड़क, नाली, बाउन्ड्रीवॉल आदि को ध्वस्त कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-4 की जोनल अधिकारी संगीता राघव ने बताया कि सैरपुर थानाक्षेत्र के ग्राम-धंतिगरा में सीपी सिंह उर्फ बब्लू, मंशाराम यादव, नीरू सिंह, हंसराज व अन्य की ओर से चार अलग-अलग स्थानों पर 30 बीघा से अधिक क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन चारों अवैध प्लाटिंग को अभियान चलाकर ध्वस्त कर दिया गया।

### अतिक्रमण और गंदगी पर जुर्माना

**लखनऊ।** शहर में लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण और यातायात अवरोधों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम ने अभियान चलाया। जोन-2 में जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी के नेतृत्व में चारबाग क्षेत्र में गंदगी, अतिक्रमण और प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान गंदगी और अतिक्रमण के मामलों में 8 चालान जारी कर ?21,500 का जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा प्रतिबंधित प्लास्टिक उपयोग करने पर चालान जारी करते हुए ?2,000 का जुर्माना लगाया गया। जोन-5 क्षेत्र में मवैया छत्ता से चारबाग मेट्रो स्टेशन होते हुए केकेसी तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान फुटपाथ और सड़कों पर किए गए अस्थायी अतिक्रमणों को हटाया गया। जोन-7 में स्मृति पार्क क्षेत्र में अभियान चलाया गया।

## गीता दर्शन को आत्मसात करना चाहिए : दिव्य मिताई दास

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** दीन दयाल उपाध्याय ग्राम्य विकास संस्थान में पांच दिवसीय केंद्रीय सचिवालय प्रशिक्षण प्रबंध संस्थान नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित सहायक अनुभाग अधिकारियों के लिए विलेज अटैचमेंट एवं प्रदेश के जनपद, विकास खण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तरीय सम्बन्धित अधिकारियों/कार्मिकों की कार्यशैली के अध्ययन विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 79 अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। यह अधिकारी भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में नवनियुक्त हैं। वहीं, 8 से 12 सितंबर की अवधि में, जनपद स्तरीय सम्बन्धित अधिकारियों के लिए अग्नि आपदा प्रबंधन विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन और 11 से13 सितंबर की अवधि में उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत लोक-ओएस पर आन लाइन ट्रांजैक्शन विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 100 प्रतिभागियों के लिए किया जा रहा है।

इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन के दौरान महानिदेशक संस्थान एल वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता व विशिष्ट अतिथि डॉ. किशन वीर सिंह शाक्य, शिक्षाविद् एवं पूर्व वरिष्ठ सदस्य लोक सेवा आयोग तथा इस्कॉन संगठन के आध्यात्मिक गुरु दिव्य मिताई दास की उपस्थिति में, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के विषय-विशेषज्ञों द्वारा अपने-अपने विषयानुक्रम बिंदुओं से सम्बन्धित सिस्टेमेटिक, सार्थक, प्रासंगिक एवं जनहित में उपयोगी व्याख्यान दिए गए।

कार्यक्रम के दौरान इस्कॉन संगठन के आध्यात्मिक गुरु दिव्य मिताई दास द्वारा प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि कर्मयोगी बनने के लिए भगवान कृष्ण और महाबली अर्जुन के संवाद के व्यवहारिक पक्ष को समाविष्ट करते हुए प्रत्येक को गीता दर्शन को आत्मसात करना चाहिए इसीलिए विश्व की अनेकों भाषाओं में इसका अनुवाद किया गया है और इसके दर्शन को विश्व के महान से महानतम विभूतियों ने समय-समय पर गीता दर्शन को आत्मसात किया है। डॉ किशन वीर सिंह शाक्य द्वारा प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि प्रत्येक व्यक्ति की रचनात्मक क्रियाशीलता ही उसको विकास के शिखर पर पहुंचाती है। शिक्षा का जीवन में बहुत महत्व है क्योंकि सूचनाएं और परस्पर व्यवहारिक अनुभव ही शैक्षिक ज्ञान में परिवर्तित हो जाते हैं। प्रकृति ने सबको एक दूसरे से जोड़ रखा है क्योंकि एक दूसरे के अभाव में किसी का भी अस्तित्व नहीं है, यह मनुष्यों के साथ-साथ पशु-पक्षियों पर भी लागू होता है। अध्यक्षीय उद्‌बोधन में महानिदेशक संस्थान ने बताया कि प्रत्येक प्रशिक्षण कार्यक्रम का औचित्य तभी है, जब प्रशिक्षण कार्यक्रम की विषय वस्तु सम्बन्धित प्रशिक्षण प्रतिभागियों के लिए उपयोगी हो तथा आवश्यकता हो।

## भाषा विवि के वित्त अधिकारी बने संजीव गुप्ता



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में संजीव गुप्ता को विश्वविद्यालय का नया वित्त अधिकारी (अतिरिक्त प्रभार) पद पर शुक्रवार को नियुक्त किया गया। जो वर्तमान में वित्त नियंत्रक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा), लखनऊ के पद पर कार्यरत हैं। इस अवसर पर मौजूदा प्रभारी वित्त अधिकारी मसूद आलम ने उन्हें विधिवत कार्यभार सौंपा। कार्यभार हस्तांतरण के दौरान विश्वविद्यालय परिवार के कई सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें डीन अकैडमिक प्रो. सौबान सईद, डायरेक्टर रिसर्च प्रो. चंदना डे, डॉ. राजकुमार सिंह तथा पूर्व वित्त अधिकारी साजिद आजमी प्रमुख रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति ने संजीव गुप्ता को नई जिम्मेदारी संभालने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं और विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव से विश्वविद्यालय की वित्तीय व्यवस्थाएं और अधिक सुव्यवस्थित एवं सुदृढ़ होंगी।

## पीएम आवास शहरी के लिए मिले 735.94 करोड़

**लखनऊ।** नगर विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग ने पीएम आवास योजना (शहरी) 2.0 के लिए 735.94 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इससे शहरी गरीबों को किफायती आवास उपलब्ध हो सकेंगे। इसके साथ पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए भी दिशा निर्देश जारी किये हैं। नगर विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग के अंतर्गत, यह धनराशि तीन अलग-अलग अनुदान मदों से स्वीकृत की गई है। इसमें अनुदान सं. 37 से 548.98 करोड़, अनुदान सं. 83 से 183.98 करोड़ और अनुदान सं. 81 से 2.98 करोड़ शामिल हैं। कुल स्वीकृत राशि में केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों का अंश सम्मिलित है। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि स्वीकृत धनराशि का उपयोग केवल उन्हीं कार्यों में किया जाएगा, जिनके लिए इसे स्वीकृत किया गया है। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी- 2.0 के योजनांतर्गत बनने वाले प्रत्येक आवास की जियो टैगिंग और फोटो रिकॉर्डिंग अनिवार्य होगी। शासन ने यह भी निर्देश दिया है कि धन का अनुचित उपयोग होने पर पूरी राशि ब्याज सहित भारत सरकार को लौटाई जाएगी। इसके अलावा, परियोजना के लिए पहले से किसी अन्य स्रोत से धनराशि प्राप्त न होने की पुष्टि सूडा और डूडा की ओर से करनी होगी।

## फास्ट्रैक ने लॉन्च की एआई पावर्ड स्मार्टवॉच

**लखनऊ।** स्मार्टवॉच ब्राण्ड फास्ट्रैक ने एआई-पावर्ड स्मार्टवॉच फास्ट्रैक लॉन्च की है, इसमें एआई-इनेबल्ड पर्सनलाइजेशन, कॉन्टेस्टुअल रिमाइंडर्स और यूजर के व्यक्तित्व, मूड एवं कल्पना के अनुरूप इन्फाइनाईट वॉचफेसेज जैसे फीचर्स बताए गए हैं। इसका हर एलीमेंट आधुनिक डिजाइन को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, फिर चाहे स्लीक और आधुनिक लुक हो या युवाओं की सक्रिय एवं स्टाइलिश जीवनशैली। जो कि यूजर को अपनी अभिव्यक्ति में सक्षम बनाते हैं।

## पिपराघाट पर बनेगा रेलवे ओवरब्रिज

**लखनऊ।** पिपराघाट रेलवे क्रॉसिंग के पास 61 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) और वीआईपी स्पर का निर्माण किया जाएगा। एलडीए की ओर से भेजे गए प्रस्ताव को शासन ने प्रारंभिक सहमति दे दी है और एलडीए से कुछ स्पष्टीकरण और अद्यतन रिपोर्ट मांगी है। परियोजना की डीपीआर के अनुसार एयरपोर्ट की तरह वीआईपी लोगों के आवागमन के लिए अलग से स्पर बनाया जाएगा। इसके बनने से कालिदास मार्ग, विक्रमादित्य मार्ग, गौतमपल्ली और आसपास के अन्य वीआईपी इलाकों से सीधे ओवरब्रिज के जरिए आवाजाही की जा सकेगी। शासन ने परियोजना की लागत को लेकर एलडीए से स्पष्ट रिपोर्ट मांगी है। निर्देश दिए गए हैं कि ओवरब्रिज का आगणन लोक निर्माण विभाग की 2025 की अनुसूची दरों और अद्यतन स्टैंडर्ड डाटा बुक के आधार पर किया जाए, ताकि बार-बार संशोधन की स्थिति न आए। यह आरओबी रेलवे क्रॉसिंग के पास बनाया जाना है, इसलिए शासन ने एलडीए को निर्देशित किया है कि रेलवे विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र और परामर्श लेकर ही अंतिम प्रस्ताव भेजा जाए।

## बीबीएयू की इशिता को मिली फेलिक्स स्कॉलरशिप

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) की मेधावी छात्रा इशिता पांडेय ने विश्वविद्यालय और प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। इशिता ने सत्र 2021 से 2024 तक बीबीएयू से बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की पढ़ाई की है। अब वे इंग्लैंड के प्रतिष्ठित हेनली बिजनेस स्कूल, यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग से एमएससी मैनेजमेंट (इंटरनेशनल बिजनेस) में स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने जा रही हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने इशिता पांडेय को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उनकी इस उपलब्धि को विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय बताया।

इशिता को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए प्रतिष्ठित फेलिक्स स्कॉलरशिप प्रदान की गई है, जो उनके पूरे शुल्क (100%), जीविका भत्ता तथा अनुसंधान संबंधित खर्चों को कवर करेगी। साथ ही, उन्हें हेनली बिजनेस स्कूल एक्सीलेंस स्कॉलरशिप-डीन लिस्ट (2025-26) से भी सम्मानित किया गया है। हेनली बिजनेस स्कूल को डेली मेल यूनिवर्सिटी गाइड 2026 में ब्रिटेन में पहले स्थान पर और विश्व के शीर्ष 40 बिजनेस स्कूलों में स्थान मिला है। यह इशिता की प्रतिभा और मेहनत का परिणाम है कि उन्हें ऐसे प्रतिष्ठित संस्थान में पढ़ने का अवसर प्राप्त हुआ। अपनी उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए इशिता ने कहा कि वे मास्टर्स पूरी करने के बाद कॉर्पोरेट सेक्टर में अनुभव अर्जित करेंगी और फिर अपना उद्यमशीलता सफर शुरू करेंगी।

## गीत, गजलों, तरानों का घर लखनऊ... सुनाकर बांधा समां

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** लविवि में हिंदी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग और सांस्कृतिकी की ओर से कवि सम्मेलन हुआ। एपी सेन सभागार में हिंदी पखवाड़े के तहत आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने किया। यहां कई अंचलों से आए कवियों ने अपने लहजे में व्यंग्य, राष्ट्रभक्ति और हास्य रूपी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान हास्य कवि निर्भय निश्चल की व्यंग्यपूर्ण पंक्तियों ह्यहमारे घर कभी कट्टा रहा होगा पहले, जो बहुत मीठा है खट्टा रहा होगा पहले... पर खूब ठहाके लगे। बहराइच के गीतकार अभिषेक अवस्थी ने लखनऊ की तहजीब और संस्कृति पर ह्यगीत गजलों तरानों का घर लखनऊ, जिसकी शाखा ये सब वो शजर लखनऊ... सुनाया। महाराजगंज के अभिषेक अभिराम ने ह्यसभी पर प्रेम की बंसी बजाई तो नहीं जाती, बने शिशुपाल जो कोई बनो फिर कृष्ण जैसा तुम... और रायबरेली के मधुप श्रीवास्तव ह्यनरकंकाल ने अपने चुटीले अंदाज में ह्यप्यार का बल्ब जलाए रहिए, बस फ्यूज होने से बचाए रहिए... सुनाकर समां बांध दिया। इसी तरह लखनऊ की वंदना विशेष ने हिंदी के महत्व पर ह्यभावों का संचार हमारी हिन्दी है, जीवन का आधार हमारी हिन्दी है.. और अंबेडकर नगर के अभय सिंह निर्भीक ने ओजस्वी स्वर में राष्ट्रभक्ति का आह्वान करते हुए ह्यभारत माता का हरगिज सम्मान नहीं खोने देंगे, अपने पूज्य तिरंगे का अपमान नहीं होने देंगे.. सुनाकर लोगों में देशभक्ति की भावना का संचार किया। अंत में लखनऊ के मुकुल महान ने ह्यमाना हमारा देश ओलंपिक में फेल है, पर उल्लू सीधा करना, हमारे बाएं हाथ का खेल है.. जैसे कई हास्य-व्यंग्य रचनाओं से मंच का संचालन करते हुए श्रोताओं को लगातार हंसाया। संचालन मुकुल महान ने किया। विभागाध्यक्ष प्रो. पवन अग्रवाल, प्रो. योगेंद्र प्रताप सिंह, प्रो. अलका पांडेय, प्रो. श्रुति, प्रो. हेमांशु सेन, डॉ. ममता तिवारी, डॉ. सुधा, डॉ. अनुपम, डॉ. आकांक्षा समेत कई अन्य उपस्थित रहे।

## महिला सफाई कर्मी से मारपीट, थाना घेरा

**लखनऊ।** मल्लाही टोला प्रथम में शुक्रवार को महिला सफाई कर्मी के साथ मारपीट हो गई। एक अज्ञात राहगीर ने महिला सफाई कर्मी से पहले बदतमीजी की फिर मारपीट करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे सफाई कर्मियों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सभी कर्मचारी सुपरवाइजर के नेतृत्व में एकजुट होकर थाना ठाकुरगंज पहुंचे और आरोपी खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए थाने का घेराव किया। सफाई कर्मियों ने आरोप लगाया कि ड्यूटी के दौरान इस तरह की घटनाएं उनकी सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। महिला सफाई कर्मी ने आरोपी के खिलाफ नामजद लिखित तहरीर थाने में दी है। पुलिस ने उन्हें भरोसा दिलाया कि आरोपी को हर हाल में 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## आरबीएस केन्द्रों पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, नीट और जीईई की तैयारी : डॉ. राजेश्वर सिंह

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपनों को साकार करने की राह में बाधाएं नहीं, बल्कि अवसर पैदा करने का संकल्प, यह है सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का जीवन मंत्र। शुक्रवार को उन्होंने युवाओं को मेडिकल और इंजीनियरिंग की ऊंचाइयों तक पहुंचाने काम किया तो बुजुर्गों को जीवन की रोशनी और बच्चों की मुस्कान को खिलखिलाहट में बदलने का काम किया। बरकताबाद के रण बहादुर सिंह (आरबीएस) डिजिटल शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण केंद्र पर डॉ. सिंह ने युवाओं के साथ उनके सपनों पर गहरा संवाद किया। उन्होंने घोषणा की कि सरोजनीनगर के सभी 14 आरबीएस केंद्रों पर नीट और जेई की डिजिटल सामग्री उपलब्ध होगी, ताकि ग्रामीण युवा बड़े शहरों की कोचिंग से कमतर न रहें। यह पहल हजारों युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का मार्ग दिखाएगी। हमारा लक्ष्य हर युवा को अवसर देना है, ताकि वे अपनी मेहनत से देश का भविष्य बनें। डॉ. सिंह ने कहा इन केंद्रों पर साइबर सिक्योरिटी जैसे आधुनिक कोर्स भी शुरू होंगे, जो डिजिटल युग में युवाओं को सशक्त करेंगे।

● **डिजिटल सशक्तिकरण से सांस्कृतिक संरक्षण तक**

डॉ. सिंह ने सभी 14 आरबीएस केंद्रों पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने का वादा किया, जहां नेत्र परीक्षण के बाद जरूरतमंदों, विशेषकर बुजुर्गों को निःशुल्क चश्मे दिए जाएंगे। बेहटा निवासी पूरण गौतम और उनकी पत्नी रामराखन को नए चश्मों की व्यवस्था का भरोसा दिलाया गया। नारायणपुर की 100 वर्षीय राम चंद्री देवी, जिन्होंने जीवन में अपार दुख सहे, को वृद्धावस्था पेंशन और उनके पौत्र-पौत्रियों के लिए बाल सेवा योजना का लाभ सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। यह पहल बुजुर्गों को आत्मनिर्भरता और सम्मान देती है, जो युवा पीढ़ी को पारिवारिक दायित्वों की प्रेरणा देती है।

**बच्चों के लिए क्रिकेट किट और खेल के अवसर :** तेज किशनखेड़ा की गलियों में डॉ. सिंह बच्चों के साथ क्रिकेट खेलते नजर आए। उनकी आंखों में चमकते सपनों को देखकर वे खुद बच्चे बन गए, चौके-छक्के लगाते हुए। उन्होंने बच्चों को क्रिकेट किट और प्रोत्साहन राशि प्रदान की, ताकि ग्रामीण युवा खेल के मैदान पर अपनी प्रतिभा निखार सकें। डॉ. सिंह ने कहा यह प्रयास उन लाखों बच्चों को प्रेरित करता है जो संसाधनों की कमी में भी बड़े सपने देखते हैं।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक संरक्षण :** डॉ. सिंह ने ग्रामीण जीवन की जड़ों से जुड़कर बेहटा में विष्णु कुमार यादव के ट्रैक्टर से खेत जोतकर मिट्टी की सुगंध महसूस की। उन्होंने छोटे व्यवसायों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताया और इसके सौंदर्यीकरण के लिए ?50,000 की सहायता प्रदान की। इंटरलॉकिंग और दो हाई मास्ट लाइट की व्यवस्था का वादा किया, ताकि भक्तों को बेहतर सुविधाएं मिलें। तेज किशनखेड़ा गौशाला में गायों को केला-गुड़ खिलाकर और कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि देकर उन्होंने सरोजनीनगर की सभी गौशालाओं में सुविधाएं बढ़ाने का संकल्प दोहराया, जो पर्यावरण और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा का प्रतीक है।

**डिजिटल सशक्तिकरण और बुनियादी विकास :** घुरघुरी तालाब चौराहा पर दुकानदारों से संवाद के दौरान डॉ. सिंह ने डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया। उन्होंने अमावा के गांधी आदर्श विद्यालय को 5 कंप्यूटर और 1 लैपटॉप, तथा बूथ अध्यक्ष बाबूलाल पाल को साइकिल प्रदान करने का आश्वासन दिया। गौरी विहार में जल निकासी, सड़क और नाला जैसी समस्याओं के लिए नगर निगम के माध्यम से शीघ्र समाधान का वादा किया, जो ग्रामीण जीवन को बेहतर बनाने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

गौरी विहार में आशीष तिवारी के पिता परशुराम नाथ तिवारी, नारायणपुर में शिव मोहन सिंह, बेहटा में सावित्री देवी और सरजू प्रताप सरोज, बरकताबाद में अमरजीत सिंह, तथा बदबदाखेड़ा में कृष्ण रावत के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। परिवारों को शिक्षा, पेंशन, रोजगार, और बाल सेवा योजना जैसे सहयोग का भरोसा दिलाया। हर दुख में हम साथ हैं, और हर परिवार को सहारा देना हमारा कर्तव्य है।

## सहकारी गृह निर्माण समिति की जमीनों का कब्जा वापस लेगा एलडीए

**लखनऊ।** द हिमालयन सहकारी आवास समिति लिमिटेड तथा बहुजन निर्बल वर्ग सहकारी गृह निर्माण समिति के कब्जे वाले चार भूखंडों पर अब एलडीए अपना कब्जा लेने की कार्रवाई करेगा। एसडीएम कोर्ट के आदेश से पहले एलडीए बोर्ड भी चारों अनुबंध को निरस्त कर चुका है। इसके साथ ही कोर्ट के आधार पर एफआईआर भी दर्ज कराई जा चुकी है। अब एलडीए 14309 वर्ग मीटर भूमि वापस लेने के साथ ही करीब 143 भूखंड भी कब्जे में लेगा। पूरे मामले में प्राधिकरण फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है जिससे उसे विधिक रूप से पीछे न हटना पड़े।

एलडीए ने भूमाफिया दिलीप बाफिला की द हिमालयन सहकारी आवास समिति को जमीन देने के सम्बंध में 2006, 2007, 2016 और 2017 को अनुबंध किए थे। इन्हीं अनुबंधों के आधार पर उसे गोमतीनगर, गोमतीनगर विस्तार, शारदानगर विस्तार, रतनखंड और हरदोई रोड वसंत कुंज योजना में भूखंड आवंटित किए गए थे। एलडीए के एक अधिकारी ने बताया प्राधिकरण की ओर से हर स्तर पर सहकारी गृह निर्माण समिति के खिलाफ रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है। सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद जमीनों को कब्जे में लिया जाएगा। समिति के नाम से गोमतीनगर के सेक्टर एक में कई भूखण्ड खाली हैं। रजिस्ट्री कराकर मकान बनाने वालों के खिलाफ फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं होगी। जिन लोगों को फर्जी तरीके से सदस्य बनाकर प्लाट बेचे गए, उन लोगों ने रजिस्ट्री नहीं कराई। प्राधिकरण अभी इन प्लाटों को अपने कब्जे में लेने की कार्रवाई करेगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से कब्जा लेने की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की ओर से समिति के खिलाफ अभी तक की कार्यवाही की गई है। डीएम के आदेश पर जल्द जमीनों को एलडीए अपने कब्जे में लेगा।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# दो बच्चों का अपहरण कर मांगी 10 लाख की फिरौती, गिरफ्तार

## दोनों बच्चों को पुलिस ने लखीमपुर से सकुशल किया बरामद, आलमबाग कोतवाली क्षेत्र की घटना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के आलमबाग कोतवाली इलाके से दो बच्चों के अपहरण का मामला सामने आया है। गुरुवार दोपहर अपने घर से साइकिल चलाने के लिए निकले मासूम बच्चे अर्जुन सिंह और प्रद्युम्न यादव का अपहरण कर लिया गया है। किडनैपर्स ने बच्चों के परिवार से 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी है और धमकी दी है कि अगर रकम नहीं दी गई तो उन्हें जान से मार देंगे। पुलिस ने आरोपियों के खोजबीन के लिए पांच टीमें गठित की है। सीसीटीवी फुटेज को पुलिस ने खंगाला है। देर रात पुलिस ने आरोपी विजय विश्वर्मा, पुत्र त्रिभुवन विश्वकर्मा को लखीमपुर से गिरफ्तार कर लिया है। और दोनों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया है।



**कैसे हुआ अपहरण ?:** यह घटना गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे की है जब दोनों बच्चे बीजी कॉलोनी स्थित अपने घर से निकले थे। जब देर शाम तक वे वापस नहीं लौटे, तो उनके परिवारवालों ने उनकी तलाश शुरू की। अगले दिन, शुक्रवार की सुबह, बच्चों के परिजनों को अपहरणकताओं का एक मैसेज मिला जिसमें 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई थी। मैसेज में यह भी धमकी दी गई थी कि अगर पैसे नहीं दिए गए तो बच्चों को मार दिया जाएगा।

**क्या थी पुलिस की कार्रवाई:** घटना की सूचना जैसे मिली इसके बाद, बच्चों के पिता संजय सिंह ने आलमबाग कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाली। फुटेज में दिखा कि एक युवक बच्चों के पास आता है और उनसे कुछ बात करता है। इसके बाद, वह बच्चों की एक साइकिल वहीं छोड़ देता है और दूसरी साइकिल पर दोनों को बैठाकर चला जाता है। पुलिस के मुताबिक, अपहरणकर्ता बच्चों को साइकिल से चारबाग तक ले गया। पुलिस की पांच टीमें आरोपियों की तलाश में लगी हैं। पुलिस ने आरोपियों की लोकेशन ट्रेस कर ली है और उन्हें पकड़ने के लिए टीमें लखीमपुर खीरी रवाना हो चुकी हैं। यह मामला बेहद संवेदनशील है और पुलिस बच्चों की सुरक्षित वापसी के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

**पुलिस ने दर्ज की थी गुमशुदगी, मामला निकला अपहरण का:** आलमबाग तालकटोरा रोड स्थित वीजी कॉलोनी निवासी अर्जुन व प्रदुम्न का अपहरण कर लिया। अपहरणकताओं ने दोनों बच्चों के पिता से दस लाख रुपए फिरौती मांगी है। पुलिस ने गुरुवार को गुमशुदगी दर्ज की थी, लेकिन शुक्रवार को मामला अपहरण का सामने आने पर उसके होश उड़ गए। पुलिस अधिकारी अपहताओं की तलाश में जुट गए हैं। पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर ने बताया कि बच्चों को सकुशल बरामद और अपहरणकताओं को दबोचने के लिए पुलिस की टीमें लगा दी गई हैं और उम्मीद है कि जल्द ही पकड़ लिए जाएंगे।

फिलहाल बच्चों को अगवा करने का शक किसी जानने वालों पर ही गहरा रहा है। पुलिस की शक की 'सुई' उधर घूम रही है। आलमबाग क्षेत्र के तालकटोरा रोड पर स्थित वीजी कॉलोनी में रहने वाले संजय सिंह मैकेनिक हैं और वहीं के रहने वाले संजय यादव आटो चालक हैं। बताया जा रहा है कि उनके बच्चों अर्जुन और प्रद्युम्न गुरुवार दोपहर घर के बाहर खेल रहे थे कि अचानक लापता हो गए। बताया जा रहा है कि देर तक घर न पहुंचने पर दोनों परिवार के लोग बच्चों की तलाश शुरू की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। परिजनों की तहरीर पर पुलिस गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही थी कि शुक्रवार सुबह घरवालों के मोबाइल फोन कॉल कर बच्चों को अगवा किए जाने की जानकारी दी।

**गैर जनपद की पुलिस की भी ली गयी मदद:** अपहरणकताओं तक पहुंचने के लिए क्राइम ब्रांच, सर्विलांस टीम और पुलिस को लगाया गया था। अधिकारियों का मानना है कि घर के सामने से बच्चों को ले जाते सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में दिख रहे हैं। ऐसे में बच्चों के अपहरण का शक किसी जानने वालों पर ही गहरा रहा है। हालांकि सूत्रों की मानें तो पुलिस को अपहरणकताओं के बारे में सुराग मिल गया है। वहीं घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है और करीबी व घर वाले बच्चों को सही सलामत वापस आने की दुआ मांग रहे हैं। पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर के मुताबिक इस मामले में पुलिस की टीमें लगातार अलग-अलग दिशाओं में दबिश दे रही है। उन्होंने बताया कि उम्मीद है कि जल्द ही अपहरणकर्ता पकड़ लिए जाएंगे और बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा। बताया जा रहा है कि पुलिस की टीमें सीमावर्ती जिलों (गैर जनपद) की पुलिस का भी मदद ले रही है।

## युवक को बचाने में बाइक फिसली, युवक की मौत

**गोसाईंगंज।** गोसाईंगंज के रहमत नगर के पास आचनक सामने आ गए व्यक्ति को बचाने के दौरान बाइक आ अनियंत्रित होकर फिसल गई। निसमे एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर्ट पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले जा रही थी कि रास्ते मे दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने पर घायल को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक बदाली खेड़ा सरोजिनी नगर के रहने वाले सुरेंद्र शर्मा (56) खेती किसानी करते थे। वह अपने पैतृक गांव गोसाईगंज रहमत नगर अपने चाचा के दसवां संस्कार में शामिल होने के लिए गुरुवार की शाम मोटरसाइकिल से जा रहे थे तभी रहमत नगर के पास सामने से अचानक एक युवक आ गया जिसको बचाने में उन्होंने मोटरसाइकिल में ब्रेक मार दी जिससे की गाड़ी फिसलते चली गई एवं सर केवल वह रोड पर गिर पड़े एवं गंभीर रूप से घायल हो गए पुलिस इलाज के लिए अस्पताल ले जा रही थी तभी रास्ते में मौत हो गई उनके मोबाइल से घर वालों को घटना की सूचना दी गई मृतक के परिवार में पत्नी सुमन दो बेटे हैं।

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपना नाम NARENDER SINGH से बदल कर NARENDRA SINGH रख लिया है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है। **नरेन्द्र सिंह पुत्र छत्रपाल सिंह नि.- ख.नं.-46/3, पंडित खेड़ा, अलीनगर, सुनहरा, सदरौना, लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपने भाई ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह व उसकी पत्नी वन्दना सिंह का चाल चलन ठीक न होने के कारण सारे सम्बन्ध समाप्त कर दिये हैं। भविष्य में उन दोनों के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **गजेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र त्रिभुवन सिंह निवासी मोहल्ला अलीगंज गुलाब बाग, थाना कोतवाली नगर जिला बांदा।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र के स्कूली अभिलेखों में त्रुटिवश उसका नाम MOHD. ABAAN दर्ज हो गया है जबकि मेरे पुत्र के आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र में उसका सही नाम MOHD. ABAN दर्ज है। स्कूली अभिलेखों में भी उसका सही नाम दर्ज किया जाये। **मो. दिलशाद पुत्र मो. इरशाद नि.- 617/464, उजरियाव, गोमती नगर, लखनऊ।**

## सड़क दुर्घटना मे ट्रक चालक की मौत

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में ट्रक चालक की हुई मौत। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में किसान पथ पर सड़क दुर्घटना में ट्रक चालक की मौत हो गई, अलीगढ़ से शराब लेकर आजमगढ़ जा रहा था ट्रक लेकर पीछे से दूसरे ट्रक ने जोरदार ठोकर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक ट्रक चालक रामकुमार 60 वर्ष की किसान पथ ओवर ब्रिज पर हुई दुर्घटना में मौत हो गई। यह घटना सुबह करीब 4:00 हुयी। रामकुमार अपना निजी ट्रक वढ17उ6284 से ए टू जेड लॉजिस्टिक कंपनी के लिए काम करते थे। मृतक अलीगढ़ से शराब लेकर आजमगढ़ जा रहा था किसान पथ ओवर ब्रिज पर उतरते समय एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी गाड़ी में पीछे से जोरदार ठोकर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये, घायल अवस्था में उनको ट्रामा सेंटर ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना के बाद से आरोपी चालक अपना ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया कमृतक ट्रक चालक के भाई विश्वनाथ ने सरोजनीनगर थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। रामकुमार के परिवार में पत्नी अनीता और बेटा राहुल है।

## प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों ने डीजीपी से की मुलाकात

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शुक्रवार को 47 वें आईपीएस इण्डक्शन प्रशिक्षण कोर्स के अन्तर्गत 17 प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी हैदराबाद के स्टडी कम कल्चरल प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुरूप पुलिस मुख्यालय स्थित साइबर क्राइम, स्थापना तथा सोशल मीडिया सेन्टर सहित पुलिस मुख्यालय की सभी महत्त्वपूर्ण इकाईयों का भ्रमण कर विभागीय कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी।



भ्रमण के उपरान्त पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा से मुलाकात कर सभी प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों द्वारा अपना परिचय दिया गया। 17 प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों में से गुजरात कैडर के 06, कर्नाटक के 03, मणिपुर के 03, केरल के 02, असम, आन्धप्रदेश, एवं तेलंगाना के 01-01 अधिकारी सम्मलित है।

राजीव कृष्णा पुलिस महानिदेशक द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश पुलिस सिंगल कमाण्ड के अन्तर्गत कार्य करने वाली देश की सबसे बड़ी पुलिस फोर्स है। हाल ही में उत्तर प्रदेश पुलिस में 60 हजार से अधिक आरक्षियों की भर्ती की गयी है, जिनका प्रशिक्षण वर्तमान में चल रहा है। इतनी बड़ी संख्या में भर्ती कर उन्हें प्रशिक्षण देना अपने आप में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कानून-व्यवस्था, साइबर अपराध एवं महिलाओं के विरुद्ध अपराध जैसी प्रमुख चुनौतियों का उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा सफलता पूर्वक सामना किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रयासों से संगठित अपराध पूरी तरह समाप्त हो गया है। विगत पाँच वर्षों में पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही के फलस्वरूप आमजन के मन में उत्तर प्रदेश पुलिस की छवि और अधिक सकारात्मक हुई है। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की गई है, साइबर अपराध नियंत्रण, ऑपरेशन कन्विक्शन एवं नये अपराधिक कानूनो का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है।

पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा सनसनीखेज अपराधों पर डेली रिपोर्टिंग का मेकैनिज्म विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से घटनाओं की जानकारी प्राप्त कर उन पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाती है। तत्पश्चात पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों ने प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ-2025 में पुलिस प्रबंधन की सराहना करते हुए इसे अद्वितीय बताया गया। अंत में पुलिस महानिदेशक एवं प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह (मेमेन्टो) का आदान-प्रदान किया गया।

## विकलांग व्यक्ति को फर्जी केस में फंसाने पर हाई कोर्ट सख्त

लखनऊ। हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एक विकलांग व्यक्ति को हत्या के प्रयास के केस में फर्जी तरीके से फंसाने के मामले में गंभीर रूख अपनाते हुए सुल्तानुपर के पुलिस सुपरिन्टिडेंट और वहीं के थाना मोतीगारपुर के एसएचओ के साथ साथ छः अन्य लोगों को व्यक्तिगत रूप से तलब कर लिया है जिनके इषारे पर पुलिस ने उक्त विकलांग व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले की अगली सुनवायी 19 सितम्बर को होगी। यह आदेश जस्टिस राजेश सिंह चैहान व जस्टिस एस क्यू एच रिजवी की पीठ ने 56 वर्शीय विकलांग ष्याम सुंदर की याचिका पर पारित किया है। कोर्ट ने सभी से व्यक्तिगत हलफनामा मांगा है। साथ ही एस पी से कहा है कि याची के घर के पास का तथा थाना परिसर का सीसीटीवी फुटेज भी पेष किया जाये। कोर्ट ने याचिका में विपक्षी पक्षकार बनाये गये 6 लोंगों की काल डिटेल भी मांगी है। याची का कहना था पहले उसके खिलाफ एक अन्य प्राथमिकी दर्ज की गयी लेकिन जब उस के समें उसे सत्र अदालत से अग्रिम जमानत मिल गयी तो उसे हत्या के प्रयास के फर्जी केस में फंसा दिया गया है। केस की सारी परिस्थितियों पर गौर करने के बाद कोर्ट ने पाया कि प्राथमिकी में जिस तरीके से अपराध कारित करने का तरीका बताया गया है वास्तव में एक विकलांग व्यक्ति द्वारा उस प्रकार अपराध करना प्रथम दृश्टया गंभीर संदेह पैदा करता है। इसके बाद कोर्ट ने एसपी, एसएचओ और प्राइवेट व्यक्तियों को तलब कर लिया। कोर्ट ने याचिका में लगाये गये आरोपो के संबध में सभी से व्यक्तिगत हलफनामें पर जवाब तलब किया है।

## पंखे से लटका मिला बेरोजगार का शव

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में पंखे से बेरोजगार युवक का शव लटका मिला। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के गौरी विहार कॉलोनी निवासी 22 वर्षीय शिवमोहन त्रिपाठी ने अपने घर में पंखे से दुपट्टा बांधकर आत्महत्या कर लिया। शिव मोहन प्राइवेट नौकरी करता था, जिसे उसने कुछ दिन पहले ही छोड़ दिया था। शिवमोहन नशे का आदी था और घटना के समय भी वह शराब के नशे में था। शिवमोहन अपने छोटे भाई शिवा और एक छोटी बहन के साथ गौरी विहार कॉलोनी में रहता था। शिवमोहन का छोटा भाई शिवा जब उसके कमरे में गया तो देखा की शिवमोहन पंखे से दुपट्टा बांधकर लटक रहा था। यह दृश्य देखकर वह जोर-जोर से चीखने लगा। शिवा की आवाज सुनते ही परिवारीजन भी ऊपर पहुंच गए और चीख पुकार मच गयी। पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शिवमोहन के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। सरोजनीनगर थाना प्रभारी का कहना है कि आत्महत्या के कारण का अभी तक कोई स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक के मां की 7 साल पहले और पिता शिव शंकर त्रिपाठी की चार साल पहले मृत्यु हो चुकी है। शिवमोहन के परिवार में उसके छोटे भाई और एक छोटी बहन है। इंस्पेक्टर सरोजनी नगर कहना है की शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का सही पता लग पाएगा।

## करंट लगने से युवक की मौत, घर में मचा कोहराम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में कपड़े प्रेस करते समय विश्वनाथ रावत (40) नाम के एक व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गई। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे हुई इस दुखद घटना के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

रामचौरा गांव के रहने वाले विश्वनाथ रावत अपने घर में कपड़े प्रेस कर रहे थे, तभी अचानक वह बिजली के तार के संपर्क में आ गए और करंट की चपेट में आ गए। घर के अगले हिस्से में दुकान चलाने वाली उनकी बहन रानी ने उन्हें बेहोशी की हालत में देखा। रानी ने तुरंत अपने छोटे भाई राजू को सूचना दी, जिसके बाद परिजन विश्वनाथ को पास के एक निजी अस्पताल में ले गए। वहाँ से उन्हें लोक बंधु अस्पताल रेफर कर दिया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

विश्वनाथ, जो कि एक राजगीर मिस्त्री का काम करते थे, अपने पीछे अपनी पत्नी रचना और दो बेटों, रौनक (14) और प्रतीक (12) को छोड़ गए हैं। घटना के समय उनके दोनों बेटे स्कूल में थे और पत्नी घर से बाहर थीं। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है। इस घटना ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।

**छात्र ने किया सुसाइड, मिला शव:** राजधानी के बख्शी का तालाब इलाके में स्थित आरआर इंस्टीट्यूट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग की पढ़ाई कर रहे एक छात्र ने आत्महत्या कर ली। छात्र का शव उसके किराए के कमरे में पंखे से लटका हुआ मिला। वह अपने भाई के साथ रुदही गांव के पास रहता था। मृतक की पहचान पीयूष तिवारी (23) के रूप में हुई है, जो आजमगढ़ का रहने वाला था। पीयूष थर्ड ईयर का छात्र था। बताया जा रहा है कि वह पिछले कुछ समय से मानसिक अवसाद (डिप्रेशन) से पीड़ित था और उसका इलाज लखनऊ के एक मनोचिकित्सक से चल रहा था। जिस समय यह घटना हुई, पीयूष का भाई दवा लेने के लिए बाहर गया हुआ था। जब वह लौटा, तो उसने पीयूष को फांसी पर लटका पाया। उसने तुरंत पुलिस को इस बात की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने शुरूआती जांच में आत्महत्या की वजह मानसिक अवसाद को बताया है, लेकिन वे अन्य सभी पहलुओं की भी जांच कर रहे हैं। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिवार वालों को सौंप दिया गया है।

## 26 लाख नकद, 1.30 करोड़ की डिजिटल करेंसी के साथ छह गिरफ्तार

लखनऊ। राजधानी में साइबर ठगों के एक बड़े गिरोह का पदार्फाश हुआ है। पुलिस ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने एक घर से छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये लोग यहीं से अपना ठगी का दफ्तर चला रहे थे। पुलिस ने इनके पास से ?26 लाख नकद और ?1.30 करोड़ की डिजिटल करेंसी बरामद की है।

पुलिस के मुताबिक, गश्त के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई कर मुशीर अहमद, अनवर अली, अरशद अली, रिंकू, अमित कुमार जायसवाल और अर्जुन भार्गव को गिरफ्तार किया है। मुखबिर ने बताया कि पीएम आवास योजना के एक कमरे में कुछ लोग फर्जी खातों के जरिए साइबर ठगी की योजना बना रहे हैं। पुलिस ने तुरंत छापेमारी की और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जांच में सामने आया है कि ये ठग सीधे-साधे लोगों को बहला-फुसलाकर उनके नाम पर बैंक खाते खुलवाते थे। इन खातों का इस्तेमाल साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट और फिशिंग जैसी गतिविधियों से कमाए गए पैसों को ट्रांसफर करने के लिए किया जाता था। ये लोग नकद को डिजिटल करेंसी में बदलकर इस नेटवर्क को चला रहे थे। अब तक की जांच से पता चला है कि इस गिरोह ने लगभग ?14.80 करोड़ की ठगी की है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कई महत्वपूर्ण चीजें बरामद की हैं, जिनमें शामिल हैं, 26 लाख नकद, 1.30 करोड़ की डिजिटल करेंसी, 9 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, 15 एटीएम कार्ड, 16 फर्जी चेकबुक इन आरोपियों के खिलाफ आईटी एक्ट सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस उनके मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच कर रही है ताकि इस गिरोह के अन्य सदस्यों और पूरे नेटवर्क का पता लगाया जा सके।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मिदनिया विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर**

**पत्रांकः मेमा/ पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त /मनरेगा/आई.सी.डी.एस./निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025-26 दिनांक 12.09.2025**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा/आई0सी0डी0एस0 योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्न निर्माण हेतु निम्न दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत एवं स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग मे पंजीकृत हो तथा मोहर बंद दिनांक 13.09.2025 को अपरान्ह 01 बजे से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत मिदनिया के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 19.09.2025 को समय 03 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | समग्री | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य। | 1012748.00 | 500.00 | 1184000.00 |

1. निविदा फर्म क्रय की जाने वाली सामग्री सम्बन्धित दिशा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा मूल्य के साथ जमा करके प्राप्त किये जा सकते है।
2. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायालय सीतापुर होगा।
3. निविदा/स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत मे निहित होगा।
4. सामग्री आपूर्ति कार्य स्थल पर ही की जायेगी।

**प्रधान**
**रामू मिश्रा**
**ग्राम पंचायत मिदनिया**
**विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर**

**सचिव**
**ओ.पी. जयसवाल**
**ग्राम पंचायत मिदनिया**
**विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत चेनिया विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर**

**पत्रांकः मेमा/ पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त /मनरेगा/आई.सी.डी.एस./निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025-26 दिनांक 12.09.2025**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा/आई.सी.डी.एस. योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्न निर्माण हेतु निम्न दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत एवं स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग मे पंजीकृत हो तथा मोहर बंद दिनांक 13.09.2025 को अपरान्ह 01 बजे से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत चेनिया के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 19.09.2025 को समय 03 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | समग्री | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य। | 1012748.00 | 500.00 | 1184000.00 |

1. निविदा फर्म क्रय की जाने वाली सामग्री सम्बन्धित दिशा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा मूल्य के साथ जमा करके प्राप्त किये जा सकते है।
2. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायालय सीतापुर होगा।
3. निविदा/स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत मे निहित होगा।
4. सामग्री आपूर्ति कार्य स्थल पर ही की जायेगी।

**प्रधान**
**गीता देवी**
**ग्राम पंचायत चेनिया**
**विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर**

**सचिव**
**ओ.पी. जयसवाल**
**ग्राम पंचायत चेनिया**
**विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर**

## डीजीपी ने चार एसपी व दो पुलिस कमिश्नर से मांगा स्पष्टीकरण

- डीजीपी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक
- 6 जनपदों में शिकायतों के शिथिल पर्यवेक्षण पर जतायी नाराजगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण द्वारा शुक्रवार को सभी जनपदों, कमिश्नरेट, रेंज तथा जोन के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में मुख्यतः पाँच बिंदुओं पर समीक्षा की गई– जनसुनवाई, कानून-व्यवस्था, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा और कस्टडी डेथ।



पुलिस महानिदेशक ने शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप जन-शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी जनपदों के जून, जुलाई और अगस्त माह के जनशिकायत के निस्तारण की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि 75 में से 56 जनपदों में जन-शिकायतों में कमी आई है जबकि 20 जनपदों में थोड़ी वृद्धि हुई है। इन 20 जनपदों में सर्वाधिक वृद्धि वाले 6 जनपदों में शिकायतों के शिथिल पर्यवेक्षण पर पुलिस महानिदेशक ने नाराजगी व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक देवरिया, संभल, कौशांबी, बदायूँ, एवं पुलिस आयुक्त गाज़ियाबाद एवम वाराणसी के स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु निर्देश दिए। पुलिस महानिदेशक द्वारा प्रत्येक जनपद को अपने उन थानों को चिन्हित कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया जहाँ पर जन शिकायतों के निस्तारण में लगातार शिथिलता एवम् लापरवाही बरती जा रही हो। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि जन-शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शिकायत आने के कारणों को दूर करना होगा। क्षेत्राधिकारियों को जन-शिकायतों के निस्तारण में सक्रिय भूमिका निभानी होगी एवम्जन-शिकायतों के निस्तारण में फोकस्ड दृष्टिकोण की आवश्यकता है। पुलिस महानिदेशक ने पुलिसकर्मियों के विरुद्ध प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों की भी समीक्षा की, जिसमें झाँसी, बहराइच, लखनऊ, जौनपुर, कानपुर और आगरा में सबसे अधिक शिकायतें मिलीं। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन पुलिसकर्मियों के विरुद्ध सर्वाधिक शिकायतें हैं, उन्हें चिन्हित कर सभी मामलों की सूची तैयार की जाए और जनपदीय पुलिस प्रभारी स्वयं उनका अनुसरण करें। शिकायत सही पाए जाने पर उक्त पुलिस अधिकारी से एक स्तर उच्च स्तर का कोई अधिकारी शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत वार्ता करे और पुष्टि होने पर दोषी पुलिसकर्मी के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करे। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि मैनपावर मैनेजमेंट एवं प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। सही व्यक्ति का चयन कर उसे उपयुक्त जिम्मेदारी देने से समस्याओं का निराकरण स्वतः हो जाएगा। पुलिस महानिदेशक ने यह भी निर्देशित किया कि जन-शिकायतों से जुड़े मामलों में पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार हो, अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए, और किसी मुद्दे पर आक्रोशित व्यक्तियों से संवेदनशीलता से धैर्यपूर्वक वार्ता कर समस्या का समाधान निकाला जाए। पुलिस महानिदेशक द्वारा कस्टडी डेथ के प्रकरणों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इन प्रकरणों में [illegible] सुनिश्चित किया जाय। कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पुलिस महानिदेशक ने कहा कि छोटी से छोटी घटना में भी संवेदनशीलता, सजगता और त्वरित कार्रवाई आवश्यक है। यदि किसी मुद्दे पर कानून-व्यवस्था की स्थिति बन रही हो तो वरिष्ठतम अधिकारी वार्ता कर स्थिति को बिगड़ने से रोकें और समस्या का तत्काल निराकरण कराकर मुख्यालय को अवगत करायें।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं0 | 106-Sig-Tender-25-2025-26 |
| कार्य का नाम | "इंटरलॉकिंग ऑफ लेवल क्रासिंग गेट्स इन दा सेक्शन ऑफ ऐ० डी० इस० टी०/एस० एल० एन० ऑफ लखनऊ डिवीज़न ऑफ नॉर्थेर्न रेलवेज।" |
| अनुमानित लागत | रु0 3,42,42,841.89 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | रु0 3,21,200.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 550 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 03.10.2025 15.30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/ लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी। **निविदा सू0सं0–106–सिग–टेन्डर–25/2025–26 दिनांक: 09.09.2025** **2782/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

संक्षेप

## बालिका को नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया सम्मानित

**बछरावां, रायबरेली।** बछरावां विकासखंड की सेंहगो ग्राम सभा की निवासिनी स्वाति पटेल पुत्री राम प्रकाश लखनऊ विश्वविद्यालय से संबंद्ध फिरोज गांधी कॉलेज से परास्नातक की परीक्षा में सर्वोच्च अंक हासिल करने पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। बालिका की इस उपलब्धि पर बछरावां विधानसभा के पूर्व विधायक रामलाल अकेला व नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी के द्वारा सरस्वती प्रतिमा अर्पित कर व मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया गया। बालिका की इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है जहां एक तरफ वर्तमान समय में अंग्रेजी शिक्षा का माहौल है वहीं देव वाणी भाषा संस्कृत में गोल्ड मेडल हासिल करना वाकई में क्षेत्र की विशेष उपलब्धि है।

## एसपी ने किया परेड का निरीक्षण

**रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने पुलिस बल को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया और अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। परेड में पुलिस लाइन के बल के साथ-साथ विभिन्न कार्यालयों, थानों में तैनात पुलिसकर्मी और रिक्रूट आरक्षी भी शामिल हुए। परेड के दौरान एसपी ने पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवाकर उनकी फिटनेस का आकलन किया। इसके अतिरिक्त, ड्रिल करवाकर अनुशासन और एकरूपता को सुनिश्चित करने के लिए कदमताल का अभ्यास कराया गया। डॉ. यशवीर सिंह ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि वे नियमित व्यायाम और अनुशासित जीवनशैली अपनाकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन प्रभावी ढंग से करें। परेड निरीक्षण के बाद एसपी ने पुलिस लाइन परिसर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बैरिक, क्वार्टर गार्ड, पीआरवी वाहन, गार्ड रजिस्टर व अन्य महत्वपूर्ण सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने समस्त रजिस्टर्स व अभिलेखों को व्यवस्थित और अद्यावधिक रखने के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए। साथ ही, अर्दली रूम के संचालन और रख-रखाव के संबंध में भी दिशा-निर्देश दिये।

## किसानों को कम खाद में अधिक फसल पैदा करने की दी जानकारी

**खीरों, रायबरेली।** ग्राम भीतरगाँव साधन सहकारी समिति प्रांगण में इफ्को द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे इफ्को के क्षेत्रीय प्रबंधक विनोद कुमार सिंह ने किसानों को खेतो में कम खाद डालकर अधिक फसल पैदावार लेने की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नैनो यूरिया एंव नैनो डीएपी डालकर किसान कम खाद व कम पैसे में अधिक पैदावार ले सकते है। विजय बहादुर सिंह, पूर्व निदेशक आईएफडीसी नई दिल्ली, इफ्को प्रतिनिधि एंव किसान सुनील कुमार मिश्र ने भी किसानों को संम्बोधित किया। उक्त अवसर पर विनय कुमार सहायक विकास सहकारिता खीरों, समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र, सचिव उदयभान, रामनरेश, रामसेवक यादव, मदन शुक्ल, पप्पू तिवारी, ब्रजेश यादव, शिवमोहन, बलवंत सिंह, दिनेश तिवारी, अशोक लोधी व बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

# छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन



जिला संवाददाता (vol)

**लालगंज, रायबरेली।** शुक्रवार को बरातीलाल गंगाराम सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज, लालगंज में संकुल स्तरीय गणित, विज्ञान एवं सांस्कृतिक महोत्सव 2025 सम्पन्न हुआ। सर्व प्रथम विद्यालय के अध्यक्ष अनंत पाण्डेय, प्रबंधक सचिन रस्तोगी, कोषाध्यक्ष सतीश त्रिवेदी , जिला प्रचारक अजीत , प्रबंधक सरस्वती शिशु मंदिर लालगंज कैलाश बाजपेई , कोषाध्यक्ष कौशलेंद्र कंचन, प्रबंधक बालिका विद्या मंदिर हरिद्वार सिंह, संकुल विज्ञान प्रमुख सुनील , दीपक सिंह प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज ऊंचाहार, प्रधानाचार्या ममता सिंह सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज लालगंज , अनुरुद्ध त्रिपाठी वैदिक गणित प्रमुख, सांस्कृतिक प्रमुख विद्याधर मिश्र , विज्ञान प्रमुख जितेंद्र गुप्ता ने दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर महोत्सव का शुभारम्भ किया।विज्ञान मेले का शुभारंभ माननीय जिला प्रचारक अजीत के द्वारा फीता काटकर किया गया ।जिला प्रचारक अजीत ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करते हैं। इससे ग्रामीण स्तर पर शिक्षा के प्रयासों को प्रोत्साहन मिलता है । सरस्वती वन्दना अतिथि स्वागत अभिनन्दन के उपरान्त विज्ञान, वैदिक गणित एवं सांस्कृति आदि के प्रश्नमंच, प्रदर्श, पत्रवाचन, प्रयोगात्मक, कथा-कथन, आशुभाषण, पत्रवाचन एवं समूह लोकनृत्य आदि की प्रतियोगिताएँ प्रारम्भ हुई । इस महोत्सव में विद्या भारती से सम्बद्ध रायबरेली संकुल के सभी विद्या मन्दिर एवं शिशु मन्दिर के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया । गोपाल सरस्वती विद्या मन्दिर शिशु वर्ग के विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्श , गणित प्रदर्श और गणित प्रयोग में क्रमशः प्रथम स्थान प्राप्त किये । बाल वर्ग गणित प्रयोग में प्रथम स्थान सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इण्टर कालेज लालगंज को प्राप्त हुआ । गणित प्रयोग में तरुण, किशोर गणित प्रदर्श में बरातीलाल गंगाराम सरस्वती विद्या मंदिर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । संकुल के सभी विद्यामंदिर एवं शिशु मन्दिर के प्रतिभागियों ने भी प्रतियोगिताओं में अपना कीर्तिमान स्थापित किया।

इस महोत्सव में विद्यालय के सभी आचार्यबन्धु/ आचार्या बहनों ने व्यवस्थाओं में पूर्ण सहयोग किया जिससे सफलतापूर्वक यह महोत्सव सम्पन्न हुआ।

# राजभाषा हिंदी व मातृभाषा भोजपुरी को दें सम्मानः डॉ. सुनील चौरसिया

**कुशीनगर।** सेंट जेवियर्स सिनियर सेकेंडरी स्कूल, कप्तानगंज, जनपद-कुशीनगर में आयोजित हिंदी सप्ताह समारोह में प्रधानाचार्य वैभव वांटू और निर्देशक आकाश मिश्रा ने साहित्यकार डॉ. सुनील चौरसिया 'सावन' को सम्मानित किया। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय गांगरानी कुशीनगर, उत्तर प्रदेश में स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी) पद पर अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे 'सावन' ने कहा कि जीवन में नैतिक मूल्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा, कुछ इस तरह से कर लो गुजारा, कि ज़िन्दगी बन जाए सितारा' जैसी प्रेरक कविताएं सुनाई। विद्यार्थियों को समझाते हुए कहा कि माता-पिता प्रथम शिक्षक होते हैं जिनके प्रति हमारे मन में आदर भाव होना चाहिए। इसी भाव में उन्होंने सुनाया 'मां ममता के अमृत से जीवन को सींचे। मेरी ज़िंदगी है पापा के पांव के नीचे। उन्होंने अपनी संस्था 'सावन साहित्य सेवा सदन' के समाज सुधारक मुहिम के संदर्भ में बताते हुए कहा कि हमारी कोशिश रहती है कि किन्नर, अनाथ बच्चों, दिव्यांगजन, तलाकशुदा स्त्री और विधवा के प्रति लोगों के मन में सम्मान भाव जागृत हो। उनकी 'मैं हूं कर्मठ किन्नर' नामक कविता बहुत पसंद की गई। अटल नगर (अमवा बाजार), नगर पंचायत रामकोला, जनपद कुशीनगर में स्थापित समाजसेवी संस्था सावन साहित्य सेवा सदन के द्वारा खुले में शौच करने वालों को जागरूक करने की पहल को सबने बहुत सराहा। डॉ. 'सावन' ने गीत 'ए चिरई काहें एतना गुमान करेलू' सुनाते हुए सुझाया कि हमारे मन में राजभाषा हिंदी एवं मातृभाषा भोजपुरी के प्रति सम्मान भाव होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी माध्यम से संचालित निजी विद्यालय भी हिन्दी हितैषी है और होना भी चाहिए। शिक्षिका सुमन ने धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी उपस्थित रहे।




# मांग को लेकर सपाइयों ने एसडीएम को पत्रक सौंपा



**बरहज,देवरिया।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक स्वामीनाथ यादव, राष्ट्रीय सचिव लोहिया अर्जुन सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को उपजिलाधिकारी विपिन कुमार द्विवेदी को एक पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि परसिया देवार, बिशुनपुर देवार एवं मधुबन मऊ जाने वाले लोगों के लिए नाव की व्यवस्था संचालित कराई जाए। नाव बंद होने से यहां के लोग रोजा की वस्तु नहीं ले पा रहे हैं। यहां तक की विधानसभा की इन गांव के लोग उपचार के लिए भी बरहज आया करते हैं। ऐसे में लोगों की सुविधा के लिए सरयू नदी में नाव में संचालित कराई जाए। ऐसा नहीं होने पर 15 सितंबर को धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान पूर्व विधायक स्वामीनाथ यादव, कमलेश सिंह, सुधाकर चौरसिया, विश्वनाथ जायसवाल, अवधबिहारी जायसवाल अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मोदी के जन्मदिन पर भाजयुमो करेगा रक्तदान शिविर का आयोजन

**देवरिया।** क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर भाजयुमो की आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कुल 17 प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होने हैं जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर को युवा मोर्चा के कार्यकताओं द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा । उन्होंने कहा कि पिछले रक्तदान अभियानों में युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया जिसके कारण इस अभियान में जिला प्रथम स्थान पर रहा है, इस बार भी हम सभी का यही प्रयास होना चाहिए । अभियान के जिला संयोजक अजय कुमार दुबे ने कहा कि भाजपा राष्ट्रहित में कार्य करने वाली पार्टी है जिसमें ऊजार्वान युवाओं की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है ।प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान के साथ ही साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन भी सुनना है । बैठक की अध्यक्षता करते हुए युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रवीण प्रताप मल्ल ने कहा कि इस रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक युवा भाग लेंगे तथा जो भी रक्तदान करेगा उसको या उसके परिवार को जब भी रक्त की आवश्यकता होगी तो युवा मोर्चा उसे रक्त उपलब्ध कराएगा ।इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अजय शाही, अभिषेक राय अंकुर, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, दिलीप सिंह, सुधीर श्रीवास्तव, शिवम् गुप्ता, राहुल कुमार, तेज प्रताप गुप्ता, ऋषिकेश पाण्डेय, अंकित मणि त्रिपाठी, आशुतोष जायसवाल, शैलेश यादव, विकास सिंह, शिवेंद्र गिरि, शैलेश सहाय, चन्दन गिरि, राहुल सिंह, यशवंत शाही आदि लोग उपस्थित रहे।

## सेवा और सुशासन ही भाजपा का संकल्प

**देवरिया।** सेवा और सुशासन ही भाजपा का संकल्प है और इसी संकल्प के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पार्टी सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाने जा रही है जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान, रक्तदान, खेलकूद प्रतियोगिता, प्रदर्शनी तथा प्रबुद्ध संवाद जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ।उक्त बातें भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने क्षेत्र के कोटवां स्थित एक मैरेज हाल में रामपुर कारखाना मंडल की बैठक को संबोधित करते हुए कहीं ।उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस है जिसे भाजपा सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी ।उन्होंने कहा कि 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की भी जयंती है जिसके उपलक्ष्य में पार्टी के आनुषंगिक संगठनों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा ।रामपुर कारखाना के विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत देश के महापुरुषों की स्मृति में वृक्षारोपण भी किया जाएगा तथा युवा मोर्चा के कार्यकताओं द्वारा जनहित में व्यापक स्तर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा ।उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा में समर्पित कर देश को राष्ट्रीय स्तर स्थापित करने का कार्य किया है इसलिए उनके जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा ।इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे, मंडल अध्यक्ष सत्यप्रकाश पांडे, अजीत सिंह, प्रवीण प्रताप मल्ल, पुरुषोत्तम पांडे, मनीष मल्ल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चेकिंग अभियान और नो हेलमेट-नो फ्यूल चलाकर की गयी वाहनों की चेकिंग




**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में आज यातायात प्रभारी गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस देवरिया द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु अभियान चलाकर कुल 64 ई-रिक्शा वाहनों पर दाहिने तरफ रस्सी बंधवाया गया एवं वाहन स्वामी का नाम, पता,थाना क्षेत्र एवं मोबाइल नंबर लिखवाया गया तथा कसया ओवरब्रिज, मालवीय रोड एवं बस स्टैंड पर सड़क पर गाड़ी खड़ा कर सवारी भरने वाले ऑटो, ई रिक्शा वाहनों के विरुद्ध एम वी एक्ट में चालान एवं सीज की कार्यवाही की गयी ।साथ ही साकेत नगर, न्यू कॉलोनी में नो पार्किंग में खड़े वाहनों का चालान किया गया। इसी क्रम में नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान के तहत यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने हेतु शहर क्षेत्र के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट पेट्रोल लेने आए दोपहिया वाहन चालकों को ईंधन न देकर जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों के प्रति उन्हें जानकारी दी गई। यातायात पुलिस द्वारा आम जनमानस को जागरूक करते हुए पेट्रोल पंप संचालकों को भी इस अभियान का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया । इस प्रकार यातायात पुलिस द्वारा कुल 112 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 05 वाहनों को सीज भी किया गया।

# सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों का हुआ प्रशिक्षण

- **प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रशिक्षकों का लिया गया टेस्ट**
- **प्रदेश स्तर के मास्टर ट्रेनर डीआईओ एनआईसी द्वारा दिया गया प्रशिक्षण**



**कुशीनगर।** निर्वाचक नामावली से सम्बन्धित विधिक प्रावधानों, ईआरओ नेट/आईटी की विविध गतिविधियों, उनके दायित्व एवं कर्तव्य के सम्बन्ध में समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों का प्रशिक्षण जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष कुमार द्वार कलेक्ट्रेट सभागार में दिया गया।

जिला सूचना विज्ञान अधिकारी/स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर मनीष कुमार गुप्ता ने आज सभी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (तहसीलदार/नायब तहसीलदार/बीडीओ/बीईओ) को इआरओ एनईटी 2-0 के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि किस स्तर पर किसका क्या रोल है, यूजर क्रिएशन रोल अंतर्गत बीएलओ, एईआरओ, आरओ, डीईओ, द्वारा किन परिस्थितियों कैसे और किसके पास फॉरवर्ड करना है। ई आरओ द्वारा लॉगिन कैसे की जाएगी, पासवर्ड किस प्रकार बनाएंगे, फिर लॉगिन करने के बाद पद अनुसार कंप्यूटर में ऑप्शन आयेंगे आदि कि जानकारी दी गई। इस दौरान विभिन्न प्रकार के वेबसाइट की जानकारी भी दी गई तथा एईआरओ को बताया गया कि लॉगिन करने उपरांत पहले अपने संबंधियों का एपिक चेक कर लें यदि किसी के नाम में/जन्म तिथि में, या कोई और त्रुटिवश अंकित है उसे सही कर अपने स्तर से संबंधित को फॉरवर्ड कर सकते हैं।

प्रशिक्षण दौरान फॉर्म 1, 2, 3, 4 से लेकर कुल 19 प्रकार के फार्मों के संबंध में जानकारी दी गई कि किन परिस्थितियों में कब कहां कौनसा फॉर्म का प्रयोग किया जाता है। प्रशिक्षण उपरांत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को कुल 30 ऑब्जेक्टिव टाइप के प्रश्नों को हल किए जाने हेतु प्रश्न पत्र उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर निर्वाचन कार्यालय के सभी स्टाफ सहित अन्य संबंधित गण उपस्थित रहे।

# नागरी प्रचारिणी सभा में वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित




**देवरिया।** नागरी प्रचारिणी सभा देवरिया द्वारा हिन्दी दिवस समारोह के अवसर पर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए वर्तमान शिक्षा पद्धति आवश्यक है ? विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। वाद विवाद प्रतियोगिता के पक्ष में विधुभूषण मिश्र- नेशनल पब्लिक स्कूल सोन्दा तथा अनामिका मिश्रा राजकीय इण्टर कालेज ने प्रथम, समीक्षा दुबे गुरुकुल मिशन ने द्वितीय, मोनिका जायसवाल सेन्ट्रल अकादमी एवं शुभांगी सिंह राजकीय इण्टर कालेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शैलू सिंह कस्तूरबा राजकीय बालिका कालेज, ज्योत्सना सिंह देवरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अर्श पराशर सनबीम स्कूल, रौनक मिश्र आर बी टी विद्यालय, नागेश कुमार वाइब्रेंट अकादमी को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।

इसी तरह विपक्ष की प्रतियोगिता में अंशिका शर्मा नेशनल पब्लिक स्कूल तथा तान्या त्रिपाठी गुरुकुल मिशन को प्रथम, आशीष उपाध्याय राजकीय इण्टर कालेज को द्वितीय, अनन्या सिंह आर बी टी एवं वैष्णवी राव सनबीम स्कूल सोन्दा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सांत्वना पुरस्कार आकांक्षा यादव देवरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रोशनी मणि राजकीय इण्टर कालेज, तन्नू मणि पीडी एकेडमी, अर्चना सिंह सेन्ट्रल अकादमी एवं विशाल गुप्ता एस एस बी एल इन्टर कालेज को प्राप्त हुआ। निर्णायक का दायित्व डॉ शकुन्तला दीक्षित देवानंद पी जी कालेज मठलार, डॉ राजेश मिश्र सन्त विनोबा पी जी कालेज एवं डॉ सुधांशु शुक्ल सन्त विनोबा पी जी कालेज देवरिया ने निभाया। प्रतियोगिता का कुशल संचालन डॉ अभय कुमार द्विवेदी ने किया। अंत में सभा के मंत्री डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी ने निर्णायक गण और उपस्थित शिक्षकों एवं अभिभावकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर रवीन्द्र नाथ तिवारी, इन्द्र कुमार दीक्षित, डॉ सौरभ श्रीवास्तव, अनिल कुमार सिंह, ? प्रदीप पति त्रिपाठी, संजय तिवारी, बी डी मिश्र, सर्वेन्द्र मिश्र, श्रीधर द्विवेदी, उत्कर्ष सिंह, शुभम्कुमार, अनन्त मिश्र आदि गणमान्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कालेज, पी डी एकेडमी, देवरिया, सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नेशनल पब्लिक स्कूल, सनबीम स्कूल सोन्दा, सेन्ट्रल अकादमी, गुरुकुल मिशन, वाईब्रेन्ट एकेडमी, सेन्ट्रल एकेडमी, सेवा समिति बनवारी लाल इन्टर कालेज, आर बी टी विद्यालय, देवरिया, के छात्र/ छात्राएं सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त किए प्रतिभागियों को 14 सितम्बर 25 अपराह्न 02.00 बजे से आयोजित हिन्दी दिवस सम्मान समारोह में, जिसमें प्रो आर एस सराजू, पूर्व सम कुलपति एवं प्रो हिन्दी विभाग हैदराबाद विश्वविद्यालय को नागरी रत्न, प्रो श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी पूर्व कुलपति इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक को नागरी भूषण एवं गीतकार भूषण त्यागी, देवरिया को नागरी सम्मान दिया जाएगा में प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

## बछरावां दशहरा मेला की तैयारी लगभग पूर्ण

**बछरावां, रायबरेली।** बछरावां में शरद पूर्णिमा को लगने वाले ऐतिहासिक दशहरा मेले की तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी है। मेला कमेटी के प्रबंधक, अध्यक्ष व पदाधिकारी चंदा एकत्रित कर रहे हैं। जिससे मेला की भव्यता में कोई कमी ना रहे। इस बार 91 वां दशहरा मेला का आयोजन बछरावां के रफी अहमद किदवई पार्क में संपन्न होगा। दशहरा मेला कमेटी के प्रबंधक शशिकांत मिश्रा व अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह के नेतृत्व में इस मेले का आगाज 5 अक्टूबर से कवि सम्मेलन से प्रारंभ होकर 9 अक्टूबर दिन तक चलेगा। जिसमें 6 अक्टूबर को न्यू हिंदू मुस्लिम रामलीला कमेटी बछरावां द्वारा हरि दर्शन ड्रामा का मंचन, 7 अक्टूबर को रामलीला का मंचन तथा रावण वध के बाद राम बारात का संपूर्ण बछरावां नगर में भ्रमण के बाद क्रांति ड्रामा का मंचन,8 अक्टूबर को पुनः न्यू हिंदू मुस्लिम रामलीला अभिनय कमेटी द्वारा धूल का फूल ड्रामा मंचन व दिन में दंगल का आयोजित किया जायेगा।

## आकांक्षा समिति व नगर पालिका परिषद के संयुक्त तत्वावधान में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**देवरिया।** इंदिरा गांधी बालिका इंटर कॉलेज, देवरिया में साइबर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य साइबर जागरूकता बढ़ाना और बालिकाओं को साइबर सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना था। सभी उपस्थित सदस्यों ने अपने विचार साझा किए और बालिकाओं को साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन आकांक्षा समिति की सचिव भारती शुक्ला ने किया एवं मुख्य अतिथि श्रीमती मेघना वीर जी का स्वागत समिति की सदस्यों ने पुष्प गुच्छ देकर किया, मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन ने बालिकाओं को साइबर सुरक्षा के बारे में जागरुक किया एवं साइबर क्राइम के इन्स्पेक्टर श्री राकेश सिंह द्वारा बालिकाओं को जागरुक किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद देवरिया की अध्यक्ष अलका सिंह ने इस जागरुकता अभियान के लिए आकांक्षा समिति देवरिया के सभी सदस्यों को व मुख्य अतिथि एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या नलिनी सिंह एवं समस्त विद्यालय परिवार को साइबर क्राइम की जागरुकता के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में।श्रीमती मेघना वीर (धर्मपत्नी पुलिस अधिक्षक, देवरिया) अलका सिंह डॉ. शशिप्रभा गुप्ता, श्रीमती भारती शुक्ला (सचिव आकांक्षा समिति) श्रीमती माया त्रिपाठी, सुशीला विश्वकर्मा दिशा छापड़िया, रिचा सिंह, उषा मणि त्रिपाठी आदि।मुख्यरूप से उपस्थित थीं।

## इतिहास किसी भी राष्ट्र या सभ्यता का प्राण

**सुलतानपुर (वीओएल)।** कमला नेहरू संस्थान के इतिहास विभाग द्वारा इतिहास का पुनर्लेखन विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी का संचालन विभागाध्यक्ष डॉक्टर शक्ति सिंह ने किया। विषय समीक्षा करते हुए डॉ शक्ति सिंह ने बताया कि भारत का इतिहास भारतीय दृष्टि से लिखा और पढ़ा जाना चाहिए। ऐसी स्थिति मे इतिहास के पुनर्लेखन का महत्व बढ़ और बढ़ जाता है। इन्होंने बताया कि इतिहास लेखन औपनिवेशिक विचारधारा से प्रभावित होकर लिखा गया जिसमे यथार्थ सामयिक विश्लेषण का पूर्ण अभाव है। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता एल बी एस कॉलेज, काशी विद्यापीठ वाराणसी इतिहास विभाग के सहायक आचार्य डॉ मुकेश प्रताप सिंह रहे। इन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि इतिहास किसी भी राष्ट्र या सभ्यता का प्राण होता है। आयोजित कार्यक्रम मे डॉ सिंह द्वारा इतिहास लेखन के स्त्रोतों का विस्तार पूर्वक उल्लेख किया गया। इन्होंने बताया कि वर्तमान में निष्पक्षतापूर्वक व तटस्थ होकर ऐतिहासिक स्त्रोतो उपयोग करते हुए भारतीय इतिहास का पुनः लिखने की जरूरत है। तभी भारतीय इतिहास की जानकारी सही सही सम्भव हो सकेगा। अंत मे आभार ज्ञापन डॉ देवेन्द्र सिंह ने किया।

# कुशीनगर में जुए का जालः कसया थाना क्षेत्र अवैध कारोबार का प्रमुख केंद्र

**कुशीनगर।** जिले में जुए का कारोबार एक गंभीर समस्या बना हुआ है, जो न केवल युवाओं को अपराध की ओर धकेल रहा है, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी कमजोर कर रहा है। कोरोना वायरस की तरह फैला यह कारोबार कई थाना क्षेत्रों को अपनी चपेट में ले चुका है। विभिन्न स्त्रोतों के अनुसार, कसया थाना क्षेत्र इस अवैध कारोबार का प्रमुख केंद्र बन गया है, जहां जुआरियों का नेटवर्क बिना किसी रोक-टोक के ( कह सकते है टेंट डालकर) फल-फूल रहा है। यह कारोबार न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि अंतरजनपदीय स्तर पर भी सक्रिय है, जिसमें कई जिलों के जुआरी शामिल हैं। यहां हर दिन लाखो रुपये का दांव लगाया जाता है, कोई जीत का जश्न रोटी, बोटी और दारु के साथ मनाता है तो कोई हार के गम में मायूस होकर घर लौट जाता है। इस दौरान मारपीट भी होती है, मामला पुलिस के पास भी जाता है लेकिन कार्रवाई के नाम पुलिस अपना जेब भरकर दोनो पक्ष को हड़का कर वापस भेज देती है।

बात कर रहे जनपद के कसया थाना क्षेत्र के सपहा नहर की पटरी के नीचे बागीचा का, जहां एक मछली व्यवसायी व उसके भाई द्वारा सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक और रात 9:00 बजे से भोर के 5:00 बजे तक खुलेआम अवैध रूप से जुआ का अड्डा चलाया जा रहा है। इसी तरह कसया कस्बे स्थित पुराने थाना से 30 मीटर की दूरी पर बरगद मोहल्ले के एक मकान में 8:00 बजे रात्रि से सुबह 5:00 बजे तक, राम जानकी मठ मंदिर के पीछे बाउंड्री के अंदर 10:00 बजे से 4:00 बजे तक, पुरानी फाजिलनगर रोड लूना हॉस्पिटल के सामने बगीचे में दोपहर 12:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक और साखोपार शराब भट्ठी के पीछे बगीचे में 12:00 दिन से शाम 5:00 बजे तक जुआ का कारोबार जोरो पर है। ऐसा नही है कि इस अवैध कारोबार का किसी को खबर नही है, बूढ़े-बच्चे और नौजवान से लगायत खाकी के लोग भी ताश के पत्ते पर प्रतिदिन हो रहे लाखो रुपये के वारा-न्यारा से वाकिफ है। बावजूद इसके पुलिस प्रशासन इस कारोबार को रोकने और जुआ कारोबारियों पर नकेल कसने में नाकाम साबित हो रही है। यही वजह है कि इस अवैध और गैर कानूनी कारोबार की कोख से चोरी, छिनैती और मारपीट के साथ साथ पारिवारिक कलह भी बढ रहा है।



**इन थाना क्षेत्रों में होता है जुए का अवैध कारोबारः-** कुशीनगर के रामकोला, कप्तानगंज, तुर्कपट्टी, हाटा, और रविंद्रनगर धूस जैसे थाना क्षेत्रों में जुए का कारोबार लंबे समय से चल रहा है। सूत्रों का कहना है कि रामकोला थाना क्षेत्र के धर्मशामला मंदिर के समीप स्थित साम्वे माता मंदिर के पर आनलाइन जुआ का खेल 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक, कप्तानगंज थाना क्षेत्र के पीजी कॉलेज के पीछे दिन में 2:00 बजे से 8:00 बजे रात्रि तक, तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के सूर्य मंदिर के समीप दिन में 12:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक सहित हाटा और रविन्द्र नगर घुस थाना क्षेत्र में जुए का कारोबार फल- फूल रहा है। पूर्व में कप्तानगंज थाना क्षेत्र में स्वाट टीम ने छापेमारी कर 18 जुआरियों को गिरफ्तार किया था, और रविंद्रनगर धूस में पांच जुआरियों को 7,720 रुपये नकद और ताश की गड्डियों के साथ पकड़ा गया। हालांकि, ये कार्रवाइयां नाकाफी साबित हो रही हैं, क्योंकि जुआरी नए-नए तरीकों से इस धंधे को जारी रखते हैं। सूत्रों का कहना है कि स्थानीय बीट पुलिस और कुछ अधिकारियों की मिलीभगत के बिना इतने बड़े पैमाने पर यह कारोबार संभव नहीं है।

**जुआ माफियाओ को प्राप्त है सफेदपोशो का संरक्षणः-** कहना ना होगा कि कसया सहित तुर्कपट्टी, रामकोला, कप्तानगंज, हाटा व रविन्द्र नगर घुस थाना क्षेत्रो मे संचालित हो रहा अवैध जुआ माफियाओ को कुछ पुलिसकर्मी व क्षेत्र के सफेदपोशो का संरक्षण प्राप्त है। यही वजह है कि यह माफिया अपने अवैध कारोबार को बेखौफ होकर संचालित कर रहे है। सूत्र बताते है कि कसया के सपहा के समीप बगीचे में संचालित जुआ अड्डा पर गोरखपुर, देवरिया, बिहार व कुशीनगर जनपद के बडे-बडे जुआरियों का जमावड़ा होता रहता है। जानकारों का मानना है कि जुएं के बढते व्यापार के कारण शहर में चोरी, मारपीट जैसे आपराधिक वारदातों में इजाफा हुआ है। सूत्रों की माने तो जुआ माफिया द्वारा संचालित किए जाने वाले जुएं के खेल में दांव (फड़) लगाने वाले जुआरियों को सुरक्षित माहौल मुहैया करवाने के नाम पर भी रुपये लिए जाते हैं। यह रकम जुआरियों से वसूल की जाती है। यही नहीं कारोबारी जुंए में हारने वाले जुआरियों को मोटे ब्याज पर कर्ज भी मुहैया करवाते हैं। परिणाम स्वरूप हारने वाले जुआरियों को उधार रुपये देकर कारोबारी उन्हें मोटे ब्याज में फंसा लेते है, फिर कुछ ही दिनों में ब्याज की रकम मूल रकम से दोगुनी हो जाती है, कुछ लोग रकम न चुका पाने के वजह से जुआ माफिया के प्रताड़ना से ब्लैकमेल का शिकार होते है।

# नेपाल में हिंसा

भारत का सबसे निकट पड़ोसी, रोटी-बेटी, धर्म-अध्यात्म और संस्कृति के लिहाज से सबसे घनिष्ठ नेपाल इन दिनों हिंसा की आग में झुलस रहा। युवा विद्रोह इस कदर हिंसक हुआ कि सब कुछ खाक कर देने पर आमादा हो गया। बहरहाल नेपाल में अब सुशीला कार्की ने अंतरिम सरकार की प्रमुख के रूप में शपथ ले ली है और उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही नेपाल में शांति लौटेगी। लेकिन जिस तरह युवाओं ने हिंसक आंदोलन किया क्या एक लोकतंत्र में जायज कहा जा सकता है ? नेपाल के युवाओं का आंदोलन समझ में आता है, मुद्दे और मांग भी वाजिब है, लेकिन जिस तरह यह विद्रोह हिंसक और विध्वंसक हुआ, लोकतांत्रिक समाज में वह कभी भी स्वीकार्य नहीं हो सकता। ऐसा आभास हो रहा था मानो युवा पूरे नेपाल को जला कर खाक कर देना चाहते हैं और उनके स्थान पर नई व्यवस्था कायम करना चाहते हैं। क्या नयी व्यवस्था बनाने के लिए पुराने सिस्टम को ध्वस्त कर देना जरूरी है ? जो कल तक नेपाल के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मंत्री थे, उनके निजी आवास फूंक दिए गए। क्यों, उनके परिजनों का अपराध क्या था ? पूर्व प्रधानमंत्रियों-शेर बहादुर देउबा, झालानाथ, प्रचंड, बाबूराम भट्टराई-के भी घर आग के हवाले कर दिए गए। देउबा को तो बीच सड़क पर खूब पीटा भी गया।



पूर्व प्रधानमंत्री झालानाथ की पत्नी राजलक्ष्मी को जिंदा जला दिया गया। बाद में उनकी मौत हो गई। उनका कसूर क्या था ? वित्त मंत्री को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया। गृह, संचार, विदेश आदि मंत्रियों के घर भी आग की लपटों के हवाले कर दिए गए। यह आंदोलन है ? ये सभी नेपाल के जन-प्रतिनिधि थे। नेपाल की जनता ने ही जनादेश दिए थे। यदि वे भ्रष्ट, लापरवाह और जन-विरोधी थे, तो आंदोलन ने उनके इस्तीफे करा दिए। अंततः न्याय तो अदालत करेगी। उनके घर खंडहर कर दिए गए अथवा जला कर खाक कर दिए गए। इससे आंदोलित युवाओं को क्या हासिल होगा ? रोजगार, रोटी कैसे मिलेगी ? महंगाई और भुखमरी कैसे कम होगी ? अंततः नेपाल को न्याय कैसे मिलेगा ? प्रदर्शनकारी पीढ़ी ने आवेश-आक्रोश में संसद भवन, सर्वोच्च अदालत और नेपाल की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक पहचान के प्रतीक 'सिंह दरबार' को भी आग की लपटों में घेर दिया। यदि जेनरेशन जेड को इंसाफ की दरकार थी, तो वह सर्वोच्च अदालत से ही संभव है। शुक्र है कि न्यायाधीशों पर निजी हमले नहीं किए गए ! संसद भवन तो नेपाल के गणतांत्रिक स्वरूप का सर्वोच्च मंदिर रहा है। अब नये चुनाव होंगे, युवा चेहरे भी सांसद चुने जाएंगे, तो वे कहां बैठ कर देश के लिए कानून बनाएंगे या किस सदन में मुद्दों और समस्याओं पर बहस कर सकेंगे ? आंदोलनकारियों ने थानों, बैंकों, मॉल्स में तोडफोड़ की, लूटपाट मचाई। नेपाली युवाओं की दयनीय स्थिति के लिए ये संस्थान कैसे दोषी, जिम्मेदार हैं ? हमें लगता है कि अब यह आंदोलन नहीं, डकैती और हिंसक अपराध हैं। अब कई हथियारबंद चेहरे आंदोलन का नेतृत्व करते दिख रहे हैं। क्या हथियारबंद क्रांति का आह्वान किया गया था ? उपद्रवी तो ज्योतिर्लिंग पशुपतिनाथ मंदिर में भी घुसने वाले थे, उन्हें सेना ने किसी तरह काबू किया। तितर-बितर कर दिया। अब ऐसा लगता है कि आंदोलनकारी पूरे नेपाल को ही जला कर खाक करना चाहते हैं, ताकि नया नेपाल, नई व्यवस्था बनाई जा सके। काठमांडू हवाई अड्डे से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को बंद करना पड़ा था। एयर इंडिया और इंडिगो की उड़ानें भी प्रभावित हुई हैं। करीब 700 भारतीय यात्री फंसे हैं। विदेश मंत्रालय ने अपील जारी की है कि फिलहाल नेपाल-यात्रा को स्थगित कर दें। प्रधानमंत्री मोदी को कैबिनेट की सुरक्षा समिति की बैठक तुरंत बुलानी पड़ी। समिति ने सुरक्षा से जुड़े पहलुओं पर विमर्श किया। नेपाल सीमा के क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। इससे स्पष्ट है कि अस्थिर और अशांत नेपाल हमारे लिए भी गंभीर चुनौती है। इसलिए नेपाल में शांति, स्थिरता और प्रगति के लिए भारत को भी अपना दायित्व निभाना चाहिए।

विचार

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

–आचार्य विनोबा भावे.

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।

–महर्षि अरविन्द.

इस सनातन नियम को याद रखो– यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।

–सुभाष चन्द्र बोस.

आवश्यकताएं कम करें। आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।

–स्वामी रामथीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

–संस्कृत लोकोक्ति.

# अमरीका में बढ़ रहा सियासी हिंसा का खतरा ?



विजय कपूर

हालांकि हिंसा व हत्या को किसी भी स्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता और न ही उसका समर्थन किया जा सकता है, लेकिन ईसा मसीह के इस कथन में भी सत्यता है कि अगर आप तलवार से जीते हैं, तो आप तलवार से मरते हैं। अमेरिका की विवादित व खतरनाक बंदूक संस्कृति के कारण वहां हर साल सैंकड़ों निर्दोष लोग अपनी जान गंवा बैठते हैं और मृतकों में मासूम स्कूली बच्चे भी होते हैं, लेकिन मजबूत गन लॉबी के प्रभाव में ऐसे व्यक्तियों की भी कमी नहीं है, जो बंदूक संस्कृति का समर्थन करते हैं और चुनावी वायदे के बावजूद उस पर प्रतिबंध नहीं लगने देते हैं। राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प के कट्टर 'मागा' समर्थक व उनके लिए फण्ड एकत्र करने वाले चार्ली किर्क ऐसे ही पुरातनपंथी युवा एक्टिविस्ट थे, जो बंदूक संस्कृति के प्रबल समर्थक थे और अप्रवासन व भारतीयों को वीजा दिये जाने का जबरदस्त विरोध करते थे। 31-वर्षीय किर्क, जिन्होंने ट्रम्प की पुरातनपंथी राजनीति की वकालत करने के लिए 'टर्निंग पॉइंट यूएसए' संस्था का गठन किया हुआ था, 10 सितम्बर 2025 की दोपहर में यूट्टाह वैली यूनिवर्सिटी में छात्रों से वार्ता कर रहे थे कि तभी एक गोली उनकी गर्दन में आकर लगी, खून की तेज धार बही और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

> दरअसल, किर्क जो विचार रखते थे बाद में व्हाइट हाउस उसी के अनुरूप बयान देता या कार्य करता था, जिससे उनके राजनीतिक प्रभाव का अंदाजा लगाया जा सकता है। मसलन व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने कहा था कि जो सोशल मीडिया एकाउंट्स एक्स पर भारत का दृष्टिकोण रख रहे हैं, वह विदेशी एजेंट्स के रूप में कार्य कर रहे हैं। यह किर्क का ही विचार था।

अनुमान यह है कि गोली लगभग 200 मी के फासले से छत से चलायी गई थी। किर्क के गोली लगते ही अफरा-तफरी मच गई। उनके सुरक्षाकर्मी उन्हें अस्पताल लेकर भागे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। किर्क तेजतर्रार वक्ता और ट्रम्प के अंदरुनी सर्किल के विश्वसनीय सदस्य थे। अपनी फण्ड एकत्र करने की क्षमता के लिए विख्यात, मागा एक्टिविस्ट व पॉडकास्ट होस्ट किर्क किसी पद पर न होने के बावजूद राजनीतिक सत्ता का केंद्र थे। अपने बेबाक विचारों के कारण उनके असंख्य समर्थक थे और उतनी ही तादाद में आलोचक भी। ट्रम्प ने उनकी मौत को अमेरिका के लिए 'सबसे काला पल' बताया है। ट्रम्प ने कहा, 'चार्ली किर्क महान भी थे और लीजेंड भी। उनकी मौत हो गई है। अमेरिका में युवाओं के दिल को चार्ली से बेहतर कोई नहीं समझता था... यह अमेरिका के लिए सबसे काला पल है।' इसमें कोई



दो राय नहीं हैं कि किर्क दक्षिणपंथी राजनीति के सबसे अधिक प्रभावी नेता थे। उनकी टर्निंग पॉइंट यूएसए संस्था अमेरिका के 3,500 से अधिक कॉलेजों में सक्रिय थी। वह कॉलेजों में 'प्रूव मी रॉंग' (मुझे गलत साबित करो) डिबेट आयोजित किया करते थे और इस सेमेस्टर में उन्होंने 'अमेरिकन कमबैक टूर' कार्यक्रम आरंभ किया था, जिसकी पहली कड़ी यूट्टाह विश्वविद्यालय में थी और विरोधाभास देखिये कि उनके अंतिम शब्द बंदूक संस्कृति से संबंधित थे। उनसे एक छात्र ने सवाल किया था, 'क्या आपको मालूम है कि पिछले दस वर्षों के दौरान अमेरिका में कितने मास शूटर्स हुए हैं ?' इसके जवाब में किर्क ने कहा था, 'गैंग हिंसा को गिनना है या नहीं गिनना है ?' और तभी उनकी गर्दन में एक गोली आकर लगी।

## चार्ली किर्क की हत्या


गौरतलब है कि किर्क ने 5 अप्रैल 2023 को कहा था, 'हर साल बंदूकों से कुछ मौतों का हो जाना ठीक ही है ताकि हम अपने ईश्वर-प्रदत्त अन्य अधिकारों को सुरक्षित रखने के लिए दूसरे संशोधन (हथियार रखने का अधिकार) को बरकरार रख सकें।' किर्क के इन विवादित बयानों का वामपंथी निरंतर विरोध किया करते थे। इसलिए ट्रम्प ने किर्क की हत्या का दोष 'रेडिकल लेफ्ट' की लफ्फाजी को ठहराया है। गौरतलब है कि पुलिस अभी तक किर्क की हत्या का उद्देश्य ज्ञात नहीं कर पायी है। एफबीआई ने एक संदिग्ध की तस्वीर जारी की थी, जो 'कॉलेज जाने वाला छात्र' प्रतीत होता है। हत्या करने वाला गिरफ्तार भी कर लिया गया है। बहरहाल, बंदूक संस्कृति के अतिरिक्त किर्क अप्रवासन के विरुद्ध बहुत कड़ा रुख अपनाते थे। वह अवैध ही नहीं बल्कि वैध अप्रवासन के भी खिलाफ थे, विशेषकर भारतीयों के। वह एच1-बी वीजा का भी विरोध करते थे, जिसका बहुत से भारतीय छात्र व प्रोफेशनल प्रयोग करते हैं। किर्क का सीधा सा दृष्टिकोण था- अमेरिका भर चुका है, भारतीयों के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने 2 सितम्बर 2025 को कहा था, 'भारतीयों को अमेरिकी वीजा देने की अब कोई जरूरत नहीं है। अमेरिकी श्रमिकों को जितना अधिक विस्थापित भारतीयों ने किया है, उतना किसी अन्य अवैध अप्रवासन ने नहीं किया है, शायद। पहले ही बहुत हो चुका है। अब बस। हम भर चुके हैं। अब आखिरकार हमें अपने लोगों को प्राथमिकता देनी होगी।' ट्रम्प प्रशासन भारतीय कम्पनियों को की जाने वाली आउटसोर्सिंग को सीमित करने पर विचार कर रहा है। इसका समर्थन करते हुए किर्क ने 5 सितम्बर 2025 को कहा, 'यह अच्छा है। पहले इस देश में निवेश करो। अमेरिकन कम्पनियों व अमेरिकन श्रमिकों को काम दो।'
दरअसल, किर्क जो विचार रखते थे बाद में वाइट हाउस उसी के अनुरूप बयान देता या कार्य करता था, जिससे उनके राजनीतिक प्रभाव का अंदाजा लगाया जा सकता है। मसलन वाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने कहा था कि जो सोशल मीडिया एकाउंट्स एक्स पर भारत का दृष्टिकोण रख रहे हैं, वह विदेशी एजेंट्स के रूप में कार्य कर रहे हैं। यह किर्क का ही विचार था, 'आपको सोचना चाहिए कि यह जो भारतीय हितों को प्रोत्साहित करने कि समन्वय गतिविधि हो रही है, उसका एफएआरए पंजीकरण नहीं होना चाहिए। इस बकवास को प्रचारित करने के लिए अधिकतर एकाउंट्स का पेमेंट भारत सरकार कर रही है। उन्हें कितना पैसा दिया जा रहा है, हमें जवाब चाहिए ?' एफएआरए का अर्थ है फॉरेन एजेंट्स रजिस्ट्रेशन एक्ट। इसके तहत आवश्यक है कि जो लोग विदेशियों के लिए काम कर रहे हैं, वह अपना संबंध, गतिविधियां व फाइनेंस न्याय विभाग के समक्ष रखें। किर्क के अन्य विषयों पर भी दक्षिणपंथी विचार हमेशा विवादित ही रहे हैं। यहां सबका उल्लेख करना संभव नहीं है, लेकिन मिसाल के तौरपर कुछ का दिया जाना आवश्यक है। गजा में भूख से मर रहे बच्चों की तस्वीरों पर उन्होंने 29 जुलाई 2025 को कहा था, 'प्रोपेगंडा है, भावनात्मक व विजुअल युद्ध है।' जनवरी 2024 में अश्वेत लोगों के बारे में उन्होंने कहा, 'अश्वेत पायलट को देखते ही मैं प्रार्थना करने लगता हूं कि वह क्वालिफाइड भी हो।'
एक टीवी शो में उन्होंने महिलाओं के बारे में कहा, 'युवा महिलाएं बच्चे पैदा करने के मूल्य को नहीं समझतीं। यही वजह है कि हम पश्चिम में प्रजनन दर ध्वस्त होते हुए देख रहे हैं।' किर्क ने टेलर स्विफ्ट को 'टनों' बच्चे पैदा करने की सलाह दी थी और जिन महिलाओं ने कमला हैरिस के पक्ष में मतदान किया था, उनसे कहा था, 'इन औरतों को करियर, उपभोक्तावाद व अकेलापन चाहिए, जबकि ट्रम्प के युवा पुरुष मतदाताओं को परिवार, बच्चे व परम्परा चाहिए।' इन बयानों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि किर्क इस हद तक दक्षिणपंथी थे कि मानवीय मूल्यों, अश्वेतों व महिलाओं तक का विरोध करते थे। इस किस्म के विवादित व आपत्तिजनक बयान अमेरिकी समाज को दो फाड़ कर रहे हैं व राजनीतिक हिंसा को प्रोत्साहित कर रहे हैं। ट्रम्प को ऐसे ही पुरातनपंथी लोगों के समर्थन की जरूरत है। इनसे तो अमेरिका पुनः महान नहीं हो सकता, हां, उसके धरातल में जाने की आशंका अवश्य है। लेकिन ट्रम्प ऐसे ही लोगों को अपने साथ रखते हैं व उनका सम्मान करते हैं। किर्क को मरणोपरांत प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम दिये जाने की घोषणा की गई है, जोकि अमेरिका में उच्चतम नागरिक सम्मान है।

सोशल मीडिया



सीपी राधाकृष्णन जी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया, एक समर्पित जनसेवक, उन्होंने अपना जीवन राष्ट्र निर्माण, सेवा और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने हेतु समर्पित किया। पीएम मोदी.

# सगुण ईश्वर की धारणा



स्वामी विवेकानन्द कहते हैं- ईश्वर एक वृत है जिसकी परिधि कहीं नहीं है और केंद्र सर्वत्र है। उस वृत में प्रत्येक बिन्दु सजीव, सचेतन, सक्रिय और समान रूप में क्रियाशील है। हम सीमित आत्माओं में केवल बिन्दु सचेतन है और वह केंद्र आगे पीछे गतिशील रहता है। जिस प्रकार विश्व की तुलना में शरीर की सत्ता अत्यल्प है उसी प्रकार ईश्वर की तुलना में समस्त विश्व कुछ नहीं है। जब हम कहतें हैं, ईश्वर बोलता है। तो इसका अर्थ यह है के वह अपनी सृष्टि के माध्यम से बोलता है। जब हम उसका वर्णन उस देश काल से परे रहकर करते हैं तब हम कहतें हैं कि वह निर्गुण सत्ता है। किन्तु वह रहता वही है। उपरोक्ता विवेचन के आधार पर हम कह सकते है कि विवेकानन्द आचार्य शंकर के समान सगुण ईश्वर की मान्यता का समर्थन करते हैं। वे कहतें हैं 'जब तक हमारा शरीर है, तब तक हम स्थूल जगत की स्थूल जगत की ओर दृष्टि किये हुए हैं, तब तक हमें सगुण ईश्वर को स्वीकार करना ही होगा। ऐसी अवस्था में ईश्वर को स्वीकार न करना निरा पागलपन है। संसार के अधिकांश व्यक्ति द्वैतवादी हैं। ऐसे व्यक्ति जो साधारण बुद्धि के हैं, निर्गुण ब्रह्म की धारणा को ग्रहण करने में असमर्थ हैं। अतः एक व्यक्ति विशेष के रूप मैं ईश्वर की उपासना किये बिना मनुष्यौं का काम नहीं चलता। वेदांत दर्शन का एक ही उद्देश्य है और वह है एकत्व की खोज। स्वामी विवेकानन्द का कहना है कि 'ईश्वर प्रकृति एवं आत्मा का एक रूप है। मानव जीव और प्रकृति तथा आत्मा उसके शरीर है। जिस तरह मेरा एक शरीर है, एक आत्मा है उसी तरह सम्पूर्ण विश्व एवं सारी आत्मायें ईश्वर के शरीर है और ईश्वर सारी आत्माओं की आत्मा है। शरीर परिवर्तित हो सकता है, तरूण या बृद्ध सबल या दुर्बल किन्तु इससे आत्मा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। एक ही सास्वत सत्ता शरीर के माध्यम से सदा अभिव्यक्त होती है। जगत रूपी उपादान से वह सृष्टि करता है और हर कार्य के रूप में उसका शरीर सूक्ष्म होता है वह संकुचित होता है फिर परवर्ती कल्प के रूप में वह विस्तृत होने लगता है।

अंतर्दृष्टि

# घर की छोड़ो, बाहर बढ़ रही हिन्दी

**नेपाल, पाकिस्तान, बांग्लादेश, मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम, अमेरिका, ब्रिटेन, कनाड़ा, ऑस्ट्रेलिया, त्रिनिदाद-टोबैगो, गुयाना, दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त अरब अमीरात, और ब्रिटेन में से एक भी देश ऐसा नहीं है जहां हिंदी बोलने वालों की संख्या 1 लाख से कम हो बल्कि काफी ज्यादा है। कुछ देशों में तो यह संख्या करोड़ से भी अधिक है। रूस, जापान, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया में हिंदी सबसे महत्वपूर्ण विदेशी भाषा के रूप में पढ़ाई जाती है। यहां के लोग हिंदी साहित्य और बॉलीवुड फिल्मों में भी खूब रुचि लेते हैं। इस तरह देखें तो हाल के दशकों में हिंदी की वैश्विक धमक बहुत तेजी से बढ़ रही है।**




विमर्श ■ डॉ. अनिता राठौर

भले भारत के कई प्रांतों में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर हिंदी का विरोध रहा हो, भले भारत के पड़ोसी और 1947 तक भारत का हिस्सा रहे पाकिस्तान के एक भी विश्वविद्यालय में हिंदी भाषा विभाग न हो, भले स्वतंत्र रूप से वहां हिंदी की पढ़ाई संभव न हो, लेकिन हाल के दशकों में हिंदी का कद दुनिया के स्तर पर बहुत तेजी से बढ़ा है और प्रभावशाली भी हुआ है। आज हिंदी दुनिया की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। विश्व के 150 से ज्यादा विश्वविद्यालयों में हिंदी बकायदा पढ़ाई जाती है और सबसे ज्यादा अमेरिका, रूस, जापान और जर्मनी के विश्वविद्यालयों में पढ़ाई जाती है। आज इंटरनेट पर हिंदी कंटेंट के लिहाज से दुनिया की 10 प्रमुख भाषाओं में से एक है। साल 2024 के मुताबिक हिंदी को मातृभाषा के रूप बोलने वाले लोगों की संख्या 60 करोड़ के आसपास है। जबकि दूसरी, तीसरी भाषा या कहें हिंदी को बोल और समझ लेने वाले लोगों की तादाद 90 करोड़ से ऊपर है। सही मायनों में यह मंडारिन के बाद दुनिया की दूसरी सबसे ज्यादा समझी और बोली जाने वाली भाषा बनती है, लेकिन तथ्यात्मक आंकड़ों के चलते यह दुनिया की तीसरी सबसे ज्यादा बोलने वाली भाषा है।

अगर हाल के सालों में हम यह देखें कि जिस तरह भारत की वैश्विक उपस्थिति महत्वपूर्ण हुई है, उसी क्रम में दुनिया के नक्शे में हिंदी की धमक भी बढ़ी है। आज हिंदी सिर्फ भारत की सरहदों तक नहीं सीमित बल्कि अपनी सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक वजहों से यह पूरी दुनिया में तेजी से फैल रही है। मंडारिन के बाद अगर हम हिंदी के साथ उर्दू को भी जोड़ लें तो मंडारिन के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा बोलने वाले लोग हिंदी में ही हैं। क्योंकि आज दुनिया में सबसे ज्यादा प्रवासी भारतीय हैं, इसलिए उनकी वजह से आज हिंदी भारत की सीमाओं को लांघकर अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, फिजी, मॉरीशस, सूरीनाम, त्रिनिदाद, टोबैगो, यूएई और सऊदी अरब जैसे देशों में बोली और समझी जाती है। भारत के अलावा फिजी में भी हिंदी को आधिकारिक दर्जा प्राप्त है बल्कि भारत से कहीं आगे बढ़कर यह फिजी की आधिकारिक भाषा है। मॉरीशस, सूरीनाम, त्रिनिदाद, टोबैगो और गुयाना में हिंदी वहां की संसदों में भी बोली, सुनी और पढ़ी जाती है।

भारत के बाहर हर साल हिंदी में कई दर्जन शोध हो रहे हैं। हालांकि हिंदी अभी तक संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषा नहीं है। लेकिन साल 2018 से सरकार ने 'हिंदी एट द रेट ऑफ यूएन प्रोजेक्ट' शुरू किया है। आज हिंदी की धमक पूरी दुनिया में है। लेकिन अफसोस की बात यह है कि एक नेपाल को छोड़कर भारत के पड़ोस के देशों में हिंदी का कतई सम्मान नहीं किया जाता। पाकिस्तान जहां करीब करीब सौ फीसदी लोग उर्दू के कारण हिंदी समझते और बोलते हैं और मनोरंजन के नाम पर सबसे ज्यादा हिंदी फिल्में देखते हैं, उस पाकिस्तान में हिंदी का खुलमखुल्ला विरोध किया जाता है। पाकिस्तान के किसी भी विश्वविद्यालय में हिंदी एक विषय के रूप में और अकादमिक डिग्री के रूप में नहीं पढ़ाई जाती। जबकि भारत में अरबी और फारसी भले लोगों के बीच बहुत कम बोली या पढ़ी जाती हो, इसके बावजूद हमारे यहां ये दोनो भाषाएं पढ़ाई जाती हैं और उर्दू तो लगभग हिंदी के जैसे ही है, जिसके सैकड़ों विश्वविद्यालयों में पूरे के पूरे विभाग हैं। हर साल उर्दू में न केवल भारत में लाखों लोग डिग्री स्तर की पढ़ाई करते हैं बल्कि हजारों फीसदी उर्दू में थीसिस लिखी जाती हैं। लेकिन पाकिस्तान में हिंदी का सियासत के स्तर पर ही नहीं बल्कि धार्मिक स्तर पर भी विरोध किया जाता है।



इसी कारण वहां किसी भी विश्वविद्यालय में हिंदी में डिग्री नहीं दी जाती। जबकि फारसी और अरबी में दर्जनों विश्वविद्यालयों में बकायदा विभाग हैं और हजारों छात्र इन भाषाओं में एकडेमिक पढ़ाई करते हैं। खैर, जहां तक हिंदी की हाल के दशकों में बड़ी वैश्विक धमक का कारण है तो निश्चित रूप से इसके पीछे भारत में मजबूत सांस्कृतिक ताकत तो है ही, हिंदी फिल्में, हिंदी गाने और पिछले एक दशक से धमाल मचा रहीं हिंदी की वेबसीरीज न केवल दुनिया में हिंदी का ध्वज फहरा रही हैं बल्कि दुनिया की महत्वपूर्ण भाषाओं में हिंदी को शामिल करा दिया है। बावजूद इसके कि हमारे यहां ऐसा रोना रोने वाले लोगों की कमी नहीं है जो बात बात पर यह कहने से नहीं चूकते कि हिंदी रोजगार की भाषा नहीं है। लेकिन इन लोगों से पूछा जाना चाहिए कि भारत का लगभग 20 लाख करोड़ का मनोरंजन उद्योग का कारोबार बिना हिंदी के एक कदम भी आगे बढ़ सकता है, बॉलीवुड ने जिन करीब 80 लाख लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौरपर रोजगार दे रखा है, क्या हिंदी को जाने, समझे बिना यह संभव है ? हिंदी भारत के मनोरंजन उद्योग की महारानी है। 60 फीसदी से ज्यादा ऑडियो और वीडियो विज्ञापन हिंदी में होते हैं। देश में राजनीति करने के लिए हिंदी में दक्ष होना या संपर्क भाषा में रूप में हिंदी आना जरूरी है।

हिंदी भले संयुक्त राष्ट्र की अभी आधिकारिक भाषा नहीं है, लेकिन संयुक्त राष्ट्र की वेबसाइट में हिंदी की सामग्री उपलब्ध है। भारत के बाद सबसे ज्यादा हिंदी अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा के कारपोरेट जगत और डिप्लोमेटिक एरिना में बोली और इस्तेमाल की जाती है। हाल के सालों में सोशल मीडिया के जरिये हिंदी ने डिजिटल भाषा के रूप में सबसे तेज छलांग लगायी है। आज दुनिया की सबसे ताकतवर और तेजी से बढ़ रही डिजिटल भाषा में हिंदी सबसे आगे है। इस तरह देखें तो भले भारत में हिंदी को लेकर कई तरह के निराशाभरे वक्तव्य दिये जा रहे हों, मगर हकीकत ये है कि भाषाओं के वैश्विक नक्शे पर हिंदी बहुत मजबूती से न केवल मौजूद है बल्कि इसकी मौजूदगी में कई दूसरी भाषाओं के रंग फीके पड़ रहे हैं।

### भारत के बाहर सबसे ज्यादा नेपाल में बोली जाती है हिंदी

भारत के बाद सबसे ज्यादा संख्या में नेपाल में लोग इसे बोलते और समझते हैं। साथ ही यहां हिंदी की फिल्में और साहित्य भी खूब पढ़ा जाता है। नेपाल के अलावा जिन देशों में हिंदी खूब पढ़ी, बोली व समझी जाती है, उसमें मॉरीशस और फिजी जैसे देश हैं। मॉरीशस में हिंदी स्कूलों से लेकर संसद तक की भाषा है, यहां 6 से 7 लाख लोग हिंदी को मातृभाषा के रूप में बोलते हैं। जबकि फिजी में यह संख्या 4 से 5 लाख लोगों की है। सूरीनाम में भी हजारों घरों में हिंदी बोली और समझी जाती है। जबकि त्रिनिदाद और टोबगो में हिंदी बोले और पढ़े जाने के साथ साथ यहां के मनोरंजन उद्योग का भी हिस्सा है। इसी तरह गुयाना, दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और ब्रिटेन में से एक भी देश ऐसा नहीं है जहां हिंदी बोलने वालों की संख्या 1 लाख से कम हो बल्कि काफी ज्यादा है। रूस, जापान, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया में हिंदी सबसे महत्वपूर्ण विदेशी भाषा के रूप में पढ़ाई जाती है। यहां के लोग हिंदी साहित्य और बॉलीवुड फिल्मों में भी खूब रुचि लेते हैं। इस तरह देखें तो हाल के दशकों में हिंदी की वैश्विक धमक बहुत तेजी से बढ़ रही है।

## आप की बात

### ऊर्जा संरक्षण

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। भारत विशाल आबादी वाला देश है और यहां की ऊर्जा जरूरतें भी बहुत ही संवेदनशील हैं। इसलिए भारत के लिए यह बेहतर विकल्प होगा कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक तो आयात से निर्भरता कम करे और दूसरे स्वच्छ ईंधन की तरफ आगे बढ़े। स्वच्छ एवं वैकल्पिक परिवहन ईंधन जरूरी है।

**विनोद कुमार सिंह, लखनऊ.**

### सड़कों पर सुरक्षा

हाइवे और एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार के कारण बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं होती हैं और यह इतनी भीषण होती हैं कि तेज रफ्तार के चक्कर में प्रायः जिंदगी की रफ्तार ही थम जाती है। आगरा एक्सप्रेस वे, ताज एक्सप्रसे वे, शहीद पथ, जैसे हाइवे दुर्घटनाओं का पर्याय बन गये हैं। अगले कुछ सालों में प्रदेश में चार-पांच और एक्सप्रेव शुरू होंगे। जाहिर है यहां भी रफ्तार का कहर हो सकता है। देश एवं प्रदेश में भी तेजी के साथ हाईवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। लखनऊ में शहीद पथ, लखनऊ से आगरा जाने वाली लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे आदि पर दुर्घटनाएं आम बात हो गयी हैं।

**संजीव श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

### 15 को सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों का प्रशिक्षण

**बाराबंकी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन प्रक्रिया की शुचिता एवं निर्वाचक नामावली के शुद्धिकरण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी 15 सितम्बर 2025 को 12 बजे से डीआरडीए सभागार मे आयोजित होगा। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी कमल किशोर ने बताया कि इस प्रशिक्षण में निर्वाचन से संबंधित आवश्यक बिंदुओं की जानकारी विस्तार से दी जाएगी। ताकि निर्वाचक नामावली से जुड़े समस्त कार्य समयबद्ध एवं शुद्ध रूप से सम्पन्न हो सकें। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने की अपील की।

### 15 को प्रशिक्षित किये जायेंगे सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी

बहराइच। जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जनपद स्तर पर समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तथा बूथ लेवल अधिकारियों का निर्वाचक नामावली से संबंधित आगामी पुनरीक्षण के दृष्टिगत प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। प्रशिक्षण के दौरान पुनरीक्षण कार्य से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्वाचक नामवलियों से संबंधित विधिक प्रावधानों, बीएलओ ऐप, ईआरओ/आईटी की विविध गतिविधियों, उनके दायित्व एवं कर्तव्य इत्यादि के बारे में अवगत कराया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री त्रिपाठी ने बताया कि जनपद के समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के लिए कलेक्ट्रेट सभागार बहराइच में 15 सितम्बर 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-285 महसी के ईआरओ/ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट आलोक प्रसाद द्वारा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

### जनपद में अब तक बंट चुकी 65010 टन यूरिया

बहराइच। जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव द्वारा अवगत कराया गया है वर्तमान में जिले में 3329 मै.टन यूरिया, 5353 मै.टन डीएपी, 3777 मै.टन एनपीके एवं 12822 मै.टन सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक उपलब्ध है। जनपद की सभी समितियो पर उर्वरक लगातार भेजा जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा यूरिया वितरण कार्य की सघन निगरानी की जा रही है। जनपद में अब तक 65010 मै.टन यूरिया का वितरण किया जा चुका है। गत बृहस्पतिवार को जिले में 478 मै.टन यूरिया का वितरण किया गया है। जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में एसएसबी व पुलिस विभाग से समन्वय कर बड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिला कृषि अधिकारी डॉ. यादव ने बताया कि जनपद में उर्वरक की कमी नहीं है लगातार यूरिया रैक प्राप्त हो रही है। जिले को प्राप्त होने वाली उर्वरक को सहकारी समितियों एवं प्राइवेट दुकानदारों के यहां भेजा जा रहा है। उन्होंने किसानों को सुझाव दिया है कि यूरिया उर्वरक को एडवांस में खरीद कर भंडारण ना करें। किसानों को समय पर एवं सही मूल्य पर खाद उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है ।

# दुर्गा पूजा महोत्सव का होगा भव्य आयोजन

## एसपी सिटी ने दुर्गापूजा समितियों के पदाधिकारियों के साथ की बैठक



अयोध्या। दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारी के संबंध में जिला प्रशासन और केंद्रीय समिति के पदाधिकारी तथा नगर के सभी दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में एक बैठक कोतवाली नगर के प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक नगर चक्रपाणि त्रिपाठी ने सभी समितियां को आश्वस्त करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा और रामलीला का पर्व भव्यतम तरीके से संपन्न कराई जाएगी। किसी भी श्रद्धालु को कोई समस्या नहीं आने दिया जाएगा। पुलिस के साथ ही अर्धसैनिक बलों, महिला पुलिस और सादे कपड़ों में खुफिया पुलिस की भी तैनाती की जाएगी। श्री त्रिपाठी ने सभी दुर्गा पूजा समितियों से आग्रह किया कि अपने-अपने पंडालों पर सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगाए और इसके साथ ही अग्निशमन के उपाय भी अवश्य सभी पंडालों पर रहे जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर तुरंत उसको नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी परंपरागत कार्यक्रम भव्य और गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाएंगे लेकिन किसी नई परंपरा की अनुमति कतई नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही आसामाजिक तत्वों को चिन्हित करके उनको भी विशेष निगरानी के दायरे में रखा जाएगा जिससे इस त्यौहार में किसी प्रकार की कोई समस्या आने की संभावना न रहे।

इसके पूर्व तमाम समितियों से आए हुए पदाधिकारियों ने अपने-अपने पूजा से संबंधित समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया। केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व के वर्षों में एवं इस वर्ष गणेश पूजा में हुई समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया। उन्होंने मांग किया कि त्योहार के पूर्व ही नगर के सभी सड़क ठीक हो जाए। नालियों पर पत्थर रख दिए जाएं, सभी छोटे-बड़े नालों की सफाई हो जाए, जहां जलभराव की दिक्कत आ रही है उसका भी यथा संभव निदान अवश्य कर दिया जाए। नाका चुंगी से चैक और जमुनियाबाग से सिविल लाइन तक भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किया जाना अत्यंत ही आवश्यक है। नगर के सभी संवेदनशील गलियों पर विशेष निगरानी रखी जाए। विसर्जन स्थल पर पर्याप्त जल की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने की मांग श्री जायसवाल ने प्रशासन के समक्ष रखी। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय समिति के सहसंयोजक गगन जायसवाल ने मांग किया कि राजकीय इंटर कॉलेज के गेट को ऊंचा कर दिया जाए जिससे वहां पर कोई मूर्ति फंसने की समस्या ना रहे इसके अलावा शराब पीने वालों पर विशेष कार्रवाई करने की मांग किया और सहादतगंज में लगने वाले जाम के लिए योजना बनाने की आग्रह भी प्रशासन से किया। केंद्रीय समिति के रामलीला प्रभारी प्रेमनाथ राय ने समन्वय बनाकर त्योहार को सुंदर ढंग से मनाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन केंद्रीय समिति के पुलिस विभाग के समन्वयक जे एन चतुर्वेदी ने किया। केंद्रीय समिति के विद्युत विभाग के समन्वयक सुप्रीत कपूर ने कहा कि लगभग सभी पंडालों पर पूजा की तैयारी आरंभ हो गई है और समय ज्यादा नहीं बचा है इस वजह से समस्याओं के निराकरण का कार्य शीघ्रता से किया जाना आवश्यक है। बैठक को केंद्रीय समिति के केशव बिगुलर, अतुल सिंह, अखिलेश पाठक, पवन निषाद, अजय विश्वकर्मा, देवेंद्र अग्रहरि, तरुण गुप्ता डंपी आदि ने भी संबोधित किया। बैठक में क्षेत्राधिकार नगर शैलेंद्र सिंह प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अश्वनी पांडे सभी चैकी प्रभारी के साथ केंद्रीय समिति के शिव जी गौड़, बजरंगी साहू, चंदन गुप्ता, दीपक गौतम, जनार्दन पांडे, डॉक्टर अखिलेश वैश्य, रोहिताश्व चंद्र राजू, अंजनी पांडे, अंकुश गुप्ता, मोहित गुप्ता, ओमेश अग्रहरि, अंश गुप्ता के साथ दुगार्पूजा समितियों से अशोक गुप्ता, प्रमोद गौड़, कर्मवीर राय, शोभित कपूर, अवधेश तिवारी, अनमोल विश्वकर्म, मीना शर्मा, राज केसरवानी सहित सैकड़ो की संख्या में दुगार्पूजा आयोजन समितियों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### नवरात्र में कोयंबटूर के आदियोगी की झांकी का मिलेगा दर्शन

अयोध्या । श्री राम जानकी मंदिर फतेहगंज में आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारी शुरू हो गई है । नवयुवक क्रांतिकारी संघ सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में होने वाले श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव का यह 53वा वर्ष है । संघ के वरिष्ठ अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि इस बार तमिलनाडु के शहर कोयंबटूर स्थित आदियोगी की तर्ज पर विशालकाय प्रतिमा की झांकी सजाई जा रही है । बाहरी कलाकारों द्वारा झांकी की सजावट की जा रही है । इसके अलावा पहाड़, झरने, गुफा भी झांकी में बनाये जा रहे है साथ में महाकाल, पशुपतिनाथ की भव्य प्रतिमा व महिषासुर मर्दिनी के दरबार के साथ और कई झांकियां भी सजाई जाएगी । झांकी के दर्शन 22 सितंबर से प्रारंभ हो जाएगा । जिसमें श्रद्धालु प्रथम दिन से ही झांकियों का दर्शन कर सकेंगे ।

## संगठन की कमजोरी के चलते आया नौकरी पर संकट : विश्वनाथ

- **टेट परीक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर किया विचार विमर्श**
- **मिल्कीपुर ब्लॉक इकाई के पदाधिकारी एवं शिक्षकों ने बैठक कर बनायी रणनीति**



मिल्कीपुर-अयोध्या। जब तक शिक्षकों का संगठन मजबूत था तब तक शिक्षकों को बहुत कुछ मिला संगठन के कमजोर होते ही सुविधा छिनती जा रही हैं। जिसका परिणाम है कि आज नौकरी पर संकट आ गया है। यह बातें उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षक संघ संबंध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली के वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह ने मिल्कीपुर ब्लॉक इकाई के शिक्षकों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। संगठन के मिल्कीपुर ब्लॉक इकाई की बैठक शुक्रवार को चमनगंज स्थित देव पैलेस सभागार में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक उमा प्रसाद यादव ने की। बैठक के मुख्य अतिथि संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह एवं विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत शिक्षक एवं संगठन के संरक्षक भीम सिंह अकेला रहे। बैठक में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शिक्षकों को टेट परीक्षा उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता का मुद्दा जोर शोर से उठा। जहां शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि टीईटी परीक्षा कदापि स्वीकार्य नहीं है।

बैठक का संचालन करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि जब हमारे नियुक्ति जिस विज्ञापन के तहत हुई थी उसे समय हम सभी साथी शिक्षकों ने सारी अर्हता पूर्ण की थी। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री सिंह ने मौजूद शिक्षकों को भरोसा दिलाया कि उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है, पूरी मजबूती के साथ शिक्षकों का पक्ष सुप्रीम कोर्ट के सामने पुनः रखा जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष एवं शिक्षक नेता रहे उमा प्रसाद यादव ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेश में टेट परीक्षा को लेकर विस्तार से बिंदवार चर्चा की और कहा कि टेट परीक्षा की अनिवार्यता शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 लागू होने के साथ-साथ हो गई थी, किंतु तत्कालीन सरकार ने इसे दबाए रखा था। बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री राजेश कुमार ने मौजूद सभी शिक्षकों एवं पदाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक को शिक्षक अजय द्विवेदी, शुभम, राजेश सिंह, कमलेश गोस्वामी सहित दर्जनों शिक्षकों ने संबोधित किया। बैठक में प्रमुख रूप से संगठन के पूर्व मंत्री जगदंबा प्रसाद पांडे, डॉ अतुल पांडे, कोषाध्यक्ष रजनी यादव, प्रमोद श्रीवास्तव, ममता यादव, सुमेधा, परवीन अख्तर, रीता श्रीवास्तव, मीना त्रिवेदी, मीरा देवी, नीलू यादव, रमाकांत वर्मा, अजय द्विवेदी, विजय सिंह, भगवान बक्श मिश्रा, मदनलाल मौर्य, वीरेंद्र कुमार, सौरभ पांडेय, शैलेंद्र तिवारी, उर्मिला, रामलगन लक्ष्मी, अभिषेक यादव, शुभम सिंह, विज्ञात, रुचि मिश्रा एवं सुधा गुप्ता सहित दर्जनों शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

## वन्यजीव के हमले में तीन माह की बच्ची की मौत

बहराइच । जिले के एक गांव में कथित तौर पर एक अज्ञात वन्यजीव के हमले में तीन माह की बच्ची की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि इसी घटनास्थल से कुछ दूरी पर वन्यजीव के हमले की एक अलग घटना में एक महिला घायल हो गई। परिजन इस हमले को भेड़िये द्वारा किया गया बता रहे हैं, लेकिन वन विभाग अभी यह स्पष्ट नहीं कर सका है कि हमला किस जानवर ने किया। कैसरगंज वन रेंज के रेंज अधिकारी ओंकार नाथ यादव ने बताया कि बृहस्पतिवार रात महसी तहसील की ग्राम पंचायत सिपहिया प्यूली के गांव गोहरवा निवासी दिनेश तिवारी की तीन माह की बेटी संध्या अपनी मां के साथ घर के बरामदे में सो रही थी तभी रात लगभग साढ़े तीन बजे एक अज्ञात जंगली जानवर उसे उठाकर ले गया। सूचना मिलने पर वन विभाग, पुलिस व प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से थर्मल कैमरा युक्त ड्रोन की सहायता से बच्ची की तलाश शुरू की गई। दिन निकलने पर घर से कुछ दूर एक खेत में बच्ची की सिर्फ खोपड़ी बरामद हुई। पुलिस ने उसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के तुरंत बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए, जिससे हमलावर वन्यजीव के पैरों के निशान स्पष्ट नहीं मिल पाए। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट या जांच के बाद ही यह पता चल सकेगा कि हमलावर जानवर कौन था। उन्होंने बताया कि फिलहाल गांव के पास पिंजरा लगाकर वन्यजीव को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। कैसरगंज तहसील की मझारा तौकली ग्राम पंचायत के हेमलेट बभनावा में भी वन्यजीव के हमले की एक अन्य घटना सामने आई। यादव ने बताया कि बृहस्पतिवार देर शाम गांव निवासी शिव प्यारी ( 60 ) घर के आंगन में गाय को रोटी खिला रही थीं, तभी एक अज्ञात वन्यजीव ने पीछे से उन पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं।

## डिजिटल अरेस्ट से बचाव व समाधान की जानकारी



**बाराबंकी।** कुछ समय से डिजिटल अरेस्ट शब्द बार-बार सुर्खियों में आ रहा है। इसकी वजह से कई लोगों को डिजिटल अरेस्ट के नाम पर लाखों और करोड़ों रुपये तक का नुकसान झेलना पड़ा है। डिजिटल अरेस्ट से बचाव को लेकर जनपद के साइबर सेल मे तैनात साइबर एक्सपर्ट आरक्षी राजन यादव ने बातचीत करने पर उन्होने बताया कि डिजिटल अरेस्ट कोरियर स्कैम, आधार-पैन कार्ड का दुरुपयोग, क्रेडिट कार्ड, बैंक अकाउंट फ्रीज, सिम कार्ड बंद करने की धमकी, क्रिप्टोकरेंसी निवेश, पोर्न वीडियो देखने व झूठे मुकदमे में फँसाने की धमकी आदि के माध्यम से साइबर ठग शर्म और डर का फायदा उठाकर पैसों की उगाही करते हैं। पूरे स्कैम की शुरूआत सरल मैसेज, ईमेल, या व्हाट्सऐप संदेश से होती है। जिसमें दावा किया जाता है कि पीड़ित व्यक्ति किसी तरह की आपराधिक गतिविधियों में संलग्न है। इसके बाद उसे वीडियो या फोन कॉल करके कुछ खास प्रक्रिया से गुजरने के लिए दबाव डाला है। और पुष्टि के लिए कई तरह की जानकरियां भी मांगी जाती हैं. ऐसे कॉल करने वाले खुद को पुलिस, नॉरकोटिक्स, साइबर सेल पुलिस, इनकमटैक्स या सीबीआई अधिकारियों की तरह बाकायदा किसी ऑफिस से यूनिफॉर्म में कॉल करते हैं। साइबर एक्सपर्ट आरक्षी श्री यादव ने आगे बताया कि कोई भी पुलिस, कोर्ट या सरकारी अधिकारी फोन या वीडियो कॉल पर डिजिटल अरेस्ट नहीं करता। इससे बचाव हेतु किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और ओटीपी या बैंक डिटेल्स साझा न करें। इस तरह के मामलों में तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल या साइबरक्राइम-जीओवी-एन पर शिकायत दर्ज करें। डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड लोगों को डराकर पैसे ऐंठने का नया तरीका है। सतर्क रहे।

## प्रवर्तन टीम ने बिना हेलमेट 10 दोपहिया वाहनों के किये चालान



बाराबंकी। नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान के तहत आज परिवहन विभाग की टीम ने दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रो एंव ग्रामीण अचंलो पर बिना हेलमेट 10 दोपहिया चालको को रोकते हुये चालान तथा चालको को जागरुक भी किया। अभियान की जानकारी देते हुये सहायक सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि आज शुक्रवार को यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न पेट्रोल पम्प पर बिना हेलमेट 10 वाहनो के चालान किये। तथा पेट्रोल पम्प संचालको को हर ग्राहक को हेलमेट पहनने एंव बिना हेलमेट फ्यूल न दिये जाने को लेकर निर्देशित किया। अभियान के दौरान 2 ओवरलोड़ वाहनो को भी थाना असन्द्रा व मोहम्मदपुर मे सीज किया गया।

## कृषि मंत्रालय ने किया आकांक्षी विकासखंड निंदूरा का निरीक्षण



बाराबंकी। कृषि मंत्रालय अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार/उ0प्र0नोडल ऑफिसर संजीव नारायण माथुर ने आकांक्षी विकासखंड निंदूरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री माथुर ने कंपनी के सदस्यों से उनकी आजीविका, उत्पादन, विपणन और अन्य कृषि संबंधित चुनौतियों पर गहन चर्चा की। उन्होंने कृषकों की आय दोगुनी करने, सशक्तिकरण एवं उत्पादकता में वृद्धि, तथा एफपीओ के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के उपायों पर विशेष जोर दिया। श्री माथुर ने फार्म मशीनरी बैंक का भी निरीक्षण करते हुये मशीनरी की उपलब्धता, रखरखाव तथा उपयोग की स्थिति की समीक्षा की। एवं संबंधित अभिलेखों की गहनता से जांच की। अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार श्री माथुर ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार कृषकों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। तथा सभी योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचाना प्राथमिकता है। इस अवसर पर निदेशक वित्त विपुल त्रिपाठी, अनुसचिव, भारत सरकार नैना वैश्य, उप कृषि निदेशक धीरेन्द्र सिंह, उप कृषि निदेशक, भूमि संरक्षण, लखनऊ विनय सिंह, कृषि रक्षा अधिकारी लखनऊ महेश चंद्र, भूमि संरक्षण अधिकारी गोमती सौरभ कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी कुर्सी विनोद कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

## मांगों को लेकर शिक्षकों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



अयोध्या। उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक जनपदीय शाखा के पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर जिला बेसिक कार्यालय से निकलकर सदर तहसील पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने अपनी मांगों को लेकर मजिस्ट्रेट को एक ज्ञापन सौंपा। संघ के महामंत्री चंद्रजीत यादव ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार सेवारत शिक्षकों को जिनकी सेवा अवधि 5 वर्ष से अधिक है, उन्हें शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने के आदेश दिए गए हैं। लेकिन इसी आदेश में 3 सितंबर 2001 तक के नियुक्त शिक्षकों को मुक्त किए जाने की बात कही गई है। इसके अलावा, 23 अगस्त 2010 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को भी शिक्षक पात्रता परीक्षा से मुक्त किए जाने की बात कही गई है उन्होंने बताया कि इस आदेश के कारण देश और उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षक नौकरी जाने के भय से परेशान और अवसादग्रस्त हो रहे हैं। जबकि सभी बेसिक शिक्षकों को तत्समय विभाग द्वारा निर्धारित सेवा शर्तों और योग्यता को पूर्ण करते हुए नियुक्त किया गया था। शिक्षक पात्रता परीक्षा छब्ज्म्द्वारा 23 अगस्त 2010 को अधिसूचना जारी की गई और शिक्षा अधिकार अधिनियम 2011 में लागू किया गया। उन्होंने बताया कि यदि उपरोक्त अधिसूचनाओं के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा में लाया जाता है, तो यह उचित नहीं होगा और देश के लगभग 40 लाख शिक्षक और उनके परिवार प्रभावित होंगे। इस प्रदर्शन में परदेसिया प्रचार मंत्री सी पी यादव मंडलीय महामंत्री धर्मेंद्र सिंह मंडल उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता मंडल उपाध्यक्ष हरे कृष्ण निषाद जिला अध्यक्ष अरुण तिवारी महानगर अध्यक्ष कृष्ण गोपाल श्रीवास्तव महामंत्री कासिम मेहंदी नीलम मिश्रा सावित्री मौर्य पूर्णिमा सिंह सरोज वर्मा किरण सिंह विमल यादव कंचन पांडे मिथिलेश संगीता चैधरी रीना मौर्य कीर्ति सीखा सैकड़ो की संख्या में शिक्षक का मौजूद रहे।

## भाजपा सरकार में शिक्षक सबसे ज्यादा परेशान: पवन पाण्डेय



अयोध्या। शुक्रवार को पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने गुरुकुल महाविद्यालय में शिक्षकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम प्रदेश उपाध्यक्ष छात्र सभा शिवांशु तिवारी के संयोजन में संपन्न हुआ, कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष दान बहादुर सिंह ने किया व अध्यक्षता वीरेंद्र पांडे ने की, इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान हमेशा समाजवादी पार्टी ने किया है, आज सबसे ज्यादा भाजपा सरकार में शिक्षक ही परेशान है, आज शिक्षक अगर अपने हक के लिए आवाज उठाता है तो उस पर भाजपा सरकार में लाठियां बरसाई जा रही है, आज दो साल में टीईटी परीक्षा पास करने को कहा जा रहा है अगर न किया तो नौकरी छोड़ना पड़ेगा, आज शिक्षक परेशान है, पूर्व मंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर इन सब तानाशाही आदेशों को समाप्त किया जाएगा और शिक्षा कैसे और अच्छी हो शिक्षकों का सम्मान हो ये सोच हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी की है। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने सभी शिक्षकों वीरेंद्र कुमार पांडे, श्रवण कुमार मिश्रा, विजय शंकर दूबे, राम प्रकाश चैबे, जय गुरुदेव शुक्ला, राम किशोर झा, शशिकांत दास, राजेश्वर कुमार मिश्रा, राजेंद्र कुमार तिवारी, कौशलेंद्र सिंह, संतोष तिवारी, कामना पांडे, राजेंद्र प्रताप सिंह, अरुण कुमार द्विवेदी, क्षमा पांडे, देव व्रत मिश्र, रण विजय यादव, श्रीमती रूपम पाठक, सचिंद्र सिंह, श्रीमती नूतन द्विवेदी, अजय कुमार शुक्ला को सम्मानित किया। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम, उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, प्रवक्ता राकेश यादव संजय सिंह, डा घनश्याम यादव , प्रदेश उपाध्यक्ष छात्र सभा शिवांशु तिवारी, रोहित तिवारी , आलोक पांडेय , दीपक शुक्ला , अंकित यादव , अतुल तिवारी , अनमोल पाल , अथर्व सिंह, विक्रम सिंह, ज्ञानु यादव, अवनीश यादव, अंकित यादव, आर्यवीर सिंह, नीतीश श्रीवास्तव , अजय मिश्रा इत्यादि लोग मौजूद थे।

## गाजियाबाद के युवक ने एटीएम बदल कर निकाले थे 40 हजार



अयोध्या। नगर कोतवाली क्षेत्र निवासी उपभोक्ता का एटीएम कार्ड बदलकर उसके बैंक खाते से 40 हजार रुपए गाजियाबाद निवासी युवक ने निकाले थे। सीसीटीवी फुटेज से मिले सुराग के आधार पर नगर कोतवाली पुलिस ने उसको नवीनमंडी फ्लाई ओवर से गिरफ्तार किया है। आरोपी का मेडिकल परीक्षण करवा चालान किया है। चैकी प्रभारी रिकाबगंज उपनिरीक्षक रघुवीर सिंह ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के खिड़की अली बेग रिकाबगंज का निवासी आनंद कुमार पुत्र स्व.मिठाई लाल सोमवार को रकम निकालने के लिए सिविल लाइन क्षेत्र स्थित पीएनबी बैंक के एटीएम गया था। दोपहर 12 बजे वह अपने एटीएम कार्ड से रकम निकाल ही रहा था कि मशीन से रुपया निकलने के पूर्व एटीम बूथ में घुसे एक व्यक्ति ने उसको ट्रांजेक्शन तत्काल कैंसिल करने को कहा था। इसी दौरान युवक ने एटीएम कार्ड बदल लिया। थोड़ी देर बाद मोबाइल पर 40 हजार रुपए निकाले जाने का मैसेज आया तो ठगे जाने की जानकारी हुई थी। जिसके बाद पीड़ित ने नगर कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस ने आरोपी 21 वर्षीय विमल बंसल पुत्र जय प्रकाश निवासी अंगरौला थाना ट्रोनिका सिटी जिला गाजियाबाद को गिरफ्तार किया है।

## विजन डॉक्यूमेंट 2047 के निर्माण के लिए संवाद कार्यक्रम



बहराइच । विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प/2047 के लिए कार्ययोजना तैयार किये जाने के उद्देश्य से सेवानिवृत्त आई.एफ.एस. कार्तिक कुमार सिंह व से.नि. मुख्य अभियन्ता सिंचाई मन्साराम शुक्ला, प्रोफेसर लखनऊ विश्वविद्यालय अभिषेक कुमार तिवारी व वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या डॉ. सी.पी.एन. गौतम के पैनल ने वन, भूमि, व्यवसाय, पशुधन, शिक्षा, महिला कल्याण, बाल विकास, समाज कल्याण, दिव्यांगजन, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, निर्माण, प्राविधिक शिक्षा, व्यावसासिक शिक्षा, कौशल विकास व राज्य मार्ग से सम्बन्धित अधिकारियों, एन.जी.ओ., उद्यमियों, एफपीओ, स्वयं सहायता समूह की महिलाओ व अन्य सम्बन्धित के साथ विकास भवन सभागार में संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि मा. प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का विजन है कि वर्ष 2047 तक आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर भारत विकसित देश हो और सभी क्षेत्रों में राष्ट्र सशक्त हो। विकसित राष्ट्र की परिकल्पना तभी पूर्ण होगी जब विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित बहराइच होगा। इसी विजन को पूरा करने के लिए विजन डॉक्यूमेंट 2047 का निर्माण किया जाना है। इसके लिए हर परिवार सीधे सरकार तक अपने सुझाव दे सकते हैं। आकांक्षी जनपद के विकास हेतु इच्छुक व्यक्ति अपने महत्वपूर्ण सुझाव क्यू आर कोड अथवा समर्थउत्तरप्रदेश डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन के माध्यम से उपलब्ध करा सकते हैं। चयनित सुझावों को जनपद/प्रदेश स्तर पर पुरस्कृत भी किया जाएगा।

पैनल के अधिकारियों ने बताया कि विकसित उत्तर प्रदेश-2047 की कार्ययोजना तैयार करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण 12 सेक्टरों संतुलित विकास, सामाजिक सुरक्षा एवं गरीब कल्याण, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, शिक्षा एवं कौशल विकास, आर्थिक समृद्धि, कृषि विकास, पशुधन, औद्योगिक विकास, आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स, पर्यटन विकास, नगर विकास एवं अवस्थापना विकास का चयन किया गया है। जनभागीदारी से विजन डॉक्यूमेंट 2047 का निर्माण करने के उद्देश्य से 500 से अधिक विषय-विशेषज्ञों सेवानिवृत्त आईएएस, आईपीएस, वैज्ञानिक, कुलपति एवं प्रोफेसर्स, चिकित्सक, सेक्टोरल विशेषज्ञों का पैनल जिलों में संवाद के लिए जा रहे हैं।

अधिकारियों ने कहा कि विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश का सपना केवल सरकार का नहीं, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश का साझा लक्ष्य है। सरकार की कोई भी योजना तभी सफल होती है, जब जनता उसे विश्वास और सक्रिय सहभागिता के साथ आगे बढ़ाती है। विकसित उत्तर प्रदेश की परिकल्पना भी हर प्रदेशवासी के सहयोग से ही साकार होगी। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी घासीराम, उपायुक्त जीएसटी चन्द्रकेश गौतम सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

संक्षेप

## अनुराग त्रिपाठी को मिली पीएच.डी. की उपाधि

**अमेठी।** जिले के ग्राम बंदोईय निवासी अनुराग त्रिपाठी पुत्र घनश्याम त्रिपाठी जो कि के.एनआईपीएसएस, सुलतानपुर के रसायनशास्त्र विभाग में शोधार्थी रहे हैं, जो सफलतापूर्वक अपना पीएच.डी. मौखिकी (VIVA) पूरा कर लिया है। उन्होंने प्रोफेसर आर.पी. सिंह के निर्देशन में रसायन विज्ञान विषय पर शोध कार्य किया। उनके शोध का मुख्य उद्देश्य नदी में जल की कमी और प्रदूषण के कारणों को समझना रहा। पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त कर अनुराग त्रिपाठी ने न केवल अपने परिवार, गुरुजन व महाविद्यालय का मान बढ़ाया है, बल्कि जिले का नाम भी गौरवान्वित किया है। गाँव और कॉलेज के लोगों ने उनकी उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं।

## शौच को गये अधेड़ से मारपीट, दो गिरफ्तार

**सुलतानपुर।** दोस्तपुर थाना क्षेत्र के बिरईपुर भटपुरा गांव में गुरुवार अलसुबह एक अधेड़ व्यक्ति के साथ अमानवीय व्यवहार की घटना सामने आई है। शौच के लिए गए प्रसिद्ध नारायण मिश्र के साथ गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट की, उन्हें जातिसूचक गालियां दीं और अपमानित कर वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बीएनएस की धारा 115(2), 352, 351(2) व 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने दबिश देकर दो आरोपियों- असहाव और मटः को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में शामिल अन्य दो आरोपियों की तलाश जारी है। क्षेत्राधिकारी ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि यह कृत्य समाज के लिए शर्मनाक है। दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। कानून अपने हाथ में लेने वालों को किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की तत्परता से ग्रामीणों में न्याय की उम्मीद जगी है और पीड़ित परिवार ने प्रशासन का आभार जताया है। घटना के वीडियो की फॉरेंसिक जांच भी कराई जा रही है।

## सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों ने मारी बाजी

**कादीपुर, सुलतानपुर।** संकुल स्तरीय वैदिक गणित विज्ञान एवं सांस्कृतिक महोत्सव 2025 में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंड के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय विवेकानंद नगर सुलतानपुर में आयोजित संकुल स्तरीय वैदिक गणित, विज्ञान एवं सांस्कृतिक महोत्सव प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंड की छात्रा तान्या तिवारी ने बाल वर्ग के गणित प्रयोग में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं किशोर वर्ग गणित प्रयोग में आयुषी पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। किशोर वर्ग गणित प्रदर्शन में अंकिता ने प्रथम एवं किशोर वर्ग प्रशन मंच प्रतियोगिता में सम्राट बरनवाल, आशीष वर्मा एवं अभिषेक पांडे की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। तरुण वर्ग गणित प्रदर्शन में विराट प्रताप सिंह एवं प्रियांशु कुमार धुरिया ने प्रथम स्थान हासिल किया। तरुण वर्ग विज्ञान प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र हर्षवर्धन श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आचार्य पत्र वाचन में विद्यालय के आचार्य नीरज पांडे को प्रथम स्थान हासिल हुआ। शुक्रवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य अवधेश कुमार मिश्र ने सभी विजयी छात्र छात्राओं को मेडल पहनकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# विधायक अदिति सिंह ने ग्रामीणों के बीच किया भ्रमण, सुनीं समस्याएं

## त्वरित समाधान के लिए दिये अधिकारियों को निर्देश



**रायबरेली।** रायबरेली सदर विधानसभा क्षेत्र की विधायक अदिति सिंह ने विकास खंड राही अंतर्गत बकवारा, सकरा, पूरे सधई, नया पुरवा एवं पूरे चंद्रशेखर गांवों का व्यापक भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और क्षेत्रीय विकास के लिए महत्वपूर्ण सुझावों पर विचार-विमर्श किया। यह भ्रमण ग्रामीण स्तर पर जनता की अपेक्षाओं को समझने और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को गति देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम साबित हुआ।

विधायक अदिति सिंह, भ्रमण के दौरान स्थानीय निवासियों से मुलाकात की। बकवारा गांव में पहुंचते ही उन्होंने ग्रामीणों का स्वागत किया और गांव की सड़कों, जल निकासी व्यवस्था तथा बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में हो रही देरी, पीने के पानी की कमी व बिजली आपूर्ति की अनियमितता जैसी समस्याओं को उठाया। अदिति सिंह ने इन मुद्दों पर तत्काल ध्यान देने का आश्वासन देते हुए, संबंधित विभागों जैसे लोक निर्माण विभाग, जल निगम तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों को फोन पर आवश्यक निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा, ग्रामीणों की आवाज ही हमारी प्राथमिकता है। सकरा गांव में भ्रमण के दौरान विधायक ने महिलाओं और युवाओं के साथ विशेष चर्चा की। यहां ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्रों की खराब स्थिति का जिक्र किया। अदिति सिंह ने विभाग के अधिकारियों से बातचीत कर इन मुद्दों पर कार्रवाई का आदेश दिया। अदिति सिंह ने भ्रमण के अंत में एक छोटी सी सभा को संबोधित करते हुए कहा, हमारा उद्देश्य रायबरेली सदर को एक आदर्श क्षेत्र बनाना है। ग्रामीणों की भागीदारी से ही विकास संभव है। मैं नियमित रूप से ऐसे भ्रमण जारी रखूंगी ताकि कोई समस्या अनसुनी न रहे।

### आरोपियों की हो गिरफ्तारी

**सुलतानपुर।** बीते छह सितम्बर को दोस्तपुर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत छावनी निवासी राजभवन सोनकर के ऊपर दबंगों ने हमला कर दिया था, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल का इलाज मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर में चल रहा है। पीड़ित के भाई हरिलाल ने एसपी कुंवर अनुपम सिंह से मिलकर आरोपियों की गिरफ्तारी की गुहार लगाई है।

## संपर्क मार्ग को जोत लेने के मामले में 4 लोगों पर गंभीर धाराओं में केस पंजीकृत

**महराजगंज, रायबरेली।** मनरेगा योजना के अंतर्गत सरकारी धन से बनवाए गए संपर्क मार्ग को दबंगों द्वारा जबरन जोतकर कब्जा कर धान की रोपाई कर दी गई है। जिसको गंभीरता से लेते हुए ग्राम विकास अधिकारी मनोज कुमार यादव द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह द्वारा जारी किए गए पत्र पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

बताते चलें कि कार्यालय बीडीओ विकासखंड महराजगंज जनपद रायबरेली से प्राप्त पत्रांक के क्रम में ग्राम पंचायत जमुरावां में मनरेगा योजना के अंतर्गत संपर्क मार्ग निर्माण भाई लाल के मंदिर से शीतला के दरवाजे तक का निर्माण कराया गया था जिसे रामकुमार पुत्र जगेश्वर रामकंठ पुत्र रामकुमार व सत्यम पुत्र रामकंठ एवं शुभम पुत्र रामकंठआदि निवासी ग्राम पूरे बेलास मजरे जमुरावां ने जुताई करके उसमें धान की रोपाई कर दिया है। जबकि उक्त कार्य का निर्माण राजस्व टीम की पैमाइश के आधार पर कराया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। वहीं मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव का कहना है कि ग्राम विकास अधिकारी मनोज कुमार यादव की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ कब्जा करने के मामले में मुकदमा पंजीकृत किया गया है जांच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## सामाजिक संस्कृति व महाकाव्य पर हुई विचार गोष्ठी

**सुलतानपुर (वीओएल)।** शुक्रवार को कमला नेहरु संस्थान के समाजशास्त्र विभाग मे विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। विचार गोष्ठी का आयोजन भारतीय सामाजिक संस्कृति एवं महाकाव्य विषय पर रहा। गोष्ठी मे आरबीएस कॉलेज इतिहास विभाग वाराणसी के डॉ मुकेश प्रताप सिंह ने सारगर्भित व्याख्यान दिया। भारतीय संस्कृति एवं महाकाव्य के बारे में डॉ. सिंह ने बताया कि भारतीय संस्कृति विश्व की पुरातन संस्कृति है जिसका समाज के संगठन मे सदैव योगदान रहा। साथ ही साथ सामाजिक परिष्करण व नियम अनुपालन का वास्तविक झलक भारतीय महाकाव्यों मे दिखता है। अतः भारतीय संस्कृति को जानना व समझना है तो पुरी बारीकी से भारतीय महाकाव्यो का अध्ययन आवश्यक है। इन्होंने हिन्दू और मुस्लिम संस्कारो के सामाजिक व वैज्ञानिक पक्षो को भी रेखांकित किया। अपने वक्तव्य मे भारतीय समाज की वर्ण व्यवस्था, आश्रम व्यवस्था, पुरुषार्थ व यज्ञ कर्म जैसे जीवन्त जैसी संस्कारों पर भी प्रकाश डाला।

# लोस चुनाव के बाद वापस गांव नहीं पहुंचे सफाई कर्मचारी

- नालियों और स्कूलों की सफाई व्यवस्था चौपट

जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान पर करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। लोकसभा चुनाव के दौरान ड्यूटी पर गए सफाई कर्मचारियों का गांव लौटना तो दूर, उनके बारे में विभाग को भी कोई जानकारी नहीं है। इससे गांवों की नालियां गंदगी से पटी पड़ी हैं, जबकि स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ सफाई की व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। उदासीन अधिकारियों की लापरवाही से सरकारी योजनाओं पर पानी फिर रहा है।

लोकसभा चुनाव 2024 के बाद रायबरेली जिले के कई गांवों में सफाई कर्मचारियों की कमी से हाहाकार मचा हुआ है। विभागीय स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई न होने से ग्रामीणों को नालियों की गंदगी और कचरे के ढेर से जूझना पड़ रहा है। विशेष रूप से, दो सफाई कर्मचारियों के मामले ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक तरफ कर्मचारी गायब हो चुके हैं, तो दूसरी तरफ कुछ कर्मचारी केवल ड्यूटी के नाम पर हाजिरी लगाते घूम रहे हैं।

### अमर चौरसिया झाड़ू से कोसों दूर, दलाली में व्यस्त

दूसरा मामला सफाई कर्मचारी अमर चैरसिया का है, जो ब्लॉक राही के एक गांव में तैनात हैं। अमर का रिकॉर्ड ऐसा है कि उन्होंने कभी झाड़ू हाथ में नहीं थामी। वे केवल जिला मुख्यालय पर अधिकारियों की हां-हुजूरी और दलाली में समय बिता रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि अमर की अनुपस्थिति से गांव की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। वह नौकरी का समय तो काट रहा है, लेकिन काम का नामोनिशान नहीं,ष एक स्थानीय निवासी ने बताया। विभागीय जांच में अमर के रिकॉर्ड की पुष्टि हुई है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे मामलों से साफ जाहिर है कि अधिकारियों द्वारा सरकारी योजनाओं को लागू करने में कोई रुचि नहीं ली जा रही।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रामीण सफाई पर भारी बजट आवंटित किया है, लेकिन जमीन पर स्थिति उलट है। जून 2025 में रायबरेली के जिलाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई अभियान शुरू किया था, जिसमें कूड़ा गाड़ियों को हरी झंडी दिखाई गई, लेकिन कर्मचारियों की कमी से यह अभियान भी फेल साबित हो रहा है।

### स्कूलों में सफाई की बदहाली बच्चों का भविष्य खतरे में

सफाई की समस्या केवल गांवों तक सीमित नहीं है, बल्कि स्कूलों में भी यह गंभीर रूप धारण कर चुकी है। बीते अगस्त माह में डीह ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय डीह प्रथम, डीह द्वितीय, प्राथमिक विद्यालय कोनहा और प्राथमिक विद्यालय पूरे गोसाईं के प्रधानाध्यापकों ने खंड विकास अधिकारी डीह को पत्र लिखकर सफाई कर्मचारी की तत्काल नियुक्ति की मांग की थी। पत्र में कहा गया था कि स्कूलों में गंदगी से बच्चों की सेहत पर असर पड़ रहा है और पढ़ाई का माहौल खराब हो रहा है। लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी कोई सफाई कर्मचारी नहीं पहुंचा।

ये दो मामले रायबरेली के सफाई विभाग की पोल खोलते हैं। सरकार द्वारा स्वच्छता पर करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद अधिकारियों की उदासीनता से ग्रामीणों को परेशान होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत करने की चेतावनी दी है। एक तरफ केंद्र और राज्य सरकारें स्वच्छ भारत मिशन 2.0 को बढ़ावा दे रही हैं, वहीं स्थानीय स्तर पर भ्रष्टाचार और लापरवाही सब कुछ बर्बाद कर रही है। जिला प्रशासन को चाहिए कि तत्काल रंजीत कुमार और अमर चैरसिया जैसे कर्मचारियों पर कार्रवाई करे तथा स्कूलों में सफाई व्यवस्था सुधारे।

### सफाईकर्मी लापता, नालियां चोक

**रायबरेली।** जिले के डीह गांव में तैनात सफाई कर्मचारी रंजीत कुमार लोकसभा चुनाव के दौरान जिला मुख्यालय पर ड्यूटी के लिए गया था। चुनाव समाप्त होने के बाद वह अपने गांव लौटा ही नहीं। ग्रामीणों का कहना है कि रंजीत के बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं है। वे मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय से संबंधित बताए जाते हैं, लेकिन विभाग के अधिकारी इस मामले में अनजान बन रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि रंजीत की अनुपस्थिति से गांव की नालियों की सफाई पूरी तरह बंद हो चुकी है। कचरा इकट्ठा होने से मच्छरों और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। विभाग से कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। एक ग्रामीण ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, चुनाव के समय तो सब कुछ ठीक था, लेकिन अब सफाई का नामोनिशान नहीं। रंजीत कहां गायब हो गए, यह तो विभाग ही बता सकता है। इस मामले में सीडीओ कार्यालय से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

# खतरे के निशान के करीब पहुंचा गंगा का जलस्तर



**डलमऊ, रायबरेली।** पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही झमाझम बारिश एवं नरौरा बांध से छोड़े गए पानी से गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है लगातार बढ़ते गंगा के जलस्तर से तटीय क्षेत्र के लगभग एक दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों में भय का माहौल है। केंद्रीय जल आयोग कार्यालय डलमऊ के अनुसार गंगा का जलस्तर मंगलवार को शाम 5 बजे 98.900 सेंटीमीटर था और बुधवार को शाम 5 बजे गंगा का जलस्तर बढ़कर 98.970 दर्ज किया गया। वहीं गुरुवार को शाम लगभग 4 बजे गंगा का चलस्तर 99.000 पर पहुंच गया जो खतरे के निशान 99.360 से कुछ ही सेंटीमीटर दूर है जिस हिसाब से गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है ऐसी स्थिति में गंगा का जलस्तर जल्द ही खतरे के निशान को पार कर जाएगा गंगा का जलस्तर खतरे के निशान की ओर बढ़ने से करीब एक दर्जन से अधिक गांव प्रभावित होने की कगार पर हैं गंगा के तटीय क्षेत्रों में बाढ़ का पानी नालों एवं तालाबों के जरिए गांव में पहुंचने से ग्रामीण भयभीत हो रहे हैं जिसके चलते ग्रामीण एवं किसानों की परेशानियां बढ़ने लगी है। डलमऊ तहसील क्षेत्र के पूरे नया, रेवती सिंह, खपराताल, अम्बहा, पूरे डंगरी, जमाल नगर मोहद्दीनपुर, जहांगीराबाद में बाढ़ का पानी गांव पहुंच चुका है जिसके कारण बाढ़ प्रभावित गांवों में पशुओं के लिए हरे चारे की समस्या खड़ी हो गई है वहीं दूसरी और गंगा के बढ़ते जलस्तर से आई बाढ़ एवं तेज बहाव से श्मशान घाट डलमऊ में शव दाह संस्कार के लिए आ रहे शव यात्रियों को शवो का अंतिम संस्कार करने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है इसके साथ-साथ डलमऊ गंगा तट के लगभग सभी स्नान घाट पूरी तरह से जलमग्न हो चुके हैं तीर्थ पुरोहितों ने बताया कि इस समय पितृपक्ष के चलते प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग गंगा स्नान तर्पण एवं पिंडदान करने के लिए आते हैं। गंगा में आई बाढ़ की वजह से पुरोहितों एवं श्रद्धालुओं को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में उप जिला अधिकारी डलमऊ सतेंद्र सिंह ने बताया कि प्रतिदिन बाढ़ प्रभावित गांव का निरीक्षण किया जा रहा है राजस्व कर्मियों को बाढ़ प्रभावित इलाकों में निगरानी रखने के लिए कहा गया है बाढ़ से निपटने के लिए सारे इंतजाम किए गए हैं।

## ओवरलोड मौरंग लदे वाहनों की लालगंज में लगती है मंडी, अधिकारी बेखबर

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज क्षेत्र में ओवरलोड मौरंग और गिट्टी के ट्रक जहां सड़कों को ध्वस्त कर रहे हैं ,वहीं आए दिन दुर्घटनाओं के सबब भी बनते हैं। आरटीओ और खनिज अधिकारी के साथ-साथ राजस्व विभाग ने ओवरलोड वाहनों की तरफ से आंख बंद कर रखी है जिसके चलते ट्रांसपोर्टर बेखौफ होकर ओवरलोड मौरंग और गिट्टी ढो रहे हैं। लालगंज के नए बाईपास के चालू होने के बावजूद अब भी सेमरपहा के साइड में मौरंग की मंडी दिनभर सजी रहती है और ओवरलोड मौरंग व गिट्टी से लदे ट्रक खड़े रहते हैं लेकिन ना तो कोई देखने वाला है और ना ही कोई इन ओवर लोड वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करने वाला है। विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि दलालों के माध्यम से आरटीओ और खनिज विभाग में ओवरलोड वाहनों की एंट्री होती है और माहवार पैसा देने की बात तय होते ही ओवरलोड मौरंग व गिट्टी लाने की छूट मिल जाती है। इंट्री करने की बात को लेकर एक वीडियो भी सोशल साइट पर वायरल है जिसमें एक शिक्षक गाड़ियों की इंट्री की बात करता दिखाई पड़ता है और कहता है कि इंट्री देकर के जितना मन हो उतना लाद कर लाओ, कोई कार्रवाई नहीं होगी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा, नगर महामंत्री शिवम गुप्ता और जिला अध्यक्ष रोहित सोनी की माने तो ओवरलोड वाहनों की वजह से लालगंज की सड़कें बनते ही ध्वस्त हो जाती हैं और ओवरलोड ट्रकों की वजह से दुर्घटनाएं भी होती हैं। व्यापार मंडल ने ओवरलोड वाहनों पर लगाम लगाने की मांग की है और मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करने की भी बात कही है।

## 29वें राष्ट्र युवा उत्सव के तहत विकसित भारत चैलेंज ट्रैक का आगाज

**सुलतानपुर।** 29वें राष्ट्रीय युवा उत्सव-2026 के अंतर्गत विकसित भारत युवा नेता संवाद कार्यक्रम की शुरूआत हो चुकी है। इसके तहत विकसित भारत चैलेंज ट्रैक का आयोजन 1 सितम्बर से शुरू हुआ है, जो चार चरणों में संपन्न होगा। प्रथम चरण में 1 से 15 सितम्बर तक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसके बाद, 23 अक्टूबर से 5 नवम्बर के बीच ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता होगी। द्वितीय चरण के विजेता 24 नवम्बर से 8 दिसम्बर तक राज्य स्तर पर पीपीटी चैलेंज में भाग लेंगे। अंततः तृतीय चरण के विजेताओं को 10 से 12 जनवरी 2026 को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। इस कार्यक्रम की सबसे खास बात यह है कि अंतिम चरण में चयनित युवा 12 जनवरी 2026 को प्रधानमंत्री के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त करेंगे। प्रतिभाग करने के लिए युवा की आयु 15 से 29 वर्ष के मध्य (1 सितम्बर 2025 को) होनी चाहिए और पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है।

## टेबल टेनिस की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे नैतिक

**सुलतानपुर।** बरेली में आयोजित राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में परिषदीय विद्यालय के छात्र नैतिक ने बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाया उच्च प्राथमिक विद्यालय नकराही के छात्र नैतिक ने बढ़िया प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना दावा ठोका इनका निवास नकराही में है। इनके पिता राम कृपाल दिल्ली मे प्राइवेट कार्मिक हैं। विद्यालय के सहायक अध्यापक आरिफ नियाज के द्वारा इनको नियमित प्रशिक्षण दिया गया साथ ही यह स्टेडियम में नियमित अभ्यास करते हैं खेलो इंडिया की कोच रह चुकी शमा बानो के द्वारा भी इनको प्रशिक्षित किया गया।

# ई-रिसोर्सेस प्रशिक्षण वर्कशॉप का समापन

- पुस्तकालय सदैव छात्रों के सर्वांगीण विकास में समर्पित रहा : डॉ. राजेश



**सुलतानपुर (वीओएल)।** ई-रिसोर्सेस प्रशिक्षण वर्कशॉप का सभी विभागों में छात्रों को प्रशिक्षित करते हुए कृषि संकाय के सेमिनार हॉल में समापन हुआ। कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान के केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा नवागत छात्राओं को ई-रिसोर्सेज की सुविधा का सफलतम उपयोग कर सकने हेतु आयोजित किया गया था। जिसका शुभारम्भ 1 सितम्बर को हुआ था। 12 सितम्बर को समापन किया गया। इस आशय के साथ यदि किसी छात्र को कभी में ई रिसोर्सेस की जानकारी की आवश्यकता होती है तो केन्द्रीय एवं विभागीय पुस्तकालय प्रभारी से सहयोग प्राप्त करता रहेगा।

छात्रों को प्रशिक्षित करवाना इस वर्कशाप का प्रमुख उद्देश्य था, जिससे इलेक्ट्रॉनिक पाठय सामग्री के उपयोग मे दक्षता हासिल हों जिससे वह प्रिंट सामग्री के साथ इलेक्ट्रॉनिक तकनीक द्वारा डेलनेट, एन-लिस्ट, एडीएलएस, ई-पाठशाला द्वारा जो बुक्स जर्नल्स आर्टिकल्स शोध पत्र संस्थान द्वारा सब्सक्राइब किए गए अथवा केंद्र और राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क रूप में छात्र-छात्राओं के लिए उपलब्ध है उसका सफलता के साथ उपयोग वह कर सकते हैं इस हेतु काफी पहले से संस्थान के प्रबंधक विनोद सिंह पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक ने निदेर्शानुसार कराया गया था। उनके अनुसार बदलते परिवेश में तकनीकी माध्यम से जो सुविधा छात्राओं और शिक्षकों को मिलनी चाहिए उनको इस हेतु प्रशिक्षित करें जिससे वह इसका उपयोग कर अपनी जानकारी को और समृद्ध कर सकें यही मंतव्य हमारे प्राचार्य प्रो. डा. आलोक कुमार सिंह और पुस्तकालय समिति का भी सदैव छात्रों को जागरूक एवं नवीन जानकारी से जोड़ने का रहा। इस मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ. नवीन विक्रम सिंह, डा. नीरज सिंह, उपपुस्तकालय अध्यक्ष डा. राजेश पाण्डेय, गंगाराम सिंह, विकास राव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### पीएम को भेजेंगे ज्ञापन

**सुलतानपुर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा और टीईटी से जुड़ी समस्याओं के समाधान को लेकर प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है। इसी क्रम में महासंघ की जिला इकाई द्वारा 15 सितम्बर को जिलेभर के शिक्षक जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे।

जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने बताया कि शिक्षकों की सेवाएं समाज निर्माण की रीढ़ हैं, लेकिन टीईटी सहित अन्य प्रक्रियागत उलझनों ने शिक्षकों को मानसिक तनाव में डाल रखा है।

## पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के राहत सामग्री वाहन को तहसीलदार ने दिखायी हरी झंडी



**तिलोई- अमेठी।** पंजाब राज्य में आई प्राकृतिक बाढ़ आपदा से प्रभावित लोगों के लिए हाजी अकबाल चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष समाजसेवी हाजी महताब खान की प्रेरणा से बाढ़ पीड़ितों के लिये गुरुवार को राहत सामग्री भेजी गई। समाजसेवी हाजी महताब खान के निवास स्थल अकबरपुर फर्शी से गुरुवार को पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए एक ट्रक भरकर राहत सामग्री लदे वाहन को तहसीलदार तिलोई अभिषेक यादव एवं ट्रस्ट के संरक्षक हाजी अकबाल खान ने हरी झंडी दिखाकर पंजाब प्रांत के लिये रवाना किया। तहसीलदार तिलोई अभिषेक यादव ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में हम सभी को एकजुट होकर मदद करनी चाहिए। उन्होंने ट्रस्ट द्वारा किये गये इस नेक कार्य की जमकर सराहना की। हाजी महताब खान ने कहा कि मैं सदैव जीवन पर्यन्त अपने समाज व देश की सेवा करता रहूँगा। इस अवसर पर नफीस फौजी, परवेज अहमद, शिव प्रकाश तिवारी, वसीक खान, धीरज सिंह, रोहित मौर्या, मरजान, वसीम, सललन आदि तमाम गणमान्य उपस्थित रहे।

## हर घर जल योजना से ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा कई माह से पानी

**तिलोई, अमेठी।** विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत जैतपुर के सकतपुर गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत नवनिर्मित पानी की टंकी से हर घर जल योजना के तहत दर्जन्नों गाँवो के ग्रामीणों को आज लगभग तीन माह से शुद्ध पीने का पानी नही मिल पा रहा है। बरसात के इस मौसम में लोगों को दूषित पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत जैतपुर के गांव जैतपुर सहित पूरे अवस्थी, पूरे विश्राम, पूरे निहुरी, पूरे बैसन, पूरे कलंदर, पूरे पंचम आदि गांवो में हर घर जल योजना के अंतर्गत स्वच्छ पेयजल की जलापूर्ति लगभग तीन माह से पूरी तरह से ठप पड़ी हुई है। जिसमें ग्रामीणों के सामने पेयजल का संकट बना हुआ है। जैतपुर निवासी अशोक सैनी ने बताया कि विभागीय लापरवाही के चलते आज तीन माह से टंकी पर आपरेटर न होने के कारण दर्जनों गांवो के लोंगो को शुद्ध पीने का पानी तक नसीब नही हो पा रहा है। वही गांव में कई इंडिया मार्का नल खराब पड़े हैं या फिर दूषित पानी दे रहे हैं। जैतपुर निवासी जगदेव, वीरेंद्र कुमार, निर्मल, उदयराज, ओंकार सिंह आदि ने जिम्मेदारों से मांग की है कि अतिशीघ्र स्वच्छ पेयजल हेतु जलापूर्ति बहाल की जाए।

## बनते ही गिर गयी बाउंड्री वॉल की दीवार

**गौरीगंज, अमेठी।** न आंधी का जोर न बरसात का शोर बीते 15 दिन से बन रही आंगनबाड़ी केंद्र की बाउंड्री वॉल भरभरा कर गिर गई बाउंड्री वॉल बनाने में मानकों की इस कदर खानदेशी की गई थी बिना हवा के ही दीवार हवा में गिर पड़ी जिससे माना जा रहा है कि भ्रष्टाचार का घुन यहां भी जोरो से लगा है। जनपद के विकासखंड शाहगंज के पाठक पुरवा गांव में आंगनबाड़ी केंद्र के चारों तरफ बाउंड्री वालों का निर्माण बीते 15 दिनों से चल रहा था लेकिन गुरुवार को अचानक भर भर कर बाउंड्री वालों की दीवार गिर पड़ी जिसे आसपास की गांव के लोगों ने मानक विभिन्न बाउंड्री वॉल बनाने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग उच्च अधिकारियों से की है। इस संबंध में जब ग्राम पंचायत सचिव सुमन यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हम मौके पर जाकर उसका सत्यापन करेंगे तब सही जानकारी हो पावेगी फिलहाल बाउंड्री वॉल गिरी है कैसे गिरी है इसकी जांच की जाएगी।

## श्राद्ध कर्म व पिंडदान कर पितरों का किया स्मरण



**अमेठी।** पितृपक्ष में लोग अपने माता-पिता पूर्वजों की आत्मा की शांति व मोक्ष के लिए तर्पण व पिंडदान करते हैं। शुक्रवार को लोगों ने मंदिरों ,धार्मिक स्थलों व घरों में तिलांजलि अर्पित कर अपने पितरों को स्मरण किया। पितृ पक्ष में लोग अपने स्वर्गवासी माता-पिता, दादाजी दादी ,बाबा व पूर्वजों के नाम पर श्राद्ध कर्म से प्रतिदिन भोजन निकाल कर गय, कुत्ते व कौवा को खिलाते हैं तथा नए-नए पकवान बनाए जाते हैं। लोग अपने ही घर पर तिल जल अर्पण करते हैं। मुंशीगंज क्षेत्र के गांव सरायखेमा निवासी गायत्री प्रसाद मिश्र ने अपने पितरों की मुक्ति के लिए अपने घर पर पंडित के माध्यम से श्राद्ध कर्म कर पिंडदान किया ।गायत्री प्रसाद मिश्र जी कहते हैं कि माता-पिता व पूर्वजों के आशीर्वाद से पूरा परिवार सुख में जीवन व्यतीत करता है ।उन्हीं के आशीर्वाद से लोग आगे बढ़ते हैं, उनका सम्मान, प्रेम से याद करना सबसे बड़ी सेवा है तथा ब्राह्मणों को भोजन खिलाया। पंडित सुभाष मिश्रा जी बताते हैं कि तिल जल से, पूर्वजों का स्मरण कर ,पिंडदान कर ब्राह्मणों ,गाय को भोजन देने से, श्राद्ध कर्म करने के प्रभाव से पूर्वज बैकुंठ की प्राप्ति करते हैं और पूरे परिवार पर अपना आशीर्वाद प्रदान करते हैं, जिससे घर में खुशहाली बनी रहती है।

## संग्रामपुर पुलिस को मिली लावारिस बाइक

**संग्रामपुर, अमेठी।** थाना क्षेत्र में पुलिस को गश्त के दौरान एक लावारिस बाइक बरामद हुई है। गुरुवार की रात लगभग 10 बजे अमेठीझकिठावर संपर्क मार्ग से बड़गाँव नहर शीतला गंज जाने वाली सड़क के किनारे महुआ के पेड़ के नीचे काले रंग की सुपर स्प्लेंडर बाइक खड़ी मिली। मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट की थी और उसमें चाबी भी लगी हुई थी। स्थानीय लोगों ने संदिग्ध हालत में बाइक खड़ी होने की सूचना संग्रामपुर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुँची और वाहन को कब्जे में लेकर थाने ले आई। इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को लावारिस हालत में मोटरसाइकिल मिली है। वाहन को थाने लाकर जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि वाहन स्वामी का पता चलता है तो उन्हें थाने बुलाकर पूछताछ की जाएगी और सत्यापन के बाद वाहन सुपुर्द किया जाएगा। वहीं यदि वाहन स्वामी की पहचान नहीं हो पाती है तो नियमानुसार मोटरसाइकिल को लावारिस दर्ज कर थाने में जमा कर दिया जाएगा।

## अस्पताल आने वाले मरीजों में आधे से अधिक बुखार से पीड़ित

**अमेठी।** मौसम के हर दिन बदलते तेवर से लोग बीमार हो रहे हैं। अस्पताल आने वाले मरीजों में आधे से अधिक बुखार से पीड़ित हैं। वहीं भीड़ अधिक होने के कारण मरीजों को घंटों इंतजार का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय में 1136 मरीजों ने पंजीकरण कराया। डाक्टरों के परीक्षण में सबसे अधिक संख्या बुखार पीड़ितों की 621 रही। वहीं कफ से संबंधित 175, सर्दी के 161, जुकाम के 167, दर्द के 213, लूज मोशन के 101, शरीर में पानी की कमी के 19 व मानसिक के 105 मरीजों ने परीक्षण व उपचार कराया। मरीजों की भीड़ अधिक होने से उन्हें लाइन में लगकर घंटों इंतजार करना पड़ा नंबर आने पर राहत की सांस ली। इस संबंध में सीएमएस डॉ. बीपी अग्रवाल ने बताया कि मरीजों की सुविधा के लिए सभी तरह की दवाएं अस्पताल में उपलब्ध हैं। उन्होंने वायरल बुखार से बचने के लिए पानी को उबाल कर ठंडा होने के बाद पीने की सलाह दिया है। उन्होंने कहा कि अस्पताल आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए सभी संबंधित को आदेश दिया गया है।

संक्षेप

## भाई की हत्या करने वाला गिरफ्तार

**मथुरा।** नौहझील थाना क्षेत्र के गांव शल्ल में तीन दिन पूर्व भाई हत्या करने वाले भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हत्यारोपी युवक से अवैध तंमचा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से हत्या में प्रयुक्त एक तमंचा 315 बोर और एक खोखा कारतूस भी बरामद किया है। एसपी ग्रामीण सुरेश रावत ने बताया कि संजीव ने पारिवारिक व 12 बीघा जमीन बटवारे के विवाद के चलते अपने सगे छोटे भाई अजीत की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए नौहझील थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के द्वारा इस मामले में गठित की गई टीम ने लगातार प्रयास करते हुए आखिरकार आरोपी को दबोच लिया। पकड़े गए अभियुक्त से हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल तमंचा और कारतूस बरामद कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। अभियुक्त संजीव पर थाना नौहझील में पहले से ही मुकदमा संख्या 238/2025 धारा 103(1) बी.एन.एस. व 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत है। पुलिस ने बताया कि हत्या जैसे जघन्य अपराध के बाद आरोपी फरार हो गया था, लेकिन अब गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। नौहझील पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी से पीड़ित परिवार को कुछ हद तक न्याय मिला है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया तेजी से पूरी की जाएगी।

## श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान का बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरण अभियान जारी

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान की ओर से बांटी जा रही बाढ़ राहत सामग्री शुकवार को जयसिंहपुरा, हंसारानी घाट, हंसगंज, आकाशवाणी के पीछे आदि स्थानों पर बाढ़ पीड़ितों को वितरित की गयी। यह सामग्री आटा-10 किलोग्राम, चावल-2 किलोग्राम, दाल-1 किलोग्राम, चीनी-1 किलोग्राम, नमक-1 किलोग्राम, मसाले, चायपत्ती 250 ग्राम, अचार का पैकेट-250 ग्राम, मुने चने का



पैकेट-1 किलोग्राम, गुड़-500 ग्राम, कपड़े धोने के साबुन-2, नहाने के साबुन-2, मोमबत्ती-1 पैकेट एवं माचिस की एक पैकेट आदि सभी सामग्री संस्थान के अधिकारी विजय बहादुर सिंह एवं ब्रजकिशोर शर्मा ने स्वयं जाकर वितरित किया। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि संस्थान के प्रबंध न्यासी अनुराग डालमिया के निर्देश पर चलाया जा रहा बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए अभियान अभी जारी रहेगा और संस्थान का प्रयास होगा कि बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री उनके दरवाजे पर पहुँचायी जाये।

# मुस्लिम पक्ष के प्रार्थना पत्र पर हिंदू पक्षकार ने दर्ज करायी आपत्ति

जिला संवाददाता (vol)

**श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामला**

- प्रतिनिधि वाद के अलावा अन्य वादों पर सुनवाई न करने की मुस्लिम पक्ष ने कोर्ट से की थी मांग
- जामा मस्जिद केस में वाद बिंदु तय करने की हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप की मांग, एएसआई ने अपना पक्ष रखने को मांगा समय, अगली सुनवाई 26 को

**मथुरा।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की कोर्ट में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मस्जिद मामले की करीब दो घंटे तक सुनवाई चली। शाही ईदगाह मस्जिद पक्ष द्वारा केवल प्रतिनिधि वाद को ही सुने जाने और अन्य को स्टे किए जाने की मांग पर हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप एडवोकेट ने आपत्ति दर्ज कराई। साथ ही जामा मस्जिद मामले में वाद बिंदु तय करने की मांग की, लेकिन भारतीय पुरातत्व विभाग ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय मांग लिया। अब अगली सुनवाई 26 सितंबर को होगी। हिंदू पक्षकार श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने बताया, श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मस्जिद मामले में कोर्ट ने पहले प्रतिनिधि वाद तय कर दिया था। इसके बाद मुस्लिम पक्ष ने कोर्ट से मांग की थी कि केवल प्रतिनिधि वाद को सुना जाए और अन्य को स्टे कर दिया जाए। इस पर हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप एडवोकेट ने अपनी आपत्ति जताई और मुस्लिम पक्ष की मांग को खारिज किए जाने को लेकर कोर्ट में एक प्रार्थना पत्र भी दाखिल किया। महेंद्र प्रताप सिंह ने कोर्ट से जामा मस्जिद मामले में वाद बिंदु तय करने की मांग को पूरी मजबूती के साथ अपना पक्ष रखा, पर इस मामले में भारतीय पुरातत्व विभाग ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय मांग लिया। एक अन्य हिंदू पक्षकार ने प्रतिनिधि वाद का गजट भी पूरे देश के प्रमुख समाचार पत्रों प्रकाशित कराने की मांग न्यायालय में रखी गई। उन्होंने बताया कि सभी पक्षों के सुनने के बाद कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 26 सितम्बर निर्धारित की है।

**ये दर्ज करायी गयीं आपत्ति**

- केस संख्या 17 में किए आदेश की बाइंडिंग केस संख्या 13 नंबर पर लागू नहीं होती है।
- केस संख्या सबसे पहले अलग ग्राउंड पर दाखिल किया गया था, लिहाजा 18 जुलाई का आदेश इस पर प्रभावी नहीं माना जाएगा
- सभी केस एकत्र कर एक साथ सुनने के आदेश किए गए थे, प्रतिनिधि वाद उससे अलग था।
- केस संख्या 13 और 17 की प्रकृति अलग अलग है, लिहाजा दोनों को साथ साथ सुना जाना अति आवश्यक है
- मुस्लिम पक्ष द्वारा जो आपत्ति दर्ज की गई वह अवैधानिक है और उसका यहां कोई औचित्य नहीं बनता है। जो गलत आशय से दाखिल की गई है, जिसका मकसद केस का लंबा खींचने का है। मुस्लिम पक्ष प्रार्थना पत्र को भारी जुर्माने के साथ निरस्त किया जाना आवश्यक है। और केस को स्टे करने का कोई भी पर्याप्त कारण नहीं है। वाद संख्या 17 के अलावा अन्य केसों चलना आवश्यक है।

# वेस्ट मैनेजमेंट में अनदेखी पर 166 होटलों को नोटिस

**आगरा।** नगर निगम ने ठोस वेस्ट मैनेजमेंट नियमों की अनदेखी कर रहे होटलों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2016 एवं उप्र ठोस अपशिष्ट (प्रबंधन, संचालन एवं स्वच्छता) नियमावली 2021 का उल्लंघन करने वाले 166 होटलों को नोटिस जारी किए गए हैं। निगम ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया गया, तो संबंधित प्रतिष्ठानों से यूजर चार्ज के साथ-साथ प्रति सप्ताह एक हजार रुपए का अर्थदंड वसूला जाएगा। निगम अधिकारियों के अनुसार ऐसे होटल, रेस्टोरेंट और अन्य प्रतिष्ठान जो प्रतिदिन 100 किग्रा से अधिक कचरा उत्पन्न करते हैं अथवा तीन स्टार व उससे ऊपर श्रेणी के होटल हैं को अपने परिसर में ही कचरे का पृथक्करण कर अलग-अलग संग्रहित कर नगर निगम द्वारा अधिकृत एजेंसी को उपलब्ध कराना अनिवार्य है। इसके बावजूद कई होटल और रेस्टोरेंट नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम ने बताया लगातार उल्लंघन की स्थिति में इनके खिलाफ पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, यूजर चार्ज का समय पर भुगतान न करने वालों से बकाया राशि ब्याज सहित वसूली जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर संबंधित प्रतिष्ठानों का व्यापार लाइसेंस रद्द भी किया जा सकता है। नगर निगम ने नोटिस में 15 दिन की अवधि निर्धारित की है। इस अवधि के उपरांत निगम की टीम इन सभी संस्थानों का भौतिक सत्यापन करेगी और उल्लंघन पाए जाने पर अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नोटिस दिए जाने वालों में फतेहाबाद रोड स्थित होटल ताज प्लाजा, ताज 3 स्टार होटल, ताजवे होटल, होटल गोयल पैलेस, होटल क्रिस्टल इन, होटल सेवेन हिल टावर, होटल सद्धार्थ, होटल राज विलास, होटल फाइन सेल्टर, होटल रॉयल ताज, होटल ताज, ताज हवेली समेत कई अन्य होटल शामिल हैं। इस मामले में नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने कहा कि शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। होटलों और रेस्टोरेंट्स को नियमों का पालन करना अनिवार्य है। यदि निर्धारित समयसीमा में सुधार नहीं किया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। निगम की प्राथमिकता है कि शहर का कचरा वैज्ञानिक ढंग से निस्तारित हो और किसी प्रकार का पर्यावरणीय संकट न खड़ा हो।

- नगर निगम द्वारा नियम तोड़ने पर वसूला जायेगा जुर्माना, व्यापार लाइसेंस भी हो सकता है रद

## दो राष्ट्रीय महापुरुषों के चित्र पर प्रोफेसर केपी. त्रिपाठी ने किया माल्यार्पण



बांसी सिद्धार्थनगर। रानी लक्ष्मी विवाह वाटिका के सभागार में भाजपा नगर मंडल की बैठक हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अजय कुमार श्रीवास्तव पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष उपस्थित रहे कार्यक्रम का प्रारंभ भाजपा के दो राष्ट्रीय महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ तत्पश्चात राष्ट्रगीत हुआ बैठक को गौरीशंकर जी और प्रोफेसर के पी त्रिपाठी17 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक मनाए जाने वाले प्रधानमंत्री के जन्म दिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में रक्तदान स्वास्थ्य शिविर स्वच्छता अभियान वृक्षारोपण नमो वाटिका एक पेड़ मां के नाम वृक्ष लगाकर पूरे पखवाड़े के कार्यक्रमों को विस्तार से बताया बैठक के पश्चात सभी कार्यकताओं ने माधव बाबू के जन्म दिवस के अवसर पर उनके चित्र पर कुबेर बारी नगर मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में माल्यार्पण किया इस अवसर पर इस अवसर पर मनोज यादव अनुपमा सिंह बजरंगी वर्मा निखिल अग्रहरि पिंटू वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## पिता से झगड़ कर रहे नशे में धुत युवक को पड़ोसी ने मारा थप्पड़, मौत

इटावा। इटावा जिले में पिता से झगड़ रहे 19 वर्षीय एक युवक को पड़ोसी ने कथित रूप से थप्पड़ मार दिया, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। निरीक्षक (अपराध) अरिमर्दन सिंह ने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार देर रात की है जब भरथना इलाके का निवासी गौरव नशे की हालत में अपने पिता रघुवर दयाल से कथित रूप से झगड़ रहा था। कुछ पड़ोसियों ने बीच-बचाव किया और उनमें से एक ने गौरव को कथित तौर पर थप्पड़ मार दिया, जिससे वह जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गौरव को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी के नाम का खुलासा नहीं किया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन करने गयी महिला की उपद्रव के दौरान मौत, पति शव लेकर लौटा

महाराजगंज। नेपाल में उपद्रव के दौरान एक होटल की चौथी मंजिल से छलांग लगाने वाली गाजियाबाद की महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई और शुक्रवार को उनके पति शव लेकर महराजगंज जिले की सोनौली सीमा पर पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि पति-पत्नी काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन करने गए थे। गाजियाबाद के ट्रांसपोर्टर रामवीर सिंह गोला (58) और उनकी पत्नी राजेश देवी गोला (55) सात सितंबर को नेपाल की राजधानी काठमांडू गए थे और वे होटल हयात रीजेंसी में रुके थे। परिवार के सदस्यों ने बताया कि भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन और अन्य धार्मिक यात्राओं के बाद नौ सितंबर को वे होटल में ही रुके और जैसे ही अशांति बढ़ी, प्रदर्शनकारियों ने होटल में आग लगा दी। उन्होंने बताया कि शोर, धुआं और आग की लपटों के चारों ओर फैलने से घबराकर दोनों ने जान बचाने के लिए चौथी मंजिल से छलांग लगा दी। बचाव दल ने इमारत की जमीन पर गद्दे बिछा दिए थे, जिस पर गिरने से दोनों की जान बच गई लेकिन पत्नी राजेश देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्होंने बताया कि राजेश देवी को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। हम गाजियाबाद से काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन करने गए थे। हम वहां एक होटल में रुके थे। नौ सितंबर को जब हम वहां से निकलने लगे, तो कर्फ्यू लगा हुआ था। हवाई अड्डा बंद था। फिर हमने होटल में एक दिन और रुकने का मना बना लिया। उन्होंने बताया कि हमने कूदकर अपनी जान बचाने की कोशिश की। इस दौरान मेरी पत्नी घायल हो गईं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां नौ सितंबर को उनकी मौत हो गई। राजेश देवी का शव बृहस्पतिवार को नेपाल से एम्बुलेंस में सोनौली सीमा पर लाया गया था।

# कब तक चलेगा यमुना के डूब क्षेत्र से उगाही का खेल

**आगरा।** यमुना किनारे दयालबाग में बने फार्म हाउस, अपार्टमेंट, कॉलोनियां डूब क्षेत्र की कितनी जद में हैं, इसे लेकर 6 अक्तूबर से मुड्डियां लगना शुरू हो जाएंगी। जिम्मेदार भले ही अपनी जिम्मेदारी भूल गए। यमुना डूब क्षेत्र में अवैध निर्माणों पर आंखें मूंदे रहे लेकिन पानी अपना रास्ता नहीं भूलता। यमुना में आई बाढ़ से कैलाश, दयालबाग, बल्केश्वर, जीवनी मंडी बल्केश्वर के राधानगर व ट्रांस यमुना तक जिन इलाकों में पानी भरा, उन क्षेत्रों में मुड्डियां लगने के बाद निर्माणों की शामत आ सकती है। यमुना डूब क्षेत्र में निर्माण प्रतिबंधित है। उल्लंघन की शिकायत पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने सिंचाई विभाग को डूब क्षेत्र में मुड्डियां लगाने के आदेश दिए हैं। 6 से 21 सितंबर तक असगरपुर से प्रयागराज तक 21 हजार से अधिक मुड्डियां लगाने की टेंडर प्रक्रिया पूरी होनी है। यह बात, मुख्य अभियंता रामगंगा कमांड ने एनजीटी में दायर हलफनामे में कही है। 6 अक्तूबर तक मुड्डियां गाढ़ने का काम शुरू होगा। याचिकाकर्ता डॉ. शरद गुप्ता ने बताया कि जिले में यमुना करीब 80 किमी बहती है। कीठम झील, रुनकता से कैलाश, दयालबाग, बल्केश्वर होते हुए फतेहाबाद व बाह तक 167 वर्ग किमी डूब क्षेत्र है। सबसे ज्यादा अवैध निर्माण दयालबाग क्षेत्र में हुए। यमुना डूब क्षेत्र का निर्धारण केंद्रीय जल आयोग व नदी संरक्षण निदेशालय ने 6 सदस्य विशेषज्ञ समिति से कराया है। हैदराबाद स्थित नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर की फ्लड मैपिंग एंड रिस्क असेसमेंट शाखा के विभागाध्यक्ष डॉ. एवी सुरेश बाबू ने 100 साल में आई बाढ़ व सेटेलाइट रिपोर्ट के आधार पर डूब क्षेत्र के अक्षांश व देशांतर निर्धारित कराए हैं। इधर, पिछले 15 साल में एडीए और सिंचाई विभाग ने 500 मीटर का दायरा मानते हुए एनओसी और नक्शे पास भी कर दिए। ऐसे में नक्शा पास व एनओसी जारी करने वाले अफसर फंसेंगे। एनजीटी के आदेश पर यमुना डूब क्षेत्र में दयालबाग में अवैध निमार्णों पर बुलडोजर चला था। तब एक दर्जन से अधिक निर्माण एडीए ने ध्वस्त कराए थे। आरोप लगाए गए कि सिक्कों की खनक से कार्रवाई ठंडे बस्ते में चली गई। सत्ता के संरक्षण में रसूखदार लोगों ने डूब क्षेत्र में अपार्टमेंट, फार्म हाउस, कॉलोनी, रिसोर्ट से लेकर अन्य निर्माण खड़े कर लिए।

# हमारा प्रयास कोई परिवार खुद न समझे अकेला, असहाय : नगर आयुक्त



**मथुरा।** मथुरा में आई भीषण बाढ़ के मद्देनजर एक बड़े मानवीय राहत कार्य के रूप में आज जमुनापार के तिवारीपुरम और जयसिंह पुरा आदि क्षेत्रों में नगर निगम के दल ने क्षेत्र में जाकर मेडिकल राहत किट वितरित करने की पहल की है ताकि प्रभावित परिवारों को तत्काल सहायता मिल सके। नगर आयुक्त जग प्रवेश ने कहा, हर संकट में हमारी पहली प्राथमिकता सबसे कमजोर वर्ग तक समय पर सहायता पहुँचाना होता है। जब कोई परिवार बाढ़ में सब कुछ खो देता है, तो उन्हें सिर्फ भोजन नहीं, यह एहसास भी चाहिए कि वे अकेले नहीं हैं। हर राहत किट में हम केवल सामग्री नहीं, बल्कि संवेदना, आशा और एकजुटता का एक संदेश लेकर जाते हैं। किसी बच्चे की आंखों की चमक और किसी माँ की आँखों से बहते आँसू हमें यह याद दिलाते हैं कि छोटे-छोटे प्रयास भी मानवता में विश्वास को फिर से जीवित कर सकते हैं। हमारा प्रयास है कि कोई भी परिवार खुद को अकेला या असहाय महसूस न करे। ये राहत किट केवल सहायता नहीं, बल्कि सम्मान और साथ का वादा हैं। पार्षद प्रतिनिधि तिलकवीर चौधरी ने कहा मेडिकल राहत किटों में जरूरत की 15 आवश्यक चीजें शामिल हैं, जिससे परिवार अपनी बुनियादी जरूरतें पूरी कर सकें जैसे दवाएं, सेवलोन, मोमबत्ती, कोलगेट ब्रश, माचिस, शैंपू, तेल, 2 डिटॉल साबुन, कपड़े धोने के साबुन जैसी तमाम चीजें देकर मदद करने का छोटा सा प्रयास किया है। पार्षद मुन्ना मलिक ने कहा नगर निगम और पार्षदों का दल लम्बे समय से मानवीय सेवा के लिए समर्पित रहा है। जिसका उद्देश्य सतत सामाजिक विकास और आपातकालीन राहत के माध्यम से मानवता की सेवा करना है। लगातार आपदा राहत और पुनर्वास कार्यों में अग्रणी रहा है। निःस्वार्थ सेवा, करुणा और मानवीय भावना से प्रेरित यह पार्षदों का दल संकट की घड़ी में हजारों लोगों के लिए एक सहारा बनकर खड़ा रहता है, ताकि कोई भी कठिन समय में खुद को अकेला महसूस न करे। इस मौके पर कैबिनेट पार्षद राकेश भाटिया, कैबिनेट पार्षद रेनू चौधरी, बीएसए कॉलेज के प्रिंसिपल ललित मोहन शर्मा, पार्षद यतेंद्र माहौर, पार्षद रवि कुमार, रवि चौधरी, विनय चौधरी, अखिलेश चौधरी, सौदान कुंतल, सत्यपाल चौधरी, राकेश कुमार, आदि उपस्थित रहे।

## लड़की बनने की चाहत में युवक ने जननांग काटा, अस्पताल में भर्ती

प्रयागराज। प्रयागराज में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे 20 वर्षीय एक युवक ने लड़की बनने की चाहत में अपना जननांग काट लिया। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि हालत बिगड़ने पर अमेठी के मूल निवासी युवक को यहां एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्वरूप रानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल में तैनात डॉ. संतोष ने पत्रकारों को बताया कि युवक से बात करने पर पता चला कि किसी व्यक्ति की सलाह पर उसने सर्जिकल ब्लेड से अपना जननांग काट लिया और उसका काफी खून बह गया। युवक का मानना है कि कि भले ही उसका शरीर लड़के का है लेकिन भीतर से वह लड़की है। डॉ. संतोष ने बताया कि युवक की हालत अब खतरे से बाहर है और उसका इलाज जारी है। वहीं पीड़ित ने संवाददाताओं को बताया कि जब वह 14 साल की उम्र में पहुंचा तो उसे लगा कि उसका व्यवहार लड़कियों जैसा है। उसने लड़की बनने की अपनी चाहत का जिक्र एक व्यक्ति से किया था, जिसकी सलाह पर उसने बेहोशी का इंजेक्शन लगाने के बाद अपना जननांग काट दिया। युवक ने बताया कि जब तक इंजेक्शन का असर रहा तब तक उसे कुछ खास पता नहीं चला, लेकिन असर कम होते ही दर्द बहुत बढ़ गया और खून भी काफी बह गया। उसने बताया कि हालत बिगड़ने पर लोगों से मदद मांगकर वह अस्पताल पहुंचा।

# हत्यारोपी ने गृहकलेश से तंग होकर खुद को गोली से उड़ाया

कलान। जेल से छूटकर आये हत्यारोपी ने गृह क्लेश से तंग होकर खुद को गोली से उड़ा लिया ।जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

शुक्रवार अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे थाना मिजार्पुर क्षेत्र के ग्राम दोषपुर नागर निवासी 50 वर्षीय ओमकार सिंह उर्फ ओमी ने गृहकलह से तंग आकर खुद को अपने घर में ही कमरे में बंद होकर लाइसेंसी राइफल से सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली ।घर में मौजूद मृतक के पुत्र अनुराग ने फायर की आवाज सुनी तो कमरे का दरवाजा तोड़कर देखा तो उसके पिता का लहूलुहान अवस्था में शव पड़ा हुआ था ।सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पड़ोसियों ने बताया कि अब से लगभग सात आठ वर्ष पूर्व गांव के कोटेदार श्यामवीर सिंह उर्फ बगड़े की हत्या के आरोप में मृतक ओमकार सिंह उर्फ ओमी जेल चले गए थे ।बीती होली के चार दिन पहले ही वे जमानत पर जेल से छूटकर आए थे ।लम्बे समय तक जेल में रहने के कारण मृतक के परिवार में तमाम तरह की समस्याएं उत्पन्न हो गईं थीं। जिससे उनके परिवार में आये दिन कलह होती थी।

शुक्रवार दोपहर में भी मृतक ओमकार के परिवार में वाद विवाद की आवाजें सुनाई दी थीं ।रोज के गृहकलेश से तंग होकर ओमकार ने अपराह्न करीब तीन बजे खुद को घर के कमरे में बंद करके लाइसेंसी राइफल से सिर में गोली मार ली।

मृतक अपने पीछे पत्नी सुनीता और दो पुत्र शिवम और अनुराग को रोता बिलखता छोड़ गया ।घटना की सूचना पर थाना प्रभारी सोनी शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और घटना की जांच पड़ताल करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया

वाराणसी । मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने वाराणसी की अपनी यात्रा के तीसरे दिन अपनी पत्नी के साथ काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया। जिला प्रशासन ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया कि दर्शन-पूजन के दौरान उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना उनके साथ मौजूद थे। रामगुलाम नौ सितंबर से 16 सितंबर तक भारत की यात्रा पर हैं। वह बुधवार को वाराणसी पहुंचे थे, जहां उनका स्वागत राज्यपाल पटेल और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने किया था। उन्होंने बृहस्पतिवार शाम वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर प्रसिद्ध गंगा आरती में भी भाग लिया।

# संत प्रेमानंद महाराज ने किये बांकेबिहारी के दर्शन

**मथुरा।** राधा नाम का प्रचार प्रसार कर देश दुनिया में सनातनियों को अपने प्रवचनों से प्रभावित करने वाले संत प्रेमानंद शुक्रवार को पहली बार आराध्य बांके बिहारी जी के दर्शन को पहुंचे। अपने अनुयायियों संग मंदिर में जैसे ही संत प्रेमानंद पहुंचे, प्रांगण में मौजूद भक्तों में संत प्रेमानंद के पास पहुंचने की होड़ लग



गई। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में शुक्रवार की सुबह करीब सवा दस बजे भक्तों की भीड़ से मंदिर प्रांगण भरा था। इसी बीच मंदिर के गेट संख्या दो से जैसे ही अनुयायियों संग संत प्रेमानंद ने मंदिर में एंट्री की, भक्त उल्लासित हो गए। कोई राधे राधे का जाप करने लगा तो कोई मेरे गुरुजी मेरे गुरुजी कहकर संत का सामीप्य पाने की होड़ में लग गया। गेट नंबर दो से आगे बढ़ते हुए वीआईपी कटहरा तक पहुंचे तो भीड़ को दूर करने में अनुयायियों और सुरक्षा गार्डों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। संत प्रेमानंद ने वीआईपी कटहरा में पहुंचकर आराध्य बांके बिहारी जी के दर्शन किए। मंदिर सेवायत सोनू गोस्वामी ने संत प्रेमानंद को वैदिक मंत्रोचारण के मध्य पूजा अर्चना करवाई। इससे पहले करीब साढ़े नौ बजे संत प्रेमानंद ने राधावल्लभ पहुंचकर दर्शन किए और पूजा अर्चना की।

## नेपाल हिंसा के बीच श्रद्धालु कैलाश मानसरोवर रवाना

बहराइच ।नेपाल में व्याप्त अशांति के बीच, तमिलनाडु के तीर्थयात्रियों का एक जत्था उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के रुपईडीहा क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा से कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए रवाना हुआ। स्थानीय निवासियों के अनुसार, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) द्वारा एक बारात के 11 लोगों को मोटरसाइकिल से नेपाल जाने की अनुमति दिए जाने के बाद सीमा पार जाकर निकाह भी संपन्न हुआ। एसएसबी की 42वीं बटालियन के सेनानायक गंगा सिंह उदावत ने बताया कि तमिलनाडु के कांचीपुरम से कैलाश मानसरोवर यात्रा पर निकले 23 श्रद्धालुओं का जत्था बृहस्पतिवार को नेपाल सीमा से सटे उत्तर प्रदेश के बहराइच में रुपईडीहा पहुंचा। इस जत्थे को नेपालगंज के रास्ते तिब्बत स्थित कैलाश मानसरोवर जाना था। नेपाल में बिगड़े हालात और कर्फ्यू को देखते हुए तीर्थयात्रियों को रोका गया था, लेकिन उन्होंने कहा कि वे भगवान शंकर के दरबार जा रहे हैं और बाबा ही उनकी रक्षा करेंगे। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं ने अपने टूर ऑपरेटर के जरिए नेपाल प्रशासन से बातचीत का हवाला दिया और नेपाल के सुरक्षाबलों ने उन्हें सुरक्षित ले जाने का आश्वासन दिया। बाद में नेपाल के सशस्त्र पुलिस बल से पुष्टि के बाद तीर्थयात्रियों को नेपालगंज भेज दिया गया। इस बीच, सीमा पर दो निकाह भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गए। स्थानीय निवासियों ने बताया कि बहराइच के खैरनिहा गांव निवासी सलाउद्दीन की बारात नेपाल के बाले गांव जानी थी, लेकिन सीमा बंद होने के कारण एसएसबी ने बारात को रुपईडीहा सीमा पर रोक दिया और आगे नहीं जाने दिया। काफी मिन्नतों के बाद, दूल्हे को सिर्फ 11 बारातियों के साथ नेपाल जाने की अनुमति दी गई। सभी मोटरसाइकिलों से नेपाल पहुंचे और वहां निकाह की रस्में पूरी की गईं। स्थानीय लोगों ने बताया कि आमतौर पर ऐसी बारातों में सैकड़ों लोग शामिल होते हैं, लेकिन इस बार परिस्थितियों के कारण परंपरा बदलनी पड़ी। इसी तरह, अयोध्या निवासी रेशू खान का निकाह पड़ोसी देश नेपाल के बांके जिले के वार्ड-8 की निवासी शबाना से तय था। बृहस्पतिवार को अयोध्या से बारात बहराइच के रुपईडीहा सीमा पर पहुंची, लेकिन एसएसबी ने उन्हें नेपाल जाने से रोक दिया। उधर, दुल्हन पक्ष सीमा पार इंतजार कर रहा था। आखिरकार, दोनों परिवारों ने आपसी सहमति से समाधान निकाला। दुल्हन और उसके कुछ परिजन सीमा पर आ गए, जहां एक मौलवी की मौजूदगी में निकाह की रस्म अदा की गई। स्थानीय लोगों की मदद से समारोह की व्यवस्था की गई और सीमा पर ही निकाह संपन्न हुआ। निकाह के बाद बाराती दुआ-सलाम के साथ अयोध्या लौट गए।

# छात्र से जाति पूछी, दलित होने पर दिया पीछे बैठने का आदेश

- छात्र के पिता ने प्रधानाचार्य से की शिकायत तो कहा टीसी ले जाओ

कलान। रोजी पब्लिक स्कूल में छात्र के दलित होने पर पीछे बैठाने का मामला प्रकाश में आया है ।छात्र के पिता ने जब प्रधानाचार्य से इस मामले की शिकायत की तो प्रधानाचार्य ने कहा अपने बच्चों की टीसी कटा लो। कलान निवासी वीर प्रताप सिंह ने थाने पर दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका पुत्र आयुष प्रताप सिंह रोजी पब्लिक स्कूल कलान में कक्षा 10 का छात्र है। 10 सितंबर को उसका पुत्र विद्यालय में गया ।क्लास में जाने के उपरान्त उसके पुत्र आयुष प्रताप सिंह से क्लास के तीन बच्चों ने जाति पूछी तो उसके पुत्र ने बताया कि मैं जाटव हूँ। उसके पुत्र ने उक्त तीनों बच्चों की शिकायत प्रधानाचार्य लोकनाथ तिवारी से की तो प्रधानाचार्य ने कहा आप सबसे पीछे बैठा करो ।उसके पुत्र पुत्र ने सारी बात उसे बताई तो उसने विद्यालय जाकर प्रधानाचार्य से बात की तो प्रधानाचार्य ने कहा कि पीछे बैठने में क्या परेशानी है ।उसने कहा कि विद्यालय में सभी बच्चे समान है विद्यालय समिति को बच्चों के प्रति समानता होनी चाहिए ।प्रधानाचार्य ने कहा कि जो मैने बताया है ।उस तरीके से पढ़ाना चाहो तो पढ़ाओ अन्यथा टी०सी० ले जाओ ।उसने कहा कि अब तो कक्षा 10 को बोर्ड फार्म भी नहीं भर पायेगा इसलिए अभद्रता करने वाले बच्चों को थोड़ा समझा दो ।तब तक उसका का पुत्र उसके पास आया और कहा कि उक्त तीनो बच्चों ने कक्षाध्यापक अभिषेक मिश्रा के सामने मुझे जान से मारने की धमकी दी ।इसके बाबजूद भी प्रधानाचार्य ने कुछ भी नहीं कहा।

# नगर आयुक्त ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया गया निरीक्षण

## साफ सफाई के साथ फॉगिंग और सेनेटाईजेशन के दिए निर्देश

शाहजहांपुर महानगर में नगर आयुक्त डॉ विपिन कुमार मिश्रा द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया ।नगर आयुक्त ने महानगर क्षेत्र के रेती रोड स्थित लोक विहार कॉलोनी, हनुमतधाम, न्यू सिटी ककरा स्थित निमार्णाधीन नगर निगम कार्यालय भवन, मियां वाकी पार्क (जैव-विविधता पार्क) का निरीक्षण कर साफ-सफाई की स्थिति को देखा गया। निरीक्षण स्थलों पर बाढ़ का पानी कम होने के बाद नगर निगम टीम द्वारा कराये जा रहे स्वच्छता से सम्बन्धित कार्यों जैसे सफाई कार्य, चूना व ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव व सैनेटाईजेशन के कार्य को अपनी उपस्थिति में कराया गया। इसके साथ ही न्यू सिटी ककरा स्थित निमार्णाधीन नगर निगम कार्यालय भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय निर्माण कार्य की स्थिति की देखा गया और निर्माण कार्य को अति शीघ्र पूर्ण किये जाने हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया। न्यू सिटी ककरा में स्थित मियांयाकी पार्क (जैव-विविधता पार्क) निरीक्षण के समय पार्क में मौजूद माली व स्वच्छता कर्मी कार्यरत पाये गये। पार्क में पेड़-पौधों की स्थिति को देखा गया। संबन्धित को निर्देशित किया गया कि पार्क में विशेष साफ-सफाई रखी जायें व पार्क में जो पौधे सूखे गये हो, उनके स्थान पर उसी प्रजाति के पौधे लगाये जाये, साथ ही पौधों की देखभाल हेतु निर्देशित किया गया। इसके बाद नगर आयुक्त द्वारा न्यू सिटी ककरा में नंदीशाला व मघई टोला स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था, प्रकाश बिन्दु व जलापूर्ति तथा हरा चारा, भूसा, चोकर की स्थिति को भी देखा गया। संबन्धित को निर्देशित किया गया कि कान्हा गौशाला च नंदीशाला में विशेष सफाई व्यवस्था रखी जाये व हरा चारा, चोकर च भूसा आदि को पर्याप्त मात्रा में रखने के निर्देश दिये गये। साथ ही नगर आयुक्त द्वारा महानगर क्षेत्र के अजीजगंज डैम रोड पर स्थित नगर निगम द्वारा नव-निर्मित कराये गये एनिमल बर्थ कन्ट्रोल सेन्टर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय उपस्थित नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ० मनोज कुमार मिश्र द्वारा अवगत कराया गया कि बाढ़ का पानी कम होने के उपरान्त नगर निगम के संसाधनों व स्वच्छता कर्मियों के माध्यम से सेन्टर के आसपास विशेष अभियान चत्राकर सफाई कार्य, चूमा, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव व सेनेटाईजेशन का कार्य गृहद स्तर पर कराया जा रहा है। नगर आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि एनिमल बर्थ कन्ट्रोल सेन्टर के संचालन से पूर्व समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरस्त कर लिया जायें, जिससे सेन्टर के संचालन के समय किसी प्रकार की दिक्कत न हो। निरीक्षण के समय नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ० मनोज कुमार मिश्रा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सतेन्द्र कटियार व अन्य लोग उपस्थित रहें।




# पाकिस्तान ने ओमान को 93 रन से हराया

## मोहम्मद हारिस ने अर्धशतक जमाया, फैसल और कलीम को 3-3 विकेट

एजेंसी



**दुबई।** एशिया कप 2025 के मैच नंबर-4 में शुक्रवार (12 सितंबर) को पाकिस्तान और ओमान का मुकाबला हुआ. दुबई के दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए ग्रुप-ए के इस मुकाबले में पाकिस्तान ने ओमान को 93 रनों से हरा दिया। मुकाबले में ओमान को जीत के लिए पाकिस्तान ने 161 रनों का टारगेट दिया था, लेकिन उसकी पूरी टीम 16.4 ओवर्स में 67 रनों पर सिमट गई. इंटरनेशनल क्रिकेट में पहली बार पाकिस्तान और ओमान के बीच मुकाबला खेला गया। टारगेट का पीछा करते हुए ओमानी टीम शुरूआत से ही विकेट गंवाती रही।50 रनों तक जाते-जाते ओमान की टीम के 8 विकेट गिर गए. कप्तान जतिंदर सिंह (1 रन) और ओपनर आमिर कलीम (13 रन) को पार्टटाइम स्पिनर सैम अयूब ने पवेलियन भेजा. वहीं मोहम्मद नदीम (3 रन) और हम्माद मिर्जा (27 रन) को चाइनामैन गेंदबाज सुफियान मुकीम ने आउट किया। सुफियान महमूद (1 रन) को लेफ्ट आर्म स्पिनर मोहम्मद नवाज ने चलता किया. जबकि विनायक शुक्ला 2 रन बनाकर रन आउट हुए। इसके बाद तेज गेंदबाज फहीम अशरफ ने जिकरिया इस्लाम (0 रन) को विकेट के पीछे कैच आउट कराया. वहीं शाहीन आफरीदी ने फैसल शाह (1 रन) को बोल्ड कर दिया, जिससे ओमान का स्कोर 50/8 हो गया. फिर फहीम अशरफ ने हसनैन शाह (1 रन) को बोल्ड करके ओमान को नौवां झटका दिया।ओमान की ओर से शकील अहमद आखिरी विकेट के तौर पर आउट हुए. पाकिस्तान के लिए फहीम अशरफ, सुफियान मुकीम और सैम अयूब ने दो-दो विकेट चटकाए. जबकि शाहीन आफरीदी, अबरार अहमद और मोहम्मद नवाज को भी एक-एक सफलता हाथ लगी. देखा जाए तो ओमान के 6 विकेट्स स्पिनर्स ने निकाले।

दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी।टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 161 रन बनाए।मोहम्मद हारिस ने 66 रन की अर्धशतकीय पारी खेली।उन्होंने 7 चौके और 3 छक्के लगाए।उन्होंने पहला अर्धशतक लगाया है। हारिस के अलावा, ओपनर साहिबजादा फरहान 29 और फखर जमान ने नाबाद 23 रन बनाए।ओमान की ओर से आमिर कलीम और फैसल शाह ने 3-3 विकेट झटके।एक विकेट मोहम्मद नदीम को मिला।पाकिस्तान की शुरूआत खराब रही।सईम अयूब को पहले ओवर की दूसरी गेंद पर शाह फैसल ने एलबीडब्ल्यू आउट किया।वह खाता भी नहीं खोल पाए। इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद हारिस ने साहिबजादा फरहान के साथ मोर्चा संभाला।दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 63 गेंदों में 85 रनों की साझेदारी हुई, जिसे आमिर कलीम ने तोड़ा। उन्होंने सलामी बल्लेबाज फरहान को अपनी ही गेंद पर कैच आउट किया।वह 29 गेदों में 29 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

# भावनाओं में बहने के कारण भारत से हार जाता है पाकिस्तानः लतीफ



नयी दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ का मानना है कि भारत के खिलाफ खेलते समय भावनाएं अक्सर उनकी टीम पर हावी हो जाती हैं और इसी कमजोरी के कारण उन्हें हाल के वर्षों में अपने इस चिर प्रतिद्वंद्वी से महत्वपूर्ण मैचों में हार का सामना करना पड़ा है।

राजनीतिक तनाव के कारण दोनों पड़ोसी देशों के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट एक दशक से भी ज़ूयादा समय से स्थगित है, जिससे उनके मुकाबले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद और एशियाई क्रिकेट परिषद की प्रतियोगिताओं तक सीमित हो गए हैं। पिछले 10 साल में यह प्रतिद्वंद्विता काफ़ी हद तक एकतरफ़ा रही है, जिसमें भारत ने 15 में से 12 मैच जीते हैं।लतीफ ने पीटीआई वीडियो से कहा, हम भावुक या अति उत्साहित हो जाते हैं और एक ही बार में सब कुछ करने की कोशिश करते हैं। हम भारत के खिलाफ मैच को ज्यादा आगे नहीं ले जाते और इस वजह से पाकिस्तान को अधिकतर मैच में हार का सामना करना पड़ता है। पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा कि दूसरी ओर भारत पिच और मैच की परिस्थितियों के अनुसार खेलता है और इसलिए उसे सफलता मिलती है। पाकिस्तान पर अपेक्षाओं का बोझ है और भारत इसका फायदा उठाता है। भारत और पाकिस्तान रविवार को दुबई में एशिया कप के ग्रुप चरण में एक दूसरे का सामना करेंगे। लतीफ का मानना है कि भारत की धैर्य बनाए रखने की क्षमता, हार्दिक पांड्या, सूर्यकुमार यादव, अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन से मिलने वाला संतुलन और जसप्रीत बुमराह की बेजोड़ सटीकता भारतीय टीम को किसी अन्य टीम की तुलना में अधिक संपूर्ण बनाती है। लतीफ़ ने कहा कि हार्दिक पांड्या एक ख़तरनाक खिलाड़ी हैं। मध्यक्रम के बल्लेबाज या निचले क्रम के बल्लेबाज मैच का पासा पलट सकते हैं।पांड्या ने ऐसा एक बार नहीं, बल्कि कई बार किया है, जो अद्भुत है और इसीलिए उन्हें एक्स-फ़ैक्टर कहा जाता है। उन्होंने कहा कि अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन और सूर्यकुमार यादव जैसे खिलाड़ी संतुलन लाते हैं।गेंदबाजी में बुमराह अपने दम पर मैच का रुख बदल सकते हैं।

संक्षेप

## फिडे ग्रैंड स्विसः निहाल और वैशाली शीर्ष पर काबिज

समरकंद (उज्बेकिस्तान)। भारतीय ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन ने शानदार जीत के साथ परम मघसूदलू के अजेय अभियान पर रोक लगा दी और फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर के बाद संयुक्त बढ़त हासिल कर ली। महिला वर्ग में आर वैशाली ने भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एकल बढ़त हासिल कर ली। पिछली बार की विजेता वैशाली ने चीन की गुओ क्यू को हराया और अब वह रूस की कैटरीना लैगनो से आधा अंक आगे हैं। हालांकि विश्व चैंपियन डी. गुकेश का संघर्ष जारी रहा और गुरुवार को उन्हें लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा।इस बार उन्हें तुर्की के एडिज गुरेल ने हराया।इससे वह लाइव विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर खिसक गए। मघसूदलू के खिलाफ जीत दर्ज करने से निहाल जर्मनी के ब्लूबाम के साथ संयुक्त बढ़त पर पहुंच गए। जर्मन खिलाड़ी ने भारत के अर्जुन एरिगैसी को हराया।ओपन वर्ग में गत चैंपियन विदित गुजराती ने फ्रांसीसी जीएम मार्केंद्धिया मौरिज्जी पर जीत के साथ वापसी की, जबकि आर प्रज्ञाननंदा ने इजरायल के मैक्सिम रोडश्टाइन को हराया।

## मध्य क्षेत्र ने दक्षिण क्षेत्र पर बढ़त हासिल की

बेंगलुरु। कप्तान रजत पाटीदार (101 रन) और यश राठौड़ (नाबाद 137 रन) ने दक्षिण क्षेत्र के स्पिन गेंदबाजी के कम विकल्पों का फायदा उठाकर शतक जड़ते हुए शुक्रवार को यहां दलीप ट्रॉफी फाइनल के दूसरे दिन मध्य क्षेत्र को पांच विकेट पर 384 रन बनाने में मदद की। दक्षिण क्षेत्र बृहस्पतिवार को पहली पारी में 149 रन पर सिमट गया था जिससे मध्य क्षेत्र की बढ़त 235 रन की हो गई है।पाटीदार (115 गेंद) ने अपना 15वां और राठौड़ (188 गेंद) ने सातवां प्रथम श्रेणी शतक जड़ा। स्टंप तक संसार जैन 47 रन बनाकर राठौड़ का साथ दे रहे थे। पाटीदार और राठौड़ ने चौथे विकेट के लिए 167 रन की साझेदारी निभाई जिससे मैच निश्चित रूप से दक्षिण क्षेत्र के हाथों से निकल गया है। हालांकि इससे पहले मध्य क्षेत्र ने 93 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे जिससे टीम मुश्किल में दिख रही थी। मध्य क्षेत्र ने सुबह बिना विकेट गंवाए 50 रन से आगे खेलना शुरू किया और पहले सत्र में टीम ने 102 रन जोड़े। लेकिन टीम ने सलामी बल्लेबाज दानिश मालेवार (53), अक्षय वाडकर (22) और शुभम शर्मा (06) के विकेट जल्दी-जल्दी गंवा दिए। तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह (74 रन देकर तीन विकेट) उस सत्र के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे जिन्होंने बादलों भरे आसमान में गेंद को बार बार उछालकर बल्लेबाजों को परेशान किया।

# लक्ष्य, सात्विक-चिराग की जोड़ी हांगकांग ओपन के सेमीफाइनल में




हांगकांग। भारतीय शटलर लक्ष्य सेन तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी शुक्रवार को हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के अपने वर्गों के सेमीफाइनल में पहुंच गई।

सेन ने हमवतन आयुष को एक घंटे छह मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 21-16, 17-21, 21-13 से हराया। आयुष ने बृहस्पतिवार को बड़ा उलटफेर करते हुए 2023 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता जापान के कोडाई नाराओका को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हरा दिया था। सेन का सामना अब तीसरी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन और इंडोनेशिया के अल्वी फरहान के बीच होने वाले दूसरे क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा। इससे पहले सात्विक और चिराग ने बेहतर तालमेल का नमूना पेश किया और इस 500,000 डॉलर इनामी प्रतियोगिता में 64 मिनट तक चले मुकाबले में आरिफ जुनैदी और रॉय किंग याप की जोड़ी को 21-14, 20-22, 21-16 से हराया। सात्विक और चिराग की आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने धीमी शुरुआत की, लेकिन एक बार जब स्कोर 12-12 हो गया तो उन्होंने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया और लगातार पांच अंक बना कर पहला गेम जीता। मलेशियाई खिलाड़ियों ने दूसरे गेम में अपनी लय हासिल करके अच्छी वापसी की।उन्होंने स्कोर 6-6 से बराबर किया और इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। लेकिन सात्विक और चिराग ने अच्छी वापसी करके स्कोर 20-20 से बराबर कर दिया।मलेशिया की जोड़ी ने हालांकि अगले दो अंक बनाकर मैच को बराबरी पर ला दिया। तीसरे और निर्णायक गेम में भारतीय जोड़ी ने बेहतर खेल दिखाया और मलेशिया की जोड़ी को एक बार भी बढ़त हासिल नहीं करने दी और मैच अपने नाम किया।सात्विक और चिराग ने गुरुवार को थाईलैंड के पीराचाई सुकफुन और पक्कापोन तीरात्साकुल को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की थी।

# भारत को 2047 तक शीर्ष पांच खेल देशों में लाने की योजना तैयार : मांडविया



नयी दिल्ली। देश में खेल संस्कृति के विकास की प्रक्रिया को सिलसिलेवार और सतत बनाने पर जोर देते हुए खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र के साथ शीर्ष पांच खेल महाशक्तियों में शामिल करने के लिये 10 वर्षीय और 25 वर्षीय योजना बनाई गई है जिस पर जल्दी ही अमल होगा। मांडविया ने कहा कि भारत की आजादी के सौ साल पूरे होने पर देश को विकसित राष्ट्र बनाने और शीर्ष पांच खेल देशों में शामिल करने का लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने दिया है।इसके लिये योजना तैयार कर ली गई है जो जल्दी ही देश के सामने आयेगी। इसे लागू करने के लिये नीतिगत बदलाव करने होंगे और हम इस पर जल्दी ही अमल करेंगे।

यहां स्पोर्ट्सस्टारः प्लेकॉम बिजनेस समिट 2025 में खेलमंत्री ने कहा, हमें ऐसी कार्य संस्कृति तैयार करनी होगी जिसमें प्रतिभा को तलाशने और तराशने का काम व्यवस्थित तरीके से हो।इसके साथ ही दुनिया भर के देश भारत में लीग खेलने आयें। हमें खेल कोटे से नौकरी कर रहे अपने पूर्व खिलाड़ियों के कौशल का भी पूरा इस्तेमाल करना होगा। खेलमंत्री ने कहा कि देश में खेलों का इकोसिस्टम तैयार करने और खेलों को जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिये क्रमबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि इसके लिये मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पहले चरण में फिट इंडिया और खेलो इंडिया जैसी मुहिम शुरू की गई। खिलाड़ियों को तमाम सुविधायें, अनुभव और आधुनिक कोचिंग देने के लिये टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) शुरू हुई।इसके बाद विजन दस्तावेज की जरूरत पड़ी तो हम खेल नीति लेकर आये।उन्होंने कहा कि खेलों में अच्छे प्रशासन के लिये सरकार खिलाड़ियों को केंद्र में रखकर खेल प्रशासन विधेयक लेकर आई जिससे खेल महासंघ अदालती विवादों में मसरूफ रहने की बजाय खिलाड़ियों पर फोकस रख सकें।उन्होंने कहा कि पहले खेल महासंघों के 350 से ज्यादा विवाद अदालतों में थे। इस बिल में उनके निपटान की त्वरित व्यवस्था का प्रावधान भी है। खिलाड़ियों के हितों की रक्षा और महिलाओं का खेल महासंघों में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिये विशेष प्रावधान हैं। मांडविया ने कहा कि भारत में दूर दराज के इलाकों की प्रतिभाओं को मौके देने के लिये मजबूत इकोसिस्टम तैयार करना जरूरी है। हमने दुनिया भर में कैसे काम हो रहा है, वह देखा लेकिन अपना मॉडल बनाया। भारत की भौगोलिक विविधता का फायदा उठाते हुए खेलों का विकास सुनिश्चित करना है।आने वाले समय में हम खेल सेक्टर में आने वाले बदलावों को महसूस कर सकते हैं। हमारा लक्ष्य हर पोडियम पर भारत का परचम लहराना होना चाहिये। खेलमंत्री ने कहा, इसके लिये खेलों को जन आंदोलन में बदलना होगा। हमें खेलों से जुड़े हर हितधारक को साथ लेकर आगे बढना है और यह एक सामूहिक मिशन होना चाहिये जिससे हर नागरिक जुड़ा हो और भारत में खेलों की प्रगति में योगदान दे सके।

# भारतीय खेलों का निर्णायक पल था : उषा




नयी दिल्ली। लॉस एंजिलिस ओलंपिक में मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूकी उड़नपरी पी टी उषा ने शुक्रवार को कहा कि इसे वह अपनी हार नहीं बल्कि भारतीय खेलों के लिये निर्णायक पल मानती है जिसने यह साबित किया कि भारत की एक महिला दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुनौती दे सकती है।

उषा लॉस एंजिलिस ओलंपिक में महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में सेकंड के सौवें हिस्से से कांस्य पदक से चूक गई थी।भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष ने यहां स्पोर्ट्सस्टारः प्लेकॉम बिजनेस समिट 2025 में अपने कैरियर को याद करते हुए कहा, केरल के एक छोटे से गांव पायोली में पली बढी एक ऐसी लड़की थी जिसे खेलना पसंद था। उस समय कोई स्टेडियम, अच्छे जूते, वैज्ञानिक ट्रेनिंग कार्यक्रम नहीं होता था। मैं खुरदुरे मैदानों पर नंगे पैर भी दौड़ी हूं क्योंकि मुझे इससे खुशी मिलती थी। मेरा वह सपना मुझे वैश्विक मंच तक ले गया और 1984 लॉस एंजिलिस ओलंपिक मेरे कैरियर के सबसे यादगार पलों में से रहा। मैने भारत का परचम लहराने के लिये सालों मेहनत की थी। मैं 400 मीटर बाधा दौड़ में पदक से सेकंड के सौवें हिस्से से चूक गई। कई लोगों को यह मेरी हार लगती होगी लेकिन मेरे लिये यह भारतीय खेलों का निर्णायक पल था।पायोली एक्सप्रेस के नाम से मशहूर उषा ने कहा कि इसने साबित किया कि भारत की एक महिला दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुनौती दे सकती है। इससे देश के हर युवा खिलाड़ी को संदेश मिला कि अगर बड़े सपने देखे और मेहनत करें तो कुछ भी असंभव नहीं है और यही खेलों की ताकत है। भारतीय खेलों में ऐसे कई पल आये।हॉकी के मैदान पर ध्यानचंद का जादू, मिल्खा सिंह की दौड़, क्रिकेटरों का देश को एकजुट करना, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, कुश्ती और निशानेबाजी में कामयाबी।लेकिन हम सिर्फ इतिहास के दम पर आगे नहीं बढ सकते। भविष्य के लिये जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं का विकास जरूरी है। दूर दराज के किसी गांव में नंगे पैर दौड़ते बच्चे या घर के अहाते में कबड्डी खेलते बच्चों को तलाशकर तराशने की जरूरत है। लक्ष्य क्रिकेट या कुछ खेलों में ही नहीं बल्कि हर खेल में भारत को सफल बनाना होना चाहिये।

# आईसीसी टूर्नामेंटों में पाकिस्तान से खेलना होगाः धूमल





नयी दिल्ली। यूएई में चल रहे एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच 14 सितंबर को होने वाले बहुचर्चित मुकाबले से पहले आईपीएल चेयरमैन अरूण धूमल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने पाकिस्तान के साथ खेल संबंधों को लेकर स्थिति स्पष्ट कर दी है और एसीसी तथा आईसीसी टूर्नामेंटों में भारतीय टीम को उससे खेलना ही होगा।

अप्रैल में पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 पर्यटकों की मौत के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव और भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलने को लेकर भारत में सोशल मीडिया पर काफी विरोध हो रहा है।भारत के महान स्पिनर हरभजन सिंह ने कल कहा था कि भारत और पाकिस्तान के आपसी संबंध बेहतर होने तक आपस में क्रिकेट या व्यापार नहीं होना चाहिये।इससे पहले हरभजन इंडिया चैम्पियंस टीम का भी हिस्सा थे जिसने जुलाई में इंग्लैंड में हुई विश्व लीजैंड्स चैम्पियनशिप में पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल नहीं खेला था।पहलगाम हमले के मद्देनजर पिछले महीने ही भारत सरकार ने पहली बार पाकिस्तान के साथ खेल संबंधों को लेकर नीति बनाई जिसके तहत भारत किसी भी खेल में पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय टूर्नामेंट नहीं खेलेगा, चाहे वे तटस्थ स्थान पर ही क्यों नहीं हो लेकिन बहु देशीय टूर्नामेंटों में खेलना होगा। धूमल ने यहां प्लेकॉम 2025 समिट से इतर पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा, मैं भारतीय टीम को शुभकामना देना चाहता हूं। पाकिस्तान के साथ खेलने को लेकर भारत सरकार ने स्थिति स्पष्ट कर दी है।हम पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय टूर्नामेंट नहीं खेलेंगे लेकिन एसीसी या आईसीसी ट्रॉफी खेलना होगा। हम सरकार की सलाह पर अमल करेंगे। बीसीसीआई अध्यक्ष के चुनाव के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, एक सप्ताह के भीतर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जायेगी।तभी हमें स्पष्ट तस्वीर मिल जायेगी कि अगला अध्यक्ष कौन होगा। सरकार द्वारा आनलाइन गेमिंग पर रोक लगाने के बाद भारतीय टीम की टाइटल प्रायोजक ड्रीम 11 के साथ करार खत्म होने पर कोई प्रतिक्रिया देने से इनकार करते हुए उन्होंने कहा, जो हुआ, वह हो चुका है (ड्रीम 11 का जाना)।मैं इसके बारे में बात नहीं करना चाहता लेकिन अगले प्रायोजक को तलाशने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उम्मीद है कि दो तीन सप्ताह में पता चल जायेगा। आईपीएल की सफलता का श्रेय बीसीसीआई को देते हुए धूमल ने कहा कि इसकी नींव 2008 से पहले ही पड़ चुकी थी और बीसीसीआई ने इतने वर्षों में खिलाड़ियों का शानदार पूल तैयार किया है जिससे यह लीग इतनी कामयाब रही। आईपीएल सबसे अलग इसलिये है क्योंकि हर गेंद यहां एक जलसा है।पहले मैच में ब्रेंडन मैकुलम से लेकर पिछले सत्र में 14 वर्ष के वैभव रघुवंशी तक जिसने आईपीएल में पहली गेंद पर ही छक्का जड़ दिया। मैं इसलिये कहता हूं कि लीग शुरू करने पर नहीं बल्कि बेहतरीन खिलाड़ी तैयार करने पर फोकस रखें, लीग अपने आप कामयाब हो जायेगी।

# देश की उम्मीदों का भार लिये चोपड़ा के सामने विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक के बचाव की चुनौती

तोक्यो। भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा शनिवार से शुरू हो रही विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के लिए पदक की इकलौती उम्मीद होंगे, वह देश की उम्मीदों पर खरा उतरने के साथ लगातार दो स्वर्ण पदक जीत कर विश्व चैंपियनशिप के इतिहास में ऐसा कारनामा करने वाले केवल तीसरे पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी बनने की कोशिश करेंगे। चोपड़ा ने 2023 में बुडापेस्ट में आयोजित सत्र में 88.17 मीटर की दूरी के साथ स्वर्ण पदक जीता था जबकि पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम (87.82 मीटर) ने रजत और चेक गणराज्य के याकूब वाडलेज (86.67 मीटर) ने कांस्य पदक जीता था। चोपड़ा अगर 18 सितंबर को फाइनल में फिर से स्वर्ण जीतते हैं, तो वह लगातार दो विश्व चैंपियनशिप में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतने वाले सिर्फ तीसरे खिलाड़ी बनेंगे। यह उपलब्धि अब तक चेक गणराज्य के महान खिलाड़ी यान जेलेजनी (1993 और 1995) और ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (2019 और 2022) ने हासिल की है। जेलेजनी मौजूदा समय में चोपड़ा के कोच है। चोपड़ा 19 सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व कर रहे हैं और एकमात्र पदक उम्मीदवार हैं। वह एक साल से भी ज्यादा समय बाद अरशद नदीम का सामना करेंगे। दोनों खिलाड़ियों की पिछली टक्कर 2024 पेरिस ओलंपिक में हुई थी, जहां चोपड़ा ने दूसरा स्थान हासिल किया था। चोपड़ा के पास ऐसे में पेरिस ओलंपिक का हिसाब चुकता करने का भी मौका होगा। इस 27 साल के भारतीय खिलाड़ी के लिए स्वर्ण जीतना आसान नहीं होगा। उनके सामने अरशद नदीम के अलावा हाल में डायमंड लीग चैंपियन बने जूलियन वेबर (जर्मनी) की भी कड़ी चुनौती होगी। इसके अलावा एंडरसन पीटर्स, कीनिया के 2015 विश्व चैंपियन जूलियस येगो, 2012 ओलंपिक चैंपियन केशोर्न वॉलकॉट (त्रिनिदाद और टोबैगो), अनुभवी वाडलेज, और ब्राजील के लुइज डा सिल्वा भी चुनौती पेश करेंगे।

# आज मणिपुर का दौरा करेंगे मोदी

## 8,500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का होगा अनावरण

इंफाल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 सितंबर को मणिपुर का दौरा करेंगे और चूड़ाचांदपुर तथा इंफाल में आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों से बातचीत करेंगे। मुख्य सचिव पुनीत कुमार गोयल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री के इस संघर्षग्रस्त राज्य में दौरे की यह पहली आधिकारिक पुष्टि है। दो वर्ष पहले राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद मोदी का यह पहला मणिपुर दौरा होगा।

गोयल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री 8,500 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का भी अनावरण करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक विज्ञप्ति में कहा, मणिपुर के समावेशी, सतत और समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री चूड़ाचांदपुर में 7,300 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। मोदी इंफाल में 1,200 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। मुख्य सचिव ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शांति का मतलब केवल हिंसा की अनुपस्थिति से नहीं, बल्कि विश्वास, सद्भाव और सुलह की उपस्थिति से भी है। उन्होंने कहा, इस तरह, प्रधानमंत्री का मणिपुर दौरा राज्य में शांति, सामान्य स्थिति और विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। माननीय प्रधानमंत्री 13 सितंबर को आइजोल से मणिपुर पहुंचेंगे। मुख्य सचिव ने बताया कि मोदी राज्य के अपने दौरे के दौरान चूड़ाचांदपुर और इंफाल में



आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों से बातचीत करेंगे तथा दो रैलियों को संबोधित करेंगे। दोपहर करीब 12.15 बजे चूड़ाचांदपुर पहुंचने पर वह सबसे पहले जिले के आंतरिक रूप से विस्थापित कुछ व्यक्तियों (आईडीपी) से बातचीत करेंगे। वह राज्य भर में शुरू की जाने वाली विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री चूड़ाचांदपुर के पीस ग्राउंड में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्य सचिव ने कहा, इसके बाद, वह अपराह्न लगभग 2.30 बजे कांगला पहुँचेंगे और सबसे पहले आंतरिक रूप से विस्थापित कुछ लोगों से बातचीत करेंगे। वह विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कांगला में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। परियोजनाओं में, प्रधानमंत्री इंफाल के मंत्रिपुखरी में 101 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नए मणिपुर पुलिस मुख्यालय और उसी इलाके में 538 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नागरिक सचिवालय का उद्घाटन करेंगे। चूड़ाचांदपुर से मोदी विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, जिनमें 3,647 करोड़ रुपये की जल निकासी और परिसंपत्ति प्रबंधन सुधार परियोजना और 550 करोड़ रुपये की मणिपुर इन्फोटेक डेवलपमेंट परियोजना शामिल है। राज्य सरकार राज्य में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने की दिशा में सफलतापूर्वक आगे बढ़ने के लिए मणिपुर के पहाड़ी और घाटी दोनों क्षेत्रों के लोगों के प्रयासों की सराहना करती है। सभी हितधारकों के संयुक्त प्रयासों से राज्य में धीरे-धीरे लेकिन शांत तरीके से स्थिरता एवं सुरक्षा आई है।

मणिपुर सिर्फ एक सीमावर्ती राज्य नहीं है, बल्कि भारत की एक्ट ईस्ट नीति का केंद्रीय स्तंभ और दक्षिण पूर्व एशिया का प्रवेश द्वार तथा भारत की विविधता का गौरवशाली संरक्षक है।

# चार्ली किर्क की हत्या के मामले में संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया गया है : ट्रंप

ओरेम (अमेरिका)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि चार्ली किर्क हत्याकांड में संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया गया है। ट्रंप ने शुक्रवार सुबह फॉक्स न्यूज चैनल पर प्रसारित एक साक्षात्कार के दौरान घोषणा करते हुए कहा, अति यकीन के साथ, हमने उसे पकड़ लिया है। ट्रंप ने कहा कि एक मंत्री, जो कानून प्रवर्तन से जुड़े हैं, ने संदिग्ध को अधिकारियों के हवाले कर दिया है। ट्रंप ने कहा, उसके एक बेहद करीबी व्यक्ति ने कहा, यह वही है।



किर्क की बुधवार को केवल एक गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिसके बारे में पुलिस ने कहा कि यह एक लक्षित हमला था और यूटा के गवर्नर ने इसे राजनीतिक हत्या बताया। किर्क गैर-लाभकारी राजनीतिक संगठन टर्निंग पॉइंट यूएसए के सह-संस्थापक थे और ट्रंप के करीबी सहयोगी थे। अधिकारियों ने घटनास्थल के पास से एक उच्च-शक्ति वाली राइफल बरामद की थी और कहा था कि गोलीबारी के बाद शूटर छत से कूदकर जंगल की ओर भाग गया। गोलीबारी के समय किर्क यूटा वैली विश्वविद्यालय में टर्निंग पॉइंट द्वारा आयोजित एक परिचर्चा में बोल रहे थे। उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां कुछ घंटों बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। संघीय जांचकर्ताओं और राज्य के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को उस व्यक्ति की तस्वीरें और वीडियो जारी किए थे जिसे वे जिम्मेदार मानते हैं। किर्क को उस समय गोली मारी गई जब वह ओरेम स्थित यूटा वैली विश्वविद्यालय के एक प्रांगण में एकत्रित भीड़ को संबोधित कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि 7,000 से अधिक सुराग और सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। अधिकारियों ने अभी तक सार्वजनिक रूप से संदिग्ध का नाम नहीं बताया है और न ही इस हत्या के पीछे का कोई कारण बताया है। किर्क द्वारा सामाजिक मुद्दों पर भाषण देते समय दिनदहाड़े किए गए इस हमले के भयावह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। वीडियो में किर्क, जिन्होंने युवा रिपब्लिकन मतदाताओं को एकजुट करने में अहम भूमिका निभाई थी, एक हाथ में माइक्रोफोन लेकर बोलते हुए दिखाई दे रहे हैं।

## संक्षेप

### आदित्य ठाकरे ने साधा भाजपा पर निशाना

मुंबई। शिवसेना (उबाठा) नेता आदित्य ठाकरे ने शुक्रवार को एशिया कप में भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि भाजपा ने अपनी विचारधारा बदल दी है। उन्होंने पूछा कि क्या खून बहाना और क्रिकेट एक साथ हो सकते हैं। ठाकरे की आलोचना का जवाब देते हुए, महाराष्ट्र के मंत्री आशीष शेलार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों को द्विपक्षीय राजनीतिक गतिरोधों से प्रभावित नहीं किया जा सकता। आदित्य ठाकरे ने संवाददातओं से कहा कि पाकिस्तान ने भारत में कई आतंकी हमले करवाए हैं और देश के प्रसारकों को भारत-पाकिस्तान मैच का बहिष्कार करना चाहिए। उन्होंने कहा, बीसीसीआई राष्ट्र-विरोधी होता जा रहा है। बीसीसीआई पाकिस्तान के साथ खेलने को लेकर इतना उत्साहित क्यों है? क्या यह पैसे, टीवी से प्राप्त होने वाले राजस्व, विज्ञापन से होने वाली कमाई के लालच में है या खिलाड़ियों की फीस के लिए? जब पाकिस्तान सिर्फ भारत में होने के कारण एशिया कप का बहिष्कार कर सकता है, तो बीसीसीआई ऐसा क्यों नहीं कर सकता? ठाकरे ने कहा, अगर असली भाजपा सत्ता में होती, तो वह इसकी अनुमति नहीं देती।

# कर्नाटक में गणेश विसर्जन जुलूस में घुसा ट्रक, 8 की मौत

**हासन।** कर्नाटक के हासन जिले के होसहल्ली गांव में शुक्रवार रात गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान एक ट्रक श्रद्धालुओं की भीड़ में घुस गया, जिसमें 8 लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतकों में ज्यादातर युवा शामिल हैं। सभी घायलों को हासन के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अरकलगुड से आ रहा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर जुलूस में घुस गया। चार लोगों की ट्रक के पहिए के नीचे आ जाने के चलते मौके पर ही मौत हो गई। केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने इस दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि होसहल्ली में गणपति विसर्जन जुलूस के दौरान हुए इस दर्दनाक हादसे की खबर सुनकर मैं स्तब्ध हूं। इसमें कई श्रद्धालुओं ने जान गंवाई है और 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। साथ ही राज्य सरकार से अपील की कि सभी घायलों को निःशुल्क इलाज की सुविधा दी जाए।

# मोदी की मां के एआई से बने वीडियो की भाजपा ने की निंदा

पटना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत मां से जुड़ा एक एआई-जनरेटेड वीडियो बिहार कांग्रेस इकाई द्वारा सोशल मीडिया एक्स पर साझा किए जाने को लेकर भाजपा ने कड़ी आपत्ति जताई है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस ने घटिया राजनीति की सारी सीमाएं लांघ दी हैं।



उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस न सिर्फ इस वीडियो का बचाव कर रही है बल्कि प्रधानमंत्री की मां और मातृशक्ति का अपमान करना उसकी आदत बन गई है। भाजपा ने कहा कि यह पार्टी गांधीवादी की बजाय गालीवादी बन गई है और महिला एवं मातृ शक्ति का अपमान कांग्रेस की पहचान है। वरिष्ठ भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने भी कांग्रेस और राजद पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि किसी की दिवंगत मां का मज़ाक उड़ाना राजनीति की गिरावट का उदाहरण है। ठाकुर ने कहा कि बिहार की जनता इस अपमान को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस-राजद गठबंधन को करारा जवाब देगी। गौरतलब है कि बिहार कांग्रेस ने 10 सितंबर को यह वीडियो अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डाला था, जिसमें दिखाया गया है कि प्रधानमंत्री अपनी मां का सपना देख रहे हैं और वह उनकी राजनीति की आलोचना कर रही हैं। इससे पहले भी कथित रूप से कांग्रेस और राजद के एक कार्यक्रम में मंच से प्रधानमंत्री की मां के खिलाफ अपशब्द कहे गए थे। जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय झा ने एआई-जनरेटेड वीडियो पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि इस तरह का वीडियो साझा करना बेहद नीच हरकत है। उनके अनुसार, कांग्रेस ने यह साफ कर दिया है कि दरभंगा में मंच से प्रधानमंत्री की मां को गाली देना कोई गलती नहीं, बल्कि सोची-समझी रणनीति थी। यह सिर्फ एक मां का नहीं, बल्कि हर मां और महिला का अपमान है।

# प्रधानमंत्री का अब मणिपुर दौरा करना कोई बड़ी बात नहीं : राहुल

जूनागढ़। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि मणिपुर लंबे समय से संकट से जूझ रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इस हिंसाग्रस्त राज्य का अब दौरा करना कोई बड़ी बात नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वोट चोरी फिलहाल देश के सामने सबसे प्रमुख मुद्दा बना हुआ है।



गुजरात के जूनागढ़ जिले में केशोद हवाई अड्डे के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि हर जगह लोग वोट चोर के नारे लगा रहे हैं। हवाई अड्डे पर दोपहर में उतरने के बाद गांधी जूनागढ़ शहर पहुंचे, जहां उनका गुजरात कांग्रेस की जिला और नगर इकाइयों के अध्यक्षों को संबोधित करने और वरिष्ठ नेताओं के साथ बातचीत करने का कार्यक्रम है। जब पत्रकारों ने प्रधानमंत्री मोदी की मणिपुर यात्रा पर गांधी की प्रतिक्रिया जाननी चाही, तो कांग्रेस सांसद ने इस अशांत पूर्वोत्तर राज्य के उनके दौरे को ज्यादा महत्व नहीं देने की कोशिश की। गांधी ने कहा, मणिपुर लंबे समय से संकट से जूझ रहा है और प्रधानमंत्री ने अब वहां जाने का फैसला किया है। इसलिए यह कोई बड़ी बात नहीं है। आज भारत में प्रमुख मुद्दा वोट चोरी है। मोदी 13 सितंबर को मणिपुर का दौरा करेंगे और चुराचांदपुर तथा राज्य की राजधानी इंफाल में आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों से बातचीत करेंगे।

# अमेरिका में भारतीय मूल के व्यक्ति का सिर कलम किया गया, आरोपी सहकर्मी गिरफ्तार

ह्यूस्टन। अमेरिका के टेक्सास राज्य में वॉशिंग मशीन को लेकर हुए विवाद के बाद 50 वर्षीय भारतीय मूल के होटल प्रबंधक का उसकी पत्नी और बेटे के सामने सिर कलम कर दिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह घटना बुधवार सुबह डलास के डाउनटाउन सुइट्स होटल में हुई। डलास पुलिस विभाग के अनुसार, मूल रूप से कर्नाटक निवासी चंद्र मौली बॉब की, उसके सहकर्मी योर्डानिस कोबोस-मार्टिनेज के साथ खराब वॉशिंग मशीन को लेकर हुए विवाद के बाद हत्या कर दी गई। कोबोस-मार्टिनेज (37) कथित तौर पर उस समय आपा खो बैठा, जब ने उससे सीधे बात करने के बजाय किसी अन्य व्यक्ति से उनके निर्देशों का अनुवाद करने को कहा। सीसीटीवी फुटेज में कोबोस-मार्टिनेज को एक चाकू निकालते और उनपर हमला करते हुए देखा गया है। इसके बाद पीड़ित होटल कार्यालय की ओर भागा, जहां उसकी पत्नी और 18 वर्षीय बेटा मौजूद थे, लेकिन संदिग्ध ने उनका पीछा किया और चंद्र मौली बॉब को उनकी पत्नी और बेटे द्वारा बचाए जाने के प्रयासों के बावजूद फिर हमला किया। कोबोस-मार्टिन का ह्यूस्टन में पहले भी आपराधिक इतिहास रहा है, जिसमें वाहन चोरी और हमले के लिए गिरफ्तारियां शामिल हैं। अगर वह दोषी पाया जाता है तो उसे बिना पैरोल के उम्रकैद या मौत की सजा सुनायी जा सकती है। दोस्तों और परिवार के बीच बॉब के नाम से मशहूर को उनके प्रियजनों ने श्रद्धांजलि दी।

# एलन मस्क की स्टारलिंक को लाइसेंस

बेरूत। लेबनान ने संकटग्रस्त देश में सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए एलन मस्क की स्टारलिंक को लाइसेंस जारी किया है। सूचना मंत्री पॉल मोरकोस ने बृहस्पतिवार रात मंत्रिमंडल बैठक के बाद यह घोषणा की। मोरकोस ने कहा कि स्टारलिंक मस्क की एक अन्य कंपनी स्पेसएक्स की ओर से संचालित उपग्रहों के माध्यम से पूरे लेबनान में इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध कराएगी।







# यरुशलम के बाहर होटल में दो लोगों पर चाकू से हमला

यरूशलम। फलस्तीन के एक कर्मचारी ने शुक्रवार को यरुशलम के बाहर एक होटल में दो मेहमानों पर चाकू से हमला किया। इस हमले को इजराइली पुलिस ने आतंकवादी हमला बताया है। इस सप्ताह इस क्षेत्र में यह दूसरा हमला है। पुलिस के अनुसार, कर्मचारी एक होटल के रसोईघर से बाहर आया और भोजन कक्ष में दो मेहमानों पर चाकू से हमला कर दिया। इसने बताया कि एक पुलिस अधिकारी और होटल के प्रबंधक ने हमलावर से तब तक मुकाबला किया जब तक कि अन्य अधिकारी वहां नहीं पहुंच गए और उसे गिरफ्तार नहीं कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि उसने लगभग 50 और 25 वर्ष की आयु के दो लोगों को निकटवर्ती एक अस्पताल में पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि दोनों लोगों पर चाकू से हमला किया गया तथा वृद्ध व्यक्ति की हालत गंभीर है।

# अल्बानिया ने की एआई मंत्री को शामिल करने की घोषणा

तिराना। अल्बानिया के नेता ने शुक्रवार को कहा कि उनके नए मंत्रिमंडल में एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता मंत्री शामिल होगी जो सार्वजनिक वित्त पोषण परियोजनाओं के सुचारू संचालन और सरकारी निविदाओं में भ्रष्टाचार से लड़ने की प्रभारी होगी। प्रधानमंत्री एडी रामा ने कहा कि डिएला, जिसके नाम का अल्बानियाई भाषा में अर्थ सूर्य है, मंत्रिमंडल की एक ऐसी सदस्य है जो शारीरिक रूप से मौजूद नहीं है, बल्कि एआई से आभासी रूप से बनाई गई है। रामा ने कहा कि डिएला यह सुनिश्चित करने में मदद करेगी कि सरकारी निविदाएं 100 प्रतिशत भ्रष्टाचार मुक्त हों। पारंपरिक अल्बानियाई लोक पोशाक पहने डिएला को इस साल की शुरुआत में ई-अल्बानिया सार्वजनिक सेवा मंच पर एक आभासी सहायक के रूप में पेश किया गया था।



Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com